धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार
15.01.2025
* नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 185



12 पीएम ने मिशन मौसम का किया शुभारंभ

## न्यूज डायरी

### आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने दिया इस्तीफा

**रांची।** आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसकी पुष्टि नीरू शांति भगत ने खबर मन्त्र से बातचीत में स्वयं की है। बताते चलें कि विधानसभा चुनाव में नीरू शांति भगत लोहरदगा से आजसू की उम्मीदवार थी। वे पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है वे जल्द ही झामुमो का दामन थाम सकती हैं। विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की थी।

### छतरपुर में सड़क दुर्घटना दो लोगों की मौत

**छतरपुर।** पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र में दो बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी है जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के खेंद्रा में मकर संक्रांति के मौके पर मेला लगता है। मेला से एक बाइक छतरपुर की तरफ जा रही थी, जबकि दूसरी बाइक हुसैनाबाद की तरफ जा रही थी। खेंद्रा में ही दोनों बाइक की आपस में टक्कर हो गई। जिसमें यह घटना हुई।

### हथियार के बल पर एक लाख रुपये की लूट

**पलामू।** जिले के हैदरनगर में मंगलवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने हथियार के बल पर भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) के कर्मचारी से एक लाख रुपये लूट लिए। जानकारी के अनुसार तीन बदमाश बाइक से पहुंचे। अपराधी पिस्टल सटाकर रुपये मांगे। पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

### राजौरी में लैंडमाइन धमाका, 6 सैनिक घायल

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक लैंडमाइन विस्फोट में छह सैनिक घायल हो गए। यह घटना राजौरी के नौशेरा सेक्टर में आज मंगलवार सुबह करीब 10 :45 बजे हुई। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि गश्त के दौरान एक सैनिक ने गलती से लैंडमाइन पर कदम रख दिया जिससे यह धमाका हुआ और छह सैनिक घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति स्थिर बताई है।

### पीएम तीन नौसैनिक युद्धपोत राष्ट्र को करेंगे समर्पित

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोत (आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर) राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि प्रधानमंत्री 15 जनवरी को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। वे दोपहर करीब 3 :30 बजे नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का भी उद्घाटन करेंगे। तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों का जलावतरण भारत के रक्षा विनिर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक नेता बनने के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है।

## बजट सत्र 24 फरवरी से, राज्यपाल ने दी मंजूरी

# तीन मार्च को पेश होगा 2025-2026 का बजट

**झारखंड विधानसभा**

- बजट सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम जारी।
- बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा और 27 मार्च तक चलेगा।
- इस बार का बजट सत्र 20 दिनों का होगा, 20 दिनों में 9 दिन अवकाश रहेगा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को राज्यपाल की मंजूरी मिल गयी है। बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा और 27 मार्च तक चलेगा। औपबंधिक कार्यक्रम के अनुसार 3 मार्च 2025 को राज्य सरकार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करेगी। इस बार का बजट सत्र 20 दिनों का होगा। 20 दिनों में 9 दिन अवकाश रहेगा। पहले दिन 24 फरवरी 2025 को नये सदस्यों के शपथ ग्रहण के अलावा राज्यपाल का अभिभाषण और शोक प्रकाश होगा। अंतिम दिन 27 मार्च को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक और गैर सरकारी संकल्प लाये जायेंगे। वहीं 27 फरवरी को पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 का तीसरा अनुपूरक बजट सरकार सदन में लायेगी।



### 24 फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण

बजट सत्र के पहले दिन 24 फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। देश की दिवंगत विभूतियों को इस दिन याद किया जायेगा। उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जायेगी। वहीं 25 फरवरी को पूरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर पक्ष-विपक्ष के सदस्य चर्चा करेंगे। 3 मार्च को मुख्य बजट पेश किया जायेगा। इसके बाद दूसरी पाली में 24 मार्च तक इस पर चर्चा होगी। 25 मार्च को राजकीय विधेयक और राजकीय कार्य होंगे।

### औपबंधिक कार्यक्रम का विवरण

| | |
|---|---|
| 24 फरवरी | नए सदस्यों का शपथ, राज्यपाल का अभिभाषण, शोक प्रकाश। |
| 25 फरवरी | प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद। |
| 26 फरवरी | अवकाश। |
| 27 फरवरी | प्रश्नकाल, वित्त वर्ष 2024-25 का तीसरा अनुपूरक बजट, पेश होगा, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। |
| 28 फरवरी | प्रश्नकाल, अनुपूरक पर चर्चा। |
| 01-02 मार्च | अवकाश। |
| 03 मार्च | वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट। |
| 04 मार्च-07 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद। |
| 08-09 मार्च | अवकाश। |
| 10 मार्च-11 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद। |
| 12 से 16 मार्च तक | अवकाश। |
| 17 मार्च-21 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद। |
| 22-23 मार्च | अवकाश। |
| 24 मार्च | प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, विनियोग विधेयक। |
| 25 मार्च | प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक। |
| 26 मार्च | प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य। |
| 27 मार्च | प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प होगा। |

**महाकुंभ-2025**

# पहले अमृत स्नान में नागा साधु रहे आकर्षण का केंद्र



महाकुंभ 2025 के प्रथम अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का दर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवार लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे। अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभायात्रा में कुछ नागा साधु घोड़े पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुंभ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया।

### महाकुंभ भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम : नरेंद्र मोदी



मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर अपनी आस्था व्यक्त की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महाकुंभ को भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम बताया।

### 3.5 करोड़ से अधिक लोगों ने लगायी डुबकी

महाकुंभ के पहले अमृत (शाही) स्नान पर अखाड़ों और नागा संन्यासियों की अवधूती शान से मंगलवार को संगम पर सनातनी आस्था का वैभव मुखर हो उठा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक समाचार लिखे जाने तक साढ़े तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। हालात संभालने के लिए आर्मी को भी स्टैंड बाई मोड पर रखा गया है। सभी 13 अखाड़ों के संत स्नान कर चुके हैं।

## झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी

# 18 जनवरी तक बादल व कोहरा का रहेगा असर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 18 जनवरी तक बादल छाये रहेंगे। इस दौरान कोहरे का भी असर रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिख रहा है। विभाग से जारी रिपोर्ट के अनुसार 15 जनवरी को राज्य के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**छह जिलों में घना कोहरा का साया :** 15 जनवरी को छह जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा। लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में इसका असर दिखने को मिलेगा। बाकी जिलों में भी हल्के और मध्यम दर्जे का कोहरा रहेगा।

### अगले चार दिनों तक मौसम में बदलाव नहीं

मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक मौसम में बदलाव की संभावना नहीं है। न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना है। बीते 24 घंटे के दौरान सरायकेला का तापमान सबसे अधिक 28 .9 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि नेतरहाट में न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### पीएचइडी के क्षेत्रीय मुख्य अभियंता का कार्यालय अटैच

**रांची।** 29 साल से बकाया राशि वसूलने की दिशा में अदालत ने मंगलवार को डोरंडा स्थित जल एवं स्वच्छता विभाग के क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय की चल एवं अचल संपत्ति को अटैच कर लिया है। यह कार्रवाई सब जज प्रथम चंद्रभान कुमार की अदालत की ओर से एग्जीक्यूशन केस नंबर 16/2002 के तहत की गयी है। यह मामला रांची के हिनू स्थित सिंह इलेक्ट्रिकल एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी ने दर्ज कराया था। दर्ज मामले में कोर्ट से अनुरोध किया गया था कि मध्यस्थ द्वारा उसके पक्ष में 51 लाख रुपया का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। आवेदन में बताया गया है कि सिंह इलेक्ट्रिकल एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी ने वर्ष 1994-95 में गुमला में चापाकल गाड़ने का काम किया था। उक्त विभाग के तत्कालीन क्षेत्रीय मुख्य अभियंता ने काम कंपनी को सौंपा था। 60 फीसदी कार्य संपादित कर दिया गया था। इसका भुगतान जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा अभी तक नहीं किया गया।

## वारदात : लोहरदगा के कुडू बस स्टैंड में दिनदहाड़े गोली चली

# ठेकेदार को मारने पहुंचे दो अपराधी हमलावर को ही लगी गोली, मौत

- अपराधी सुभाष जयसवाल (अब मृत) की तलाश कर रही थीं रांची पुलिस, पंडरा में 13 लाख की लूटकांड का था आरोपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के कुडू बस स्टैंड पर मंगलवार सुबह नौ बजे सरेआम गोली चली। बस स्टैंड के ठेकेदार संतु पासवान को दो अपराधी गोली मारने आए थे। मगर गोली ठेकेदार संतु पासवान को न लगकर दूसरे हमलावर के ही सिर पर जा लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। गोली चलाने वाले अपराधी की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के टाटी गांव निवासी इनामुल अंसारी उर्फ मंगरा के रूप में हुई है, जबकि गोली से मरने वाला रांची निवासी वांटेड अपराधी सुभाष जायसवाल बताया जा रहा है।



बता दें कि रांची पुलिस सुभाष जायसवाल की तलाश में जुटी हुई थी। रांची के पंडरा में हुए 13 लाख रुपए की लूटकांड में सुभाष जायसवाल आरोपी था। घटना के बाद बड़ी संख्या में आक्रोशित स्थानीय लोग जमा हो गए। बताया जा रहा है कि संतु पासवान पर पहली गोली सुभाष ने चलाई थी मगर गोली संतु के मोबाइल में लगी, जिसकी वजह से उसकी जान बच गयी। दूसरी गोली इनामुल ने चलायी, मगर गोली उसके साथी अपराधी सुभाष को लग गयी।

गौरतलब है कि पिछले साल फरवरी में कुडू बाजार के ठेकेदार मंगलू पासवान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। संतु पासवान इसी मंगलू पासवान का छोटा भाई है। मंगलू पासवान की हत्या के मामले में पकड़े गए सभी आरोपी जमानत पर बाहर हैं। पिछले कुछ समय से दिवंगत मंगलू पासवान के भाइयों और परिवार वालों को कोर्ट में गवाही नहीं देने को कहकर धमकाया जा रहा था। इसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। ताजा घटना को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

इधर इस घटना के बाद दूसरे हमलावर इनामुल अंसारी को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पूरे मामले पर पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की आगे की जांच कर रही है।

### आज की यूजीसी-नेट की परीक्षा स्थगित

**रांची।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 15 जनवरी को होने वाली यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित कर दी है। हालांकि 16 जनवरी की परीक्षा अपने निर्धारित समय पर होगी। स्थगित परीक्षा का आयोजन कब होगा, एनटीए ने इसकी जानकारी नहीं दी है। आधिकारिक वेबसाइट पर नयी तारीखों के अनुसार एडमिट कार्ड भी जारी किये जायेंगे।

**त्योहारों के कारण परीक्षा की गयी स्थगित :** जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को कई सिफारिशें मिली थीं, जिनमें पोंगल, मकर संक्रांति और अन्य त्योहारों के मद्देनजर 15 जनवरी की परीक्षा को स्थगित करने की मांग की गयी थी।

**कल 17 विषयों की होनी थी परीक्षा :** बता दें कि 15 जनवरी को कुल 17 विषयों की परीक्षा होनी थी, जिनमें जनसंचार एवं पत्रकारिता, संस्कृत, नेपाली, कानून, जापानी, महिला अध्ययन, मलयालम, उर्दू, कोंकणी, अपराध विज्ञान, लोक साहित्य, इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, और भारतीय ज्ञान प्रणाली शामिल थे।

## अब तक बजट का 57% और केंद्रीय बजट का 34 फीसदी ही खर्च कर पायी राज्य सरकार

# अगले ढाई माह बजट की राशि खर्च करना चुनौती



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के विभिन्न विभागों और अनुषंगी ईकाईयों के लिए अगले ढाई माह में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट की 47 फीसदी राशि खर्च करना बड़ी चुनौती बन गयी है। वहीं इन ढाई महीनों में केंद्रीय योजनाओं की राशि का भी 66 फीसदी राशि खर्च करनी है। हालांकि राज्य सरकार के स्तर पर सभी चालू योजनाओं को समय से पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

बताते चलें कि झारखंड में वित्त वर्ष 2024-25 के बजट की अब तक 56.89 फीसदी ही राशि खर्च हो पायी है। वित्त वर्ष 2024-25 का कुल बजट एक लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपए का है। इसमें अब तक 71 हजार 833 करोड़ रुपए खर्च हो चुका है। वहीं केंद्रीय योजना के लिए 13812 करोड़ 34 लाख 92 हजार 360 रुपए का बजट है। इसमें से अब तक 4776 करोड़ 71 लाख 45 हजार 916 रुपए ही खर्च हुए हैं। इस हिसाब से केंद्रीय योजना की राशि का सिर्फ 34 फीसदी ही खर्च हुआ है।

बताते चलें कि स्टेट स्कीम के लिए 1 लाख 863 करोड़ 24 लाख 65 हजार 418 रुपए का बजट है। इसमें से 65 हजार 268 करोड़ 70 लाख 84 हजार 500 रुपए खर्च हो चुके हैं। इस हिसाब से स्टेट स्कीम के तहत 60.08 फीसदी राशि खर्च हो चुकी है। ओवर ऑल 56.89 फीसदी ही राशि खर्च हुई है।

### अब तक 2789 योजनाओं को मिल चुकी है स्वीकृति

अब तक विभिन्न विभागों और उनके अनुषंगी ईकाईयों की 2789 योजनाओं को स्वीकृति मिली है। इसके तहत 88 हजार 555 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इसमें महिला बाल विकास के लिए 16 हजार 253 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। पंचायती राज को एक हजार 285 करोड़, ग्रामीण कार्य को पांच हजार 69 करोड़, ग्रामीण विकास को 11 हजार 217 करोड़, कृषि को दो हजार 309 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### किस विभाग के लिए कितनी राशि स्वीकृत

| विभाग/अनुषंगी ईकाई | स्वीकृत राशि | | |
|---|---|---|---|
| कृषि | 2309 करोड़ | जेपीएससी | 71.11 करोड़ |
| पशुपालन | 258 करोड़ | योजना विकास | 363.69 करोड़ |
| भवन निर्माण | 799 करोड़ | राजभाषा | 23.24 करोड़ |
| नागर विमानन | 75 करोड़ | आपदा प्रबंधन | 904.55 करोड़ |
| सहकारिता | 579 करोड़ | भूराजस्व | 133 करोड़ |
| ऊर्जा | 9363 करोड़ | पथ निर्माण | 5910 करोड़ |
| उत्पाद | 8.24 करोड़ | तकनीकी शिक्षा | 132.56 करोड़ |
| वित्त | 3.71 करोड़ | सूचना प्रौद्योगिकी | 53.96 करोड़ |
| इंटरेस्ट पेमेंट | 304.50 करोड़ | पर्यटन | 272 करोड़ |
| रिपेमेंट ऑफ लोन | 929 करोड़ | परिवहन | 115.32 करोड़ |
| कॉमर्शियल टैक्स | 2.75 करोड़ | नगर विकास | 1073.94 करोड़ |
| खाद्य आपूर्ति | 1804 करोड़ | जलसंसाधन | 3820 करोड़ |
| वन विभाग | 938.50 करोड़ | लघु सिंचाई | 197 करोड़ |
| स्वास्थ्य | 46,885 करोड़ | पिछड़ा वर्ग कल्याण | 3038 करोड़ |
| उच्च शिक्षा | 219.87 करोड़ | कला-संस्कृति | 254.59 करोड़ |
| गृह विभाग | 456.32 करोड़ | मत्स्य | 134.97 करोड़ |
| उद्योग विभाग | 429.74 करोड़ | डेयरी | 194.37 करोड़ |
| सूचना जनसंपर्क | 279.96 करोड़ | ग्रामीण कार्य | 5069.93 करोड़ |
| श्रम विभाग | 947.64 करोड़ | पंचायती राज | 1285.73 करोड़ |
| खान विभाग | 28.86 करोड़ | हाउसिंग | 63.14 लाख |
| अल्पसंख्यक कल्याण | 318.21 करोड़ | माध्यमिक शिक्षा | 1378.26 करोड़ |
| कार्मिक | 36.41 करोड़ | प्राथमिक शिक्षा | 8605 करोड़ |
| | | महिला बाल विकास | 16253.72 करोड़ |

# परीक्षा पे चर्चा के लिए 3.5 करोड़ पंजीकरण

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा-2025 के लिए 3.5 करोड़ से अधिक पंजीकरण हुआ है। यह कार्यक्रम छात्रों के परीक्षा तनाव को कम कर इसे उत्सव के रूप में बदलने का प्रयास करता है। इस बार 3.5 करोड़ से ज्यादा छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें 328.66 लाख छात्र, 20.59 लाख शिक्षक और बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल हैं। शिक्षा मंत्रालय ने इसे एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बताते हुए इसकी बढ़ती लोकप्रियता की सराहना की है। पिछले साल के मुकाबले इस बार अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। वहीं 2024 में हुए 7वें संस्करण में 2.26 करोड़ पंजीकरण हुए थे। इस साल 14 दिसंबर 2024 से शुरू हुआ पंजीकरण 14 जनवरी 2025 को




अंतिम दिन समाप्त गया। यह कार्यक्रम छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और परीक्षाओं को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने के लिए प्रेरित करने में एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। इसके तहत 12 जनवरी से 23 जनवरी तक स्कूलों में कई गतिविधियां आयोजित की जानी है।

बता दें कि परीक्षा पे चर्चा एक ऐसा अनूठा मंच है, जहां प्रधानमंत्री छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करते हैं। वे परीक्षा के दौरान तनाव को दूर करने और इसे खुशी का अवसर बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। यह कार्यक्रम केवल परीक्षा से संबंधित चर्चा नहीं है, बल्कि जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश देता है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 73600 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94000 | रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



# साइबर अपराध का झारखंड मॉड्यूल है खतरनाक

## नये साल में झारखंड पुलिस के लिए बना परेशानी का शबब

सत्येन्द्र

**रांची।** देश और दुनिया में साइबर क्राइम को लेकर झारखंड बदनाम रहा है। खासकर इस मामले को लेकर झारखंड का जामताड़ा जिला,जिसका नाम लगभग हर केस में सामने आता है। कई राज्यों की पुलिस यहां आकर कार्रवाई भी कर चुकी है। आलम ऐसा है कि इस जिले के नाम पर ओटीटी पर एक वेब सीरीज भी बनाई गयी है। जिसमें यहां से जुड़े साइबर क्राइम के कई तथ्यों को नाटकीय तरीके से दशार्या गया है।

हालांकि साइबर क्राइम के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है न सिर्फ जामताड़ा बल्कि झारखंड के हर जिले में इसको लेकर प्रशासन सख्त है। राज्य में पिछले 6 वर्षों के दौरान 5146 साइबर अपराधी पकड़े गए। पुलिसिया शिकंजे का आलम यह है कि कई जिलों की जेलों में कैदियों की संख्या में सबसे ज्यादा साइबर अपराधी हैं।इसके बावजूद आए दिन किसी न किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है।

**क्या है गिरफ्तारी के आंकड़े**

झारखंड देशभर में साइबर अपराधियों के खिलाफ सबसे ज्यादा कार्रवाई करने वाला राज्य है। सीआईडी से मिले आंकड़े बताते हैं कि झारखंड में वर्ष 2019 से लेकर दिसंबर 2024 तक कुल 5146 साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए। साल 2024 में कुल 1003 साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए। साल 2019 में 537, 2020 में 1022, 2021 में 1188, 2022 में 526, 2023 में 870 और साल 2024 में 1003 साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए।

**छह साल में कितने कांड दर्ज**

इस लिस्ट में राजधानी रांची टॉप पर है। जहां साइबर ठगी के सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। साल 2019 से साइबर अपराध के आंकड़ों पर गौर करें तो 2019 में राजधानी में 481 मामले रिपोर्ट हुए, 2020 में ये मामले घट कर 286 हो गए, 2021 में 257, 2022 में 257 और साल 2023 में 234 और साल 2024 में 185 मामले दर्ज किए गए।

इसके अलावा कुल आंकड़ों को साल के हिसाब से देखें तो 2019 में 1385 केस, 2020 में 1240, 2021 में 1050, 2022 में 901, 2023 में 893 और साल 2024 में 714 साइबर अपराध के केस दर्ज किए गए हैं।



**बाकी जिलों की स्थिति :** साइबर अपराधी के लिए सुर्खियों में रहे धनबाद में 2019 से लेकर 2024 तक कुल 616 मामले रिपोर्ट हुए हैं। वहीं देवघर में 491, जामताड़ा में 438, जमशेदपुर में 485, हजारीबाग में 435, गिरिडीह में 389, रामगढ़ में 283, पलामू में 279, लातेहार में 264, सरायकेला में 230, बोकारो में 200, दुमका में 201, गोड्डा में 199, चतरा में 194, गढ़वा में 140, चाईबासा में 150, गुमला में 106, पाकुड़ में 95, साहिबगंज में 97, कोडरमा में 98, लोहरदगा में 85, खूंटी में 76 और सिमडेगा में 60 मामले रिपोर्ट हुए हैं।

**ट्रेसलेस स्कीम**

पुलिस और प्रतिबिंब ऐप जो कहीं से भी साइबर अपराधियों का लोकेशन न खोज ले इसके लिए भी साइबर अपराधी नई जुगत लगा चुके हैं। ये जुगत भी जामताड़ा मॉड्यूल का ही विकसित किया हुआ है। अब जामताड़ा के खेतों और कस्बों से निकल कर साइबर अपराध के नेटवर्क को अब लग्जरी कारों में बैठकर ऑपरेट किया जाने लगा है। पुलिस की ट्रैकिंग सिस्टम से बचने के लिए जामताड़ा के साइबर अपराधियों ने यह नायाब तरीका खोज निकाला है।

साइबर अपराधी अपने शिकार को लग्जरी वाहनों में बैठकर फंसा रहे हैं। लग्जरी वाहनों में बैठकर एक शहर से दूसरे शहर घूमकर पुलिस को चकमा देते हुए उसी लग्जरी वाहन से साइबर अपराधी अपने शिकार को फांस रहे हैं। जब शिकार फंस जाता है तब वह उसी शहर के एटीएम से उनका पैसा गायब कर दूसरे शहर का रुख कर लेते हैं। ऐसे में जब पुलिस उन्हें ट्रेस करती है तब उनके वास्तविक लोकेशन का पता नहीं चल पाता है। पुलिस को साइबर अपराधियों के आगे वाले स्थान का लोकेशन हासिल होता है और जब तक पुलिस वहां पहुंचती है अपराधी वहां से अपने शहर पहुंच चुके होते हैं। जहां से उन्हें ढूंढ पाना पुलिस के लिए काफी मुश्किल भरा काम होता है।

**क्या है बरामदगी का आंकड़ा**

साल 2019 से लेकर 2024 तक पूरे झारखंड में 9000 मोबाइल फोन, 14 हजार 400 सिम कार्ड, 3834 एटीएम कार्ड, 2003 पासबुक, 600 चेकबुक, 170 लैपटॉप, 472 मोटरसाइकिल, 120 चार पहिया वाहन, चार क्वैश मशीन, 37 स्वाइप मशीन और 16 राउटर बरामद किया गया है। इसके साथ ही इस दौरान हुई कार्रवाई में साइबर अपराधियों के पास से लाखों रुपये भी जब्त हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार साल 2019 में 26 लाख 05 हजार 550, 2020 में 93,86, 670, 2021 में 64,52,645, 2022 में 15,48,693, 2023 में 13,90,410 और साल 2024 में 29 लाख 5 हजार 785 रुपए साइबर अपराधियों से जब्त किए गए हैं।

### साइबर अपराध नहीं साइबर क्रिमिनल बढ़े हैं : डीजीपी



**झारखंड** के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पिछले दिनों एक मीडिया से बात करते हुए कहा था कि झारखंड में साइबर अपराध का ग्राफ बढ़ा है यह नहीं कह सकते हैं। साइबर अपराधी बढ़े हैं, यह भी अभी सटीक नहीं कहा जा सकता है। लेकिन यह तय है कि हम कार्रवाई बहुत सटीक कर रहे है। डीजीपी के अनुसार झारखंड के बाहर से हो रही साइबर ठगी के आकड़ों को झारखंड से जोड़कर नहीं देखा जा सकता है। डीजीपी के अनुसार साइबर अपराध का आंकड़ा हम डायल 1930 पर आई शिकायतों पर करते हैं। इसमें झारखंड से बाहर के मामले भी रिपोर्ट होते हैं।

**प्रतिबिंब ऐप देशभर के लिए बेहतर साबित हो रहा है :** झारखंड के डीजीपी ने बताया था कि झारखंड सीआईडी के द्वारा बनाए गए प्रतिबिंब ऐप के जरिए देश भर में 2000 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। इस ऐप से साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल नंबर की मैपिंग की जाती है। मैपिंग के आधार पर उनके मोबाइल सिम और उससे जुड़े बैंक खाते को फ्रिज करवाया जाता है।

झारखंड सीआईडी ने साइबर अपराधियों के द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे सिम कार्ड का डाटा बेस तैयार कर प्रतिबिंब ऐप पर फीड करती है। साथ ही ठगी के लिए जिन इलाकों का इस्तेमाल सर्वाधिक हो रहा है, उसकी मैपिंग भी की जा रही है। जिसे सीआईडी के प्रतिबिंब पोर्टल पर रजिस्टर किया जाता है। सिम कार्ड और ठगी के लिए जहां से फोन किए जा रहे हैं, उन इलाकों की भी मैपिंग की जा रही है। प्रतिबिंब में उन सारे नंबर्स को दर्ज किया जाता है, जिनका इस्तेमाल साइबर ठगी में देशभर में कहीं भी किया जा रहा है।

साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे इन नंबर्स को राज्य के संबंधित जिले के एसपी को भेजा जाता ताकि उन नंबर्स को ब्लॉक कराया जा सके। ऐसे मामलों में पुलिस एफआईआर होने का इंतजार नहीं करती, इसमें सीधे मिली सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। प्रतिदिन में हर दिन 4 से 5 हजार कंप्लेंट आते हैं। प्रतिबिंब ऐप साइबर अपराध को लेकर एक बड़ा गेम चेंजर बना है। इसके जरिए झारखंड से अलग दूसरे राज्यों में भी बड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### चुनौती के बावजूद बेहतर काम कर रही झारखंड पुलिस

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की माने तो झारखंड में न सिर्फ साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हो रही है बल्कि पिछले 1 साल के अंदर हजारों सिम कार्ड, लैपटॉप, मोबाइल फोन, वाहन, पासबुक और एटीएम कार्ड भी जब्त किए गए हैं। झारखंड पुलिस प्रतिबिंब ऐप के जरिए लगातार साइबर अपराधियों पर प्रहार कर रही है जो आगे भी जारी रहेगा।

### साइबर क्राइम के लिए सबसे ज्यादा बदनाम हैं ये जिले

झारखंड के चार जिले जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह और देवघर साइबर अपराध के लिए देशभर में बदनाम हैं। लेकिन आज के दौर में भी सबसे खतरनाक जामताड़ा ही है, उसके बाद देवघर और गिरिडीह है। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच की रिपोर्ट के अनुसार आज भी साइबर अपराध के देश के सबसे पुराना मॉड्यूल जामताड़ा ही सबसे ज्यादा एक्टिव है और ये काफी खतरनाक भी है। साइबर अपराधियों ने जामताड़ा मॉड्यूल का विस्तार कर दिया है। जिसकी वजह से रिकार्ड में जामताड़ा नहीं आता है। लेकिन क्राइम वहीं से हो रहा या फिर जामताड़ा के साइबर अपराधी दूसरे राज्यों में जाकर क्राइम कर रहे हैं। ऐसी बातें भी कई मामलों की जांच के दौरान सामने आई हैं।

**जामताड़ा मॉड्यूल का विस्तार :** पिछले दो वर्ष के दौरान सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के जांच में साइबर अपराधियों का विदेशी कनेक्शन सामने आ रहा है। दरअसल विदेशी कनेक्शन को साइबर अपराध की दुनिया में लाने का श्रेय भी जामताड़ा मॉड्यूल को ही जाता है। साइबर अपराध को लेकर जब झारखंड का जामताड़ा जिला बदनाम हुआ और देशभर की पुलिस जामताड़ा में छापेमारी कर साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने लगी। इसके बाद जामताड़ा मॉड्यूल को हाईटेक करते हुए उसका कनेक्शन विदेश से कर दिया गया। पहले जो ठगी के पैसे देश के अंदर फर्जी डॉक्यूमेंट पर खोले गए बैंक खाते में जाते थे अब वही पैसा विदेशी अकाउंट में जाने लगा। झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता के अनुसार आज के दौर में भी जामताड़ा, देवघर और गिरिडीह माड्यूल साइबर अपराध के लिए बदनाम है।

## खबर एक नजर में

### राहुल गांधी से जुड़े मामले में सुनवाई टली



**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में मानहानि का सामना कर रहे लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थित से छूट की मांग वाली याचिका पर एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई टल गयी है। अदालत ने 9 दिसंबर को ही आदेश सुरक्षित रख लिया था। जो 23 दिसंबर को आदेश सुनाई जानी थी। उस दिन भी अदालत नहीं बैठी थी। इसके कारण याचिका पुनरू सुनवाई पर चली गई है। अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में अदालत ने राहुल गांधी को उपस्थित होने के लिये समन जारी किया है। समन जारी होने के बाद उनकी ओर से सीआरपीसी की धारा 205 के तहत व्यक्तिगत उपस्थित से छूट के लिये बीते 14 अगस्त को याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी के खिलाफ रांची के रहने वाले नवीन झा ने सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया है।

### नगर निकाय चुनाव के प्रति सरकार उदासीन : मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि नगर निकाय चुनावों के प्रति उदासीनता और उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर हेमंत सरकार जनता की लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने भी न्यायालय को अवगत कराया है कि हेमंत सरकार आवश्यक सहयोग प्रदान नहीं कर रही है। नगर निकाय चुनावों को टालकर हेमंत सरकार प्रशासकों के माध्यम से इनके संचालन का काम कर रही है। इन प्रशासकों के संरक्षण में नगर निकायों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का बोलबाला बढ़ रहा है। बिना निर्वाचित प्रतिनिधित्व के नागरिक हितों की अनदेखी कर हेमंत सरकार बड़े घोटाले को अंजाम दे रही है।

### बदले जायेंगे कई अंचल के सीओ और रजिस्ट्रार, तैयारी में विभाग

**रांची।** झारखंड में अगले कुछ दिनों में भूमि निबंधन एवं राजस्व विभाग के कई अधकारियों का तबादला किये जाने की तैयारी है। पुख्ता जानकारी के मुताबिक, रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, देवघर, सरायकेला और खूंटी समेत अन्य कई जिलों में पदस्थापित रजिस्ट्रार और सीओ के ट्रांसफर की लिस्ट बनकर तैयार हो चुकी है। विभागीय मंत्री से सहमति मिलने के बाद लिस्ट जारी कर दी जायेगी। इस बार होने वाली ट्रांसफर पोस्टिंग में नये बैच के अधिकारियो को भी जगह मिल सकती है। जमशेदपुर, चतरा और रांची जिले के अवर निबंधक भी बदले जा सकते हैं। बताते चलें कि कई जिलों में सीओ और रजिस्ट्रार लंबे समय से जमे हुए हैं।

### आजसू की छह सदस्यीय समिति मधुबन में हुई घटना की करेगी जांच

**रांची।** नौ जनवरी को धनबाद के मधुबन में घटित घटना की जानकारी के लिए आजसू पार्टी ने छः सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति का गठन केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार किया गया है। यह समिति घटना में प्रभावित परिवारों से मिलकर घटना की पूर्ण जानकारी लेगी। इसके बाद प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीयों से मिलकर अभी तक हुई कार्रवाई की के बारे में जानकरी भी प्राप्त करेगी। 15 जनवरी कमेटी के मेंबर धनबाद जाएंगे। विस्तृत रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपेगी। **समिति में शामिल सदस्य :** 1. निर्मल महतो (विधायक मांडू), 2. लम्बोदर महतो (पूर्व विधायक गोमिया), 3. पंकज श्रीवास्तव (पूर्व न्यायाधीश), 4. सुबोध प्रसाद (पूर्व डीआईजी), 5. राजेंद्र मेहता (प्रधान सचिव), 6. राधेश्याम गोस्वामी (प्रधान सचिव)

### नगरपालिकाओं के पास व्यवसायिक भवनों का ब्यौरा होगा तैयार

**रांची।** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने राज्यभर में नगरपालिकाओं के पास व्यासायिक भवनों का ब्यौरा तैयार कर राजस्व उगाही के कार्य करने को कहा है। सचिव ने कहा है कि राज्य में अब भी कई ऐसे व्यावसायिक भवन हैं, जिनका ब्यौरा सही तरीके से नही रखा जा रहा है और न ही उसका किराया निर्धारण और वसूली सही तरीके से हो रहा है। ऐसे में डीजीटलाईजेशन ऑफ मुनिसिपल एसेट्स के तहत राज्यभर में नगर निकायों के परिसंपत्तियों का डीजीटलाईजेशन कराकर उससे आनेवाले लाभांश को बढ़ाने का निर्देश उन्होंने दिया है।

**राज्य में संपत्ति कर बढ़ रहा :**15वें वित्त आयोग के अनुरुप संपत्ति कर में किए गए सुधारों के कारण कर संग्रहण में वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने बताया कि 2020-21 में इस मद में कर संग्रहण 147 करोड़ रुपया था जो 2023-24 में बढ़कर 220 करोड़ रुपया हो गया है। हालांकि अभी कई क्षेत्रों में सुधार की संभावना है।

### निधि खरे को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** झारखंड कैडर की आईएएस अधिकारी और उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। निधि खरे, झारखंड कैडर की 1992 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वे पहले झारखंड में स्वास्थ्य, कार्मिक प्रशासनिक और वाणिज्यकर विभाग की प्रधान सचिव के रूप में कार्य कर चुकी हैं। उनकी गिनती तेज तर्रार अधिकारियों में होती है।

**देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता है मंत्रालय :** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार का नोडल मंत्रालय है, जो नवीन और अक्षय ऊर्जा से संबंधित मामलों की देखरेख करता है। इसका मुख्य उद्देश्य देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन और अक्षय ऊर्जा का विकास और स्थापना करना है। निधि खरे ने इस मंत्रालय में नये सचिव के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

## पूर्व सीएम रघुवर से मिले किसान मोर्चा के प्रवक्ता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री,एवं उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास के आवास पर मंगलवार को भजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रवक्ता सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह मिले। उनके भाजपा में दुबारा शामिल होने पर पुष्प गुछ देकर तथा शॉल ओढ़ाकर उन्हें बधाई दी। साथ ही मकर संक्रांति की शुभकामना भी दी।

इस दौरान राज्य में भाजपा की मजबूती के लिए श्री दास ने कई सुझाव भी दिये और उन्होंने कहा कि आज से अभी से मिलजुल कर राज्य में पार्टी की बेहतरी के लिए काम करना है। फिर से पार्टी को ऊंचाइयों तक ले जाना है। चौबीस घंटे मोदी जी के नेतृत्व में पार्टी को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करना है। मनोज सिंह ने भी झारखंड के हालात पर चर्चा की। मौके पर अनिल सिंह, अरुण तिवारी, कृष्णा कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज्यपाल संतोष गंगवार से मिले केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मंत्री ने राज्यपाल को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। वार्ता के क्रम में जनजातीय समाज के उत्थान व विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं राज्य में उनके प्रभावी कार्यान्वयन के संदर्भ में चर्चा हुई।

## दिल्ली पहुंचे केंद्रीय नेताओं से मिले आलोक दूबे, नववर्ष की दी बधाई

**रांची/नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने मंगलवार को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी मुख्यालय पहुंचकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को नववर्ष एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड कांग्रेस के प्रभारी और एआईसीसी महासचिव गुलाम अहमद मीर, एआईसीसी महासचिव मुकुल वासनिक और कांग्रेस नेत्री अलका लांबा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। श्री दूबे ने कहा कि नववर्ष पर यह संकल्प लिया गया है कि पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी की सुबह 10 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के नए कार्यालय 9 ए कोटला मार्ग इंदिरा गांधी भवन नई दिल्ली का उद्घघाटन सोनिया गांधी के कर कमलों द्वारा किया जाएगा।

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार पर लगाया 10 हजार का जुर्माना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डोमचांच के एक जल मीनार के मामले में मेसर्स एकेजी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैकलिस्टेड किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा विभाग से इंस्ट्रक्शन लेने के लिए समय मांगे जाने पर राज्य सरकार पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की यह राशि 2 सप्ताह में हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी के पास जमा करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने मामले में प्रतिवादी राज्य सरकार एवं अन्य को नोटिस जारी किया है।

दरअसल, प्रार्थी द्वारा कहा गया था कि उन्हें ब्लैकलिस्टेड किए जाने से संबंधित इंक्वारी रिपोर्ट की प्रति नहीं मिली है। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया कि इंक्वारी रिपोर्ट की प्रति प्रार्थी को दी गई है या नहीं, इस पर वह संबंधित विभाग से इंस्ट्रक्शन लेंगे। इसलिए समय दिया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि रिट दाखिल किए जाने के एक माह के समय बीत जाने के बावजूद भी सरकार की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया जा रहा है कि प्रार्थी को इंक्वारी रिपोर्ट दी गई है या नहीं। दरअसल, पेयजल स्वच्छता विभाग ने उक्त कंपनी को जल मीनार के मामले में 5 साल के लिए ब्लैकलिस्टेड किया था। इसे लेकर तीन सदस्य वाली एक कमेटी बनी थी। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मेसर्स एकेजी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैकलिस्ट किया गया। जिसे कंपनी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

## संसदीय अध्ययन केंद्र ने वित्त मंत्री को बजट का दिया सुझाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सामाजिक-आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र ने वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर को ज्ञापन सौंपकर आगामी बजट के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इन सुझावों में बजट तैयार करने के पूर्व योजनाओं का विनिश्चय, योजनाओं, कार्यक्रमों में ओनरशिप का अभाव, ट्राइबल इकोनॉमी, संसाधन अभिवृद्धि जैसे कई विषय शामिल हैं।

**ये दिए गए हैं सुझाव**

**योजनाओं का विनिश्चय:** बजट तैयार करने से पहले योजनाओं की प्राथमिकता तय करनी चाहिये।

ओनरशिप का अभाव: योजनाओं/कार्यक्रमों में ओनरशिप का अभाव दूर करने के लिए कालबद्ध कार्यान्वयन और उत्तरदायित्व निरूपित करना चाहिये।

**ट्राइबल इकोनॉमी:** झारखंड में आदिम जनजाति सहित जनजातीय आबादी 26 प्रतिशत है, इसलिए जनजातीय-आर्थिकी को समृद्ध करने के लिए योजना एवं बजट की संरचना की आवश्यकता है।

**संसाधन अभिवृद्धि:** संसाधन अभिवृद्धि के उपक्रम उत्कृष्ट बजट की पहली प्राथमिकता होनी चाहिये।

**आउटकम आधारित विनियोजन:** समाज हित में एकीकृत विकास लय के लिए कृषि, रोजगार, सिंचाई, स्वावलंबन, स्वास्थ्य में आउटकम आधारित विनियोजन आवश्यक है।

## 150 वर्ष का हुआ मौसम विज्ञान विभाग, कार्यक्रम में शामिल हुए स्कूली बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम विज्ञान विभाग के सफलतापूर्वक 150 वर्ष पूरे होने की खुशी में भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देशभर में मंगलवार को कार्यक्रमों का आयोजन किया। यह कार्यक्रम अगले दिन भी जारी रहेगा। वहीं मौसम केंद्र रांची के तत्वावधान में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंगलवार को रांची में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। बच्चों के बीच पेंटिंग, ड्रॉइंग, रंगारंग कार्यक्रम और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।




**20-25 वर्ष से जलवायु बदल रही तेजी से : मौसम निदेशक :** मौसम विभाग केंद्र रांची में देर शाम तक चलने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौसम निदेशक अभिषेक आनंद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 20-25 वर्षों से जलवायु तेजी से बदल रही है। ऐसी स्थिति में कोई कार्य बेहतर ढंग से नहीं हो पा रहे हैं। मौसम खराब होने का प्रभाव तेजी से पड़ता है। खराब मौसम में कोई कार्य नहीं हो सकता है। वहीं जहां का मौसम अच्छा होगा और जलवायु अनुकूल होगी, वहां लोगों का आना-जाना बढ़ेगा और वहां की आबादी भी बढ़ने लगेगी, क्योंकि लोग वहां के मौसम को पसंद करते हैं।

**जब तक माप नहीं करते, मौसम की जानकारी नहीं देते :** 1953 में बीआईटी मेसरा में मेनुअल एडजेस्टमेंट की शुरूआत हुई। जब तक हम माप नहीं करते, तब तक मौसम की जानकारी नहीं देते। जब माप कर लेते हैं, तब उसकी जानकारी देते हैं। गर्मी में हवा का लो प्रेशर, वहीं ठंड में हवा का हाई प्रेशर होते हैं और कई प्रकार के जलवायु परिवर्तन होते हैं। इसके लिए मौसम विभाग में विभिन्न यंत्र लगाए गए हैं, जिनसे मौसम की जानकारी हम प्रदान करते रहते हैं।

**वर्षा कब होगी, रडार से पता करके बताते हैं :** वर्षा कब होने वाली है, कितनी होगी, यह सब रडार से पता कर हम बताते हैं। झारखंड के 24 जिलों में ऑटोमेटिक मशीनें लगी हैं। खराब मौसम की जानकारी न मिलें तो विमान दुर्घटना का खतराएयरपोर्ट के पास मौसम विभाग का कार्यालय हमेशा होना चाहिए, क्योंकि विमान को पल-पल की जानकारी देनी पड़ती है। राज्य में 200 किमी तक की मौसम की जानकारी इस तकनीक के माध्यम से दी जाती है। सुपर कंप्यूटर में सभी डाटा डाले जाते हैं। यदि मौसम खराब होने की जानकारी विमान चालक को नहीं दी जाती, तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### झारखंड में बिजली अधिक गिरती है

मौसम खराब होने पर बच्चों के स्कूलों में छुप्ती कर दी जाती है। 13 जनवरी तक स्कूलों में छुप्ती की गई थी और शिक्षा विभाग ने मौसम केंद्र से जानकारी ली थी। उन्हें बताया गया था कि स्कूलों के जूनियर क्लास के बच्चों की छुप्ती कर देना उचित उपाय होगा। मौसम विज्ञान निदेशक ने बच्चों को यह भी बताया कि झारखंड में बिजली ज्यादा गिरती है। विशेष रूप से बादल और बारिश के मौसम में पेड़ के नीचे खड़े होकर नहीं रुकना चाहिए, क्योंकि ऐसी जगह बिजली गिरने का खतरा ज्यादा होता है।

**विजयी बच्चे हुए पुरस्कृत :** मौसम विभाग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में केंद्रीय विद्यालय, सुरेंद्रनाथ सेंट्रल स्कूल और अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पेंटिंग, ड्रॉइंग, गीत-संगीत और अन्य प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर मौसम केंद्र रांची के सभी वैज्ञानिक, कर्मचारी, स्कूल के छात्र और शिक्षकगण मौजूद थे।

# हुरलुंग में धूमधाम से निकली एकमासिया टुसू विदाई सह शोभा यात्रा

खबर मन्त्र टोली

**जमशेदपुर।** मंगलवार को पुस सांकराइत के दिन आदिबासि कुड़मि समाज हुरलुंग गाँव महिला संयोजक समिति के संयोजक नंदिनी महतो पुनुरिआर के अगुवाई में टुसु बिदाइ सह शोभा यात्रा कर एकमासिआ टुसु परब का समापन किया गया। मौके पर गांव व आसपास के सभी महिला पुरुष बच्चे बच्चियां अगहन सांकराइत को थापना किये गये धान रूपी अन्न महाशक्ति टुसु मात्र को चउड़ल में रखकर पारंपरिक गाजे बाजे ढोल मांदर के साथ नाचते गाते लुपुंगडीह स्वर्णरेखा नदी लड़कंदा टुसू घाट पर गये। फिर डिनि टुसु मात्र को अगले बरस फिर और अधिक खुशियां लेकर घर आने की कामना करते हुए बहते पानी में विदाई दी गयी।

मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित केंद्रीय अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो ने कहा कि यह टुसु परब जिसका मूल संबंध धान रूपी अन्न महाशक्ति से है, के सम्मान में बच्चियां टुसु पाता कर एक माह पर्यंत पूरे पुस मास हर शाम एक एक फूल देकर इसकी सेंउरन करते हैं। इसलिए इसे पुस परब भी कहते हैं और कालांतर में मकर संक्रांति के कारण मकर परब भी कहा जाने लगा। यह परब कुड़मालि संस्कृति के अंतिम परब के रूप में मूल रूप से फसल (धान) कटनी के उपरांत खुशी मनाने के लिए पूरे हर्षोल्लास के साथ मिलजुल कर मनाया जाता है। नये कपड़े, विशेष खानपान पिठा पकवान टुसु गित व नाच इस परब के अभिन्न हिस्सा हैं।

टुसु बिदाई के इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से आकुस केंद्रीय सह सचिव रामबिलास महतो,जिला सह संयोजक प्रकाश महतो, नमिता महतो, संजय महतो, उदित महतो, सूरज महतो, सुजीत महतो, विक्की महतो, अमित महतो, समाजसेवी गोपेश महतो, विशाल महतो, संतोष महतो, नरेश महतो, अजय कड़रआर, गुलशन लोहरा, लवली लोहरा, नारायण महतो, सुदर्शन महतो, प्रेम चांद महतो,प्रकाश महतो, जुगल सिंह मुंडा, उज्जवल महतो, आनंद महतो, ममताबाला महतो, मनीला महतो, लिना मुंडा, लक्ष्मी महतो, पुष्पा रानी महतो, उमा महतो, राजा महतो, दीपक महतो, रतन महतो, नवीन महतो,संटु महतो, सुनिल कुमार महतो, लाल महतो, युधिष्ठिर महतो, सु प्रसाद महतो आदि सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।





टुसू पर्व को लेकर आयोजित शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं।

## टुसू मेला का रंग





भुइयांडीह आवास पर टुसू मेले का आगाज मांदर बजा कर करते हुए वरिष्ठ झामुमो नेता एवं पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, उनकी पत्नी अंजना भुइयां, श्री ठाकुर व अन्य। और दोमुहानी तट पर चल रहे टुसू मेला में मुर्गा लड़ाई का आकर्षक नजारा देखने को मिला। हर दिन यहां मुर्गा लड़ाई पर खूब दांव ग्रामीण लगा रहे हैं।

## टुसू को राजकीय पर्व घोषित करें : कुड़मी छात्र संगठन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कुड़मि छात्र संगठन केंद्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार जी से मिलकर कुड़मालि नव वर्ष और टुसू परब की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर टुसु और पीला गामछा भी भेंट किए गए। यह एक सुंदर और सार्थक मुलाकात थी जिसमें कुड़मालि नव वर्ष और टुसू परब की शुभकामनाओं के साथ-साथ हमारे समुदाय की समृद्ध संस्कृति का भी आदान-प्रदान हुआ। संगठन ने इस अवसर पर झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कुड़मालि समुदाय की परंपराओं के बारे में भी चर्चा की। हम आप सभी बृहद झारखण्ड वासियों को कुड़मालि नव वर्ष और टुसू परब की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। हमें उम्मीद है कि यह त्योहार हमारे समुदाय को एकता और सामाजिक समरसता की भावना से भर देगा। चंदन महतो ने बताया कि , हमने राज्यपाल महोदय से टुसू पर्व को राजकीय पर्व घोषित करने की मांग की। हमने यह भी मांग की कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में टुसू पर्व का आयोजन किया जाए। इसके अलावा, हमने कुड़मालि भाषा के सर्वे में हुई त्रुटियों को सुधारने की भी मांग की। चंदन महतो ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्यपाल महोदय हमारी मांगों पर विचार करेंगे और टुसू पर्व को राजकीय पर्व घोषित करने के लिए आवश्यक कदम उठायेंगे।



राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते कुडमी समाज के युवा।

## मकर पर्वः नूतनडीह में परंपरा व संस्कृति से जुड़ी खेलकूद प्रतियोगिता, रोलडीह की ऊषा विजेता



**जादूगोड़ा।** मकर पर्व पर जादूगोड़ा स्थित नूतनडीह गांव में परंपरा व संस्कृति जुड़ी खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका मकसद कार्यक्रम के जरिए ग्रामीणों को एकत्रित कर मकर पर्व की खुशहाली बांटना। मौके आदिम निवासी जुआन अखाड़ा के निर्देशक सिद्धेश्वर सरदार, अखाड़ा के अध्यक्ष रामेश्वर सरदार समेत ग्राम प्रधान बृहस्पति सरदार की अगुवाई में हंडी होड, बम धमाका,चम्मच गोली रेस, मेढक रेस बिस्कुट रेस, बैलून फोड, दोना व पत्तल बनाना समेत दर्जनों प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम के अंत में समारोह के मुख्य अतिथि सिदेश्वर सरदार ने श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व रस्सी बनाना प्रतियोगिता में रोलडीह की ऊषा सरदार वही हंडी फोड में आरती सरदार को मिला प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके ओर मुख्य अतिथि सिदेश्वर सरदार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव के युवा राष्ट्रीय स्तर पर नूतनडीह गांव का नाम रौशन कर रहे है । गांव की सविता सरदार ने संथाल परगना में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लेकर पूरे गांव का नाम रौशन किया।

## स्पीड न्यूज

### कई ट्रेनों में अस्थायी तौर पर कोच बढ़ाये गये

**जमशेदपुर।** यात्रियों की सुविधा के लिए रांची रेल मंडल से परिचालित निम्नांकित ट्रेनों में अस्थायी तौर पर कोच संयोजन में वृद्धि की गयी है।

**1. ट्रेन संख्या 18640 रांची:** आरा एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 15/01/2025 से 31/03/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

**2. ट्रेन संख्या 18639 आरा :** रांची एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 16/01/2025 से 01/04/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

**3. ट्रेन संख्या 18619 रांची :** गोड्डा एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 15/01/2025 से 31/03/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

**4. ट्रेन संख्या 18620 गोड्डा :** रांची एक्सप्रेस में यात्रा प्रारंभ दिनांक 16/01/2025 से 01/04/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

**5. ट्रेन संख्या 18611 रांची :** बनारस एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 15/01/2025 से 31/03/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

**6. ट्रेन संख्या 18612 बनारस :** रांची एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 16/01/2025 से 01/04/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

**7. ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला :** जयनगर एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 15/01/2025 से 31/03/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

**8. ट्रेन संख्या 18106 जयनगर :** राउरकेला एक्सप्रेस में यात्रा प्रारंभ दिनांक 16/01/2025 से 01/04/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

### संतमत सत्संग आश्रम का अधिवेशन आज से

**गम्हरिया।** संतमत सत्संग आश्रम, धीराजगंज का 33वां दो दिवसीय जिला वार्षिक अधिवेशन 15 जनवरी से शुभारंभ किया जायेगा। इस अधिवेशन में हिंदूपीठ कुप्पाघाट भागलपुर से महान तपोनिष्ठ संत पूज्यपाद स्वामी श्री प्रमोदानंदजी महाराज, स्वामी श्री निर्मलानंदजी महाराज, स्वामी सत्यप्रकाश जी महाराज एवं स्वामी परमानंदजी महाराज शामिल होंगे। यह जानकारी जिला संतमत सत्संग के प्रचारक कमलेश शर्मा व राम किशोर शर्मा ने दी है।

### गम्हरिया : हाइड्रा के धक्के से वृद्धा की मौत

**गम्हरिया।** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया के डीवीसी मोड़ से सटे टिस्को को-ऑपरेटिव सोसाइटी के समीप हाइड्रा ने सड़क पर पैदल चल रही बुजुर्ग को ठोकर मार दी, जिससे महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

# संक्रांति पर दोमुहानी तट पर हजारों ने लगायी डुबकी, शाम में गंगा आरती का मिला आनंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गम्हरिया।** मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों व तालाबों में आस्था की डुबकी लगाने श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गम्हरिया के सापड़ा-शहरबेड़ा स्थित दोमुहानी नदी तट, सीतारामपुर जलाशय, गांजिया घाट, मानीकुई घाट, शिवबांध आदि घाटों पर प्रातः चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी प्रारंभ हो गई थी जो दोपहर तक जारी रहा। इस दौरान लाखों लोगों ने नदी व तालाबों में पवित्र स्नान कर गरीबों को दान पुण्य किया। दोमुहानी घाट, सोनारी पर शाम में हिन्दू उत्सव समिति की मेजबानी में शानदार और विहंगम गंगा आरती आयोजित की गयी।



दोमुहानी में जुटे श्रद्धालु और गंगा आरती का भव्य दृश्य।

हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक शिवशंकर सिंह, शंकर रेड्डी, हिन्दू उत्सव समित के अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह, प्रवक्ता सुखदेव सिंह, अभिमन्यु प्रताप, वॉइस ऑफ हुमीनटी के हरि सिंह राजपूत, अरविंदर कौर, शशि जी, दुर्गा देवी, संतोषी साहू, इंद्रजीत सिंह ने दावा किया कि हजारों भक्तों ने स्वर्णरेखा तट पर गंगा आरती का लुत्फ उठाया। अध्यक्ष रवि सिंह ने बताया कि आज 14 जनवरी को भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया जबकि कार्यक्रम की शुरुआत अपराह्न 3 बजे स्वर्णरेखा नदी पूजन एवं अभिषेक से हुई। अपराह्न 4 बजे गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी और अंत में गंगा आरती।

दूसरी ओर, इस मौके पर दोमुहानी तट स्थित मंदिर में सप्तर्षि गुरुकुल आश्रम के बच्चों द्वारा हवन-यज्ञ आदि का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर सापडा दोमुहानी तट के समीप भव्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान दूरदराज के ग्रमीण क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने मेला का काफी आनंद उठाया।

इस दौरान टूसू-मकर मेला सेवा समिति शहरबेड़ा की ओर से करीब 500 जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी और श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। इस आयोजन में समाजसेवी जोगेंद्र मंडल, महिला नेत्री प्रियंका मंडल, जमुना मंडल, रीता मंडल, दीपक मंडल, पुरनु मंडल आदि का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत समिति ने संस्थापक अध्यक्ष व संरक्षक स्व जनक मंडल की तस्वीर पर पुष्प व माल्यार्पण कर किया गया।

## एक नजर में

### आदित्यपुर : अमृत स्नान पर श्रीश्री जगन्नाथ प्रभु बहन सुभद्रा व बलराम जी ने धारण किये नये वस्त्र



**जमशेदपुर।** मंगलवार को प्रथम अमृत स्नान के पावन अवसर पर मकर संक्रांति पर्व के दिन सुबह रेलवे कॉलोनी आदित्यपुर-2 स्थापित श्री श्री जगन्नाथ प्रभु, माता शुभधरा, बलभद्र प्रभु जी और सुदर्शन जी को नया वस्त्र पहनाया गया। फिर पूजा अर्चना किया गया और प्रसादी सभी भक्तों में बांटा गया और रेलवे कॉलोनी आदित्यपुर-2 मंदिर के बगल के हरजन और बाउरी बस्ती के 70 बुजुर्ग महिला और पुरुषो को जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष जेपी शर्मा की माता श्री और परिवार के सदस्यों के हाथों से कंबल और साड़ी बांटी। इसमें श्री श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति आदित्यपुर के प्रधान सचिव सह कैशियर मोहित कुमार, सचिव कृष्ण प्रसाद, उप-सचिव राजू मुखी, अभिषेक कुमार, मनीष कुमार पंडित शर्मा बाब आदि सदस्यों ने योगदान दिया।

### माई किड्स में मनी संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी



**जमशेदपुर।** डॉ मनोहर लाल गोयल श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी मनायी गयी। स्कूल में लोहड़ी, पोंगल एवं मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। बच्चों को मूंगफली, रेवड़ी एवं पॉपकोर्न वितरित किया गया। मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में वीरा दी लोहड़ी, ढ़ोल बजदा, गिद्दा पावा एवं हुल्ले हुल्लारे की प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। बच्चों को लोहड़ी एवं मकर सक्रांति पर्व के बारे में जानकारी दी। बच्चों को बताया कि नयी फसल के आगमन के उपलक्ष्य लोहड़ी जलाकर उसकी परिक्रमा की गयीं मूंगफली, रेवड़ी, पोपकोर्न द्वारा लोहड़ी में आहुति दी। मकर संक्रांति का पर्व पर विद्यार्थियों को मनोरंजक खेल खिलाये लोहड़ी, मकर संक्रांति और पोंगल के लोकगीत गाकर बच्चों को मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी के इतिहास से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को लोहड़ी, पोंगल एवं मकर सक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी। इसे सफल बनाने के लिए स्कूल की प्राचार्य, श्रीमती ईशा गोयल , स्कूल के शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का योगदान था।

### दुसाध समाज का वार्षिक वनभोज 19 को

**जमशेदपुर।** मंगलवार को गोलमुरी स्थित दुसाध भवन प्रांगण मे दुसाध समिति की अध्यक्ष श्रीमती गौरी देवी की अध्यक्षता मे एक बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए दुसाध समिति की अध्यक्ष गौरी देवी ने बताया की आगामीहर साल की भांति इस साल भी 19 जनवरी 2025 दिन रविवार को समय दोपहर 12 बजे सिद्धगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल मे दुसाध समिति वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर अतिथि ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सिंह एवं विभिन्न समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। वन भोज सह पारिवारिक मिलन समारोह को लेकर जोर शोर से तैयारियां चल रही है। बैठक में अध्यक्ष गौरी देवी उपाध्यक्ष सिकंदर लाल सचिव पूर्णिमा देवी सह सचिव लक्षमण पासवान कोषाध्यक्ष अजय कुमार उपस्थित थे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्नी संग किया यूथ अल्फील्टर्ड स्टोरीज एंड स्ट्रगल का विमोचन



**जमशेदपुर।** मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी ने घोड़ाबांधा, जमशेदपुर में अपने घर में युवा लेखक सौम्य रंजन जी के द्वारा लिखे गए किताब 'यूथ अल्फील्टर्ड स्टोरीज एंड स्ट्रगल' का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने सौम्य दास को बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित की। साथ ही उन्होंने राज्यवासियों को मकर संक्रांति, टुसू पर्व, सोहराय और माघ बिहू की भी बधाई दी। बताते चलें कि यह किताब वर्तमान युवाओं के हालात को लेकर लिखी गई है, जो युवाओं के सामने वर्तमान समय की चुनौतियों को दर्शाता है, साथ ही इस किताब में आज के भाग दौड़ भरी ज़िन्दगी में किसी भी अभिभावक को अपने बच्चों के साथ किस तरह से व्यवहार करना चाहिए उसपर कई सुझाव दिये गए हैं। किताब के विमोचन में लेखक सौम्य रंजन दास, भाजपा नेत्री मीरा मुंडा, मानस मिश्रा, अश्विन शर्मा,मनोज कुमार, बिंदु प्रसाद,संजय कुमार दास, अनिकेत सिंह, सस्मिता देवी और अर्पिता जी थे।

### राकेश्वर पांडेय का जन्मदिन धूमधाम से मना

**जमशेदपुर।** झारखंड इंटक के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकप्रिय मजदूर नेता राकेश्वर पांडेय का जन्मदिन उनके बिष्टुपुर स्थित आवास पर धूमधाम से मनाया गया। समर्थकों की उपस्थिति में पत्नी सीता देवी संग श्री पांडेय ने केक काटा। मौके पर उनके परिवार के सदस्य भी थे। उन्हें बधाई देने के लिए विभिन्न यूनियनों के नेता एवं कांग्रेसजन भी पहुंचे। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव और खरसावां के प्रभारी एवं झारखंड इंटक के प्रदेश प्रवक्ता राकेश तिवारी ने रोश्वर पांडेय को उनके 65वें जन्मदिन पर बधाई दी।

## सोनारी दोमुहानी तट पर जिला अग्रवाल सम्मेलन ने बांटी खिचड़ी और बिस्कुट



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा सोनारी दोमुहानी तट पर सामाजिक सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया गया। संगठन ने करीब 15,000 से अधिक लोगों के बीच खिचड़ी और बिस्कुट का वितरण किया। यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष सुशील अग्रवाल और महामंत्री राजेश रिंगसिया के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित हुआ। मौके पर उपस्थित समाजसेवी उमेश शाह, निर्मल काबरा, सुरेश सोंथालिया, पंकज छावछरिया, भाजपा नेता दिनेश कुमार ने कहा कि मकर संक्रांति उत्सव का पर्व है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर आर्मी कैंप में मनाया गया आर्म्ड फोर्स वेटरंस डे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जिला सैनिक कल्याण केंद्र चाईबासा के पदाधिकारी कर्नल किशोर एवं आर्मी कैंप के 220 फील्ड रेजीमेंट द्वारा संयुक्त रूप से वेटरन्स डे का आयोजन किया गया जिसमें करीब 90 से अधिक पूर्व सैनिक एवं कई सेना के अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में वेटरन्स डे कि इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के मंच संचालक सरदिंदु शेखर ने कहा कि 1953 में इसी दिन भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल



के एम करिअप्पा, जिन्होंने 1947 के युद्ध में भारतीय सेना का नेतृत्व किया था, औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हुए थे। पहला वेटरन डे 14 जनवरी 2016 को मनाया गया था और रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान में इंटरैक्टिव कार्यक्रमों की मेजबानी करके हर साल इस दिन को मनाने का निर्णय लिया गया था। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए जिला सैनिक कल्याण केंद्र एवं सुनारी आर्मी कैंप द्वारा इस वर्ष भी वेडनेस डे का आयोजन किया गया जिसमें वीर नारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर एवं जनरल करियप्पा के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। मौके पर उपस्थित सभी वेटरेनस ने अपनी सेना से जुड़ी यादों को सभी के समक्ष साझा किया।

## तीन मार्च को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन लगायेगा भव्य मेगा ब्लड डोनेशन कैंप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में यूनियन की कमेटी मीटिंग आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने किया जबकि विषय प्रवेश महामंत्री आरके सिंह ने कराया। इसमें अतिथि के तौर पर सलाहकार प्रवीण सिंह उपस्थित थे। विषय प्रवेश कराते हुए महामंत्री आर के सिंह ने कहा कि आज की बैठक कमेटी की रूटीन बैठक है जिसमें कंपनी परिसर के रोजमर्रा की समस्याओं पर हम लोग विस्तृत चर्चा करेंगे। साथ ही साथ टाटा साहब के जन्मदिन अर्थात थर्ड मार्च को होने वाले विशाल रक्तदान शिविर पर आप सब अपने-अपने विचार इस बैठक में रखेंगे। आगे उन्होंने कहा कि यूनियन का आमसभा प्रत्येक वर्ष जनवरी से फरवरी माह के बीच में किया जाता है। जिसकी अनुमति सदन से लेने का प्रावधान है।





कमेटी मीटिंग को संबोधित करते महासचिव आरके सिंह।

## सीटू ने एलएंडटी चेयरमैन के सप्ताह में 90 घंटे काम करने संबंधी बयान की निंदा की

- सीआईटीयू ने 5 दिन का सप्ताह और 35 घंटे काम करने की अपनी मांग दोहरायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीआईटीयू) ने लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन के उस बयान की कड़ी निंदा की है, जिसमें उन्होंने प्रति सप्ताह काम के घंटे बढ़ाकर 90 घंटे करने का आग्रह किया है। इसी तरह का बयान पहले इंफोसिस के प्रमुख एनआर नारायण मूर्ति ने दिया था, जिसमें उन्होंने वैधानिक उपाय के जरिये प्रति सप्ताह 70 घंटे काम करने का आग्रह किया था। ऐसा लगता है कि मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के शासनकाल में कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक नापाक गठजोड़ से भारतीय श्रमिकों के खून-पसीने की लूट मची हैं। सीटू के राज्य कमेटी के महासचिव विश्वजीत देव ने बताया कि भारतीय श्रमिक यहां तक कि औपचारिक क्षेत्र में स्थायी श्रमिक भी, चीन, यूरोप और अमेरिका जैसे अधिक उत्पादक देशों की तुलना में अधिक घंटे तक काम करते हैं।

## नदियों का निर्मल और अविरल बहना जरूरी : सरयू राय

- स्वर्णरेखा महोत्सव के 20 वर्षः मिलानी हॉल में आयोजित गोष्ठी में बोले जद यू के विधायक

**वक्ताओं की सलाह**

- पूजन सामग्रियों को सीधे नदी में न फेंकें : चौबे
- खरकई का दूषित पानी स्वर्णरेखा में मिलता है : केडिया
- पहले लोग सुराही, अब प्यूरीफाइड जल लेकर कर रहे यात्रा : गोस्वामी
- नदी किनारे नहाते हैं, नदी की पवित्रता का ध्यान नहीं रखते : दिनेश जी





सेमिनार को संबोधित करते विधायक सरयू राय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा है कि नदियों का पानी निर्मल और अविरल बहना जरूरी है। हर माह कम से कम एक दिन हमें नदियों के किनारे काम करने की जरूरत है क्योंकि आज जो पर्यावरण की स्थिति हो गई है, वह बेहद दुखद है। स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और युगांतर भारती के संयुक्त तत्वावधान में यहां मिलानी हॉल में स्वर्णरेखा महोत्सव के 20 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर आयोजित संगोष्ठी में श्री राय ने कहा कि स्वर्णरिका महोत्सव के लिए मकर संक्रांति का दिन इसलिए चुना गया, ताकि जनसहभागिता हो। लोग इस अभियान से जुड़ें। 20 साल पहले जब हम लोग पानी का नमूना लेते थे तो लोग हंसते थे कि क्या कर रहे हैं। आज कई एनजीओ वही काम कर रहे हैं। श्री राय ने कहा कि वह मंगलवार की सुबह बोधन घाट और पांडेय घाट पर गये थे। दोमुहानी पर भी गये थे लेकिन वहां गंदगी उतनी नहीं, जितनी पांडेय घाट पर है। उन्होंने इस पर गंभीर चिंता जताई और कहा कि सारी गंदगी सीधे नदी किनारे फेंकी जा रही है जो नदी में ही चली जाती है। घर का कचरा इसमें सबसे ज्यादा है। सरयू राय ने कहा कि हमने नदियों को अपने घर का कचरा डंप करने का अड्डा बना लिया है। यह ठीक नहीं है।

## स्पीड न्यूज

### भीम चूल्हा मेले में उमड़ी भक्तों की भीड़



**मोहम्मदगंज (अनूप कुमार)।** मकर संक्रांति पर प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भीम चूल्हा मंदिर में भक्त श्रद्धालु का सुबह से शाम तक शांतिपूर्ण तरीके से पूजा अर्चना का दौर जारी रहा। मेले में इस वर्ष बड़ी तादात में लोगों के हुजूम का पहुंचना इस बात का संकेत है कि ज्यों ज्यों इस रमणीक स्थल की सुंदरता बढ़ी इसकी महत्ता में चार चंद लगते गये। मेले में सुदूरवर्ती क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने मिठाई, खिलौना, श्रृंगार सामग्री समेत लोहे और लकड़ी के बने उपकरण की खरीदारी की।

### संक्रांति मेला में हुई विशेष पूजा-अर्चना



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के घरटिया स्थित झारनेश्वर शिव मंदिर में मकर संक्रांति पर मंगलवार को भव्य मेला लगा। विशेष पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु अहले सुबह से ही झारनेश्वर मंदिर पहुंच पूजा-पाठ में जुट गये थे। पूजा अर्चना का सिलसिला सारा दिन चलता रहा। मेला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। जहां भोजपुरी गायकों ने एक से बढ़ कर एक भक्ति गीत से मन मोह लिया। इधर, रेहला कोयल नदी तट पर भी वार्षिक मेला लगा। यहां भी श्रद्धालु कोयल नदी में डुबकी लगाये।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**छत्तरपुर पलामू।** गेट के सामने रोड पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक व्यक्ति बिना हेलमेट काला पल्सर (सीजी 13 एन 1733) से छत्तरपुर की ओर से रामगढ़ की तरफ आ रहा था। पुलिस को देख गाड़ी मोड़ भागने लगा। पुलिस उसे दौड़ाकर पकड़ी। पूछताछ में बताया कि बाइक चोरी की है। एक और स्कूटी उसके घर में छुपी है। पुलिस ने तुरंत दोनों वाहनों को बरामद कर लिया। छत्तरपुर के खोढ़ी के लव कुमार पिता महेश रजक को जेल भेज दिया है।

### शिव को विचार से गुरु बना सकते हैं



**हरिहरगंज पलामू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप बटाने नदी तट पर रविवार को विराट शिव गुरु महोत्सव किया गया। इसका उद्देश्य महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से प्रत्येक व्यक्ति का शिष्य रूप में जुड़ाव हो सकता है, इसे समझाना है। कार्यक्रम में रांची से पहुंची मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनंद ने कहा कि भगवान शिव आदि गुरु जगत गुरु हैं। किसी भी धर्म, जाति संप्रदाय, लिंग का व्यक्ति शिव को अपना गुरु बना सकता है। कार्यक्रम में शिव शिष्य ओमकार सिंह, सुरेंद्र झा, मुन्ना शर्मा, सत्यनारायण शौंडिक, राजू कुमार, संतोष कुमार, रामाशीष कुमार, मुरारी प्रजापति, सुदाय मेहता, शांति कुमारी, कलावती देवी, पूनम देवी भी थे।

### भोजपुरी में भारतीय संस्कृति की झलक



**तरहसी पलामू।** मकर संक्रांति पर तरहसी प्रखंड क्षेत्र के बांसगुरु सोनपुरा में भोजपुरी दुगोला किया गया। इसका उद्घाटन पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने किया। उन्होंने शिव मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर कहा कि आज का दिन सनातन धर्म के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज से सभी तरह का मांगलिक कार्य शुरू हो जाता है। भोजपुरी संगीत में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। मौके पर लवली गुप्ता, मंजुलता दुबे, बीरेंद्र सिंह, शशिभूषण पासवान, संजय प्रसाद, पवन सिंह, गीरेंद्र प्रभाकर आदि थे।

### अवैध बालू उठा कर आ रहा ट्रैक्टर जब्त

**रामगढ़, पलामू।** थाना क्षेत्र के कबरा बथान के पास ललहेया नदी से अवैध बालू उठा कर आ रहे एक लाल रंग के ट्रैक्टर को जंगल से जब्त किया गया। ड्राइवर सहित ट्रैक्टर को थाना ले जाया गया है। थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह ने ट्रैक्टर को पकड़ा। बताया कि गांव के ही कबराबथान के मनोज शाह पिता लालदेव शाह का ट्रैक्टर है। सूचना खनन विभाग को दे दी गयी है। इस संबंध में आगे की कारवाई की जा रही है।

### हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में लगा मेला



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के सोनवर्ती क्षेत्रों में कई स्थानों पर मकर संक्रांति पर भव्य मेला लगा। भारी संख्या में लोगों ने सोन नदी में डुबकी लगायी। दही चूड़ा व तिलकुट, पुआ पकवान का लुत्फ उठाया। वही हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के दंगवार में भव्य मेला लगा। यह मेला ऐतिहासिक सूर्य मंदिर परिसर में सात दिनों तक लगती है। इसका आयोजन श्री श्री सूर्य मंदिर मेला कमेटी करती है। प्रथम दिन भूमि उपसमाहर्ता सह एसडीओ गोरांग महतो, बीडीओ सुनील वर्मा, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। मौके पर वकील सिंह, विवेक गुप्ता, मनोज गुप्ता, संतोष राम, प्रशांत सिंह, लखन यादव, हसन खलीफा आदि मौजूद थे।

### युवक को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ में एक युवक को संदिग्ध परिस्थिति में पैर में गोली लगी है। जो खतरे से बाहर बताया जा रहा है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले की छानबीन में पुलिस लगी है। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि जख्मी युवक शहर थाना क्षेत्र के माली मुहल्ला का मोंटी पांडेय बताया गया है। पूछताछ में वह स्पष्ट कुछ भी नहीं बता पा रहा है लेकिन प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उसे अपने ही पिस्टल से गोली लगी है।

### श्रीबेनुगोपाल मंदिर में मेला आयोजित

**पांडू पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कलां के बृद्धखैरा में स्थित श्री बेनुगोपाल मंदिर सह मठ परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर पांच दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन पांडू प्रमुख नीतू सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सिंटू सिंह ने किया। इस मेला का मुख्य आकर्षण सर्कस, जादूगर, मीना बाजार, ब्रेक डांस आदि शामिल है।

# आगे भी जनता की सेवा को लेकर सदैव उपलब्ध रहेंगे चंद्रवंशी

## विश्रामपुर की जनता ने चार बार सेवा का मौका दिया, क्षेत्र के विकास में बढ़-चढ़कर करते रहे हैं कार्य : रामचंद्र चंद्रवंशी

**›› खबर मन्त्र के विश्रामपुर संवाददाता से बातचीत का अंश**

**महेंद्र प्रजापति**

**विश्रामपुर पलामू।** मकर संक्रांति पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के आवास पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता चार बार सेवा करने का मौका दिया। इस क्रम में एक बार बिहार में व एक बार झारखंड सरकार में मंत्री बनकर जनता की सेवा करने का मौका मिला। कहा कि विश्रामपुर क्षेत्र की जनता के बदौलत मुझे जो इतना सम्मान मिला, उसे कभी नहीं भुलाया नहीं जा सकता। बढ़ती उम्र में भी जनता की सेवा के लिए वे हर संभव आगे बढ़कर चढ़कर कार्य करते रहेंगे। मौके प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, चंचल दुबे व रविंद्र पासवान मौजूद थे। ***प्रस्तुत है विश्रामपुर खबर मन्त्र के पत्रकार से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के साथ बातचीत के प्रमुख अंश :-***

**खबर मन्त्र : इस हार को आप किस रूप में देख रहे हैं।**

**रामचंद्र चंद्रवंशी :** लोकतंत्र में हार-जीत लगा रहता है। जनता का फैसला सर्वोपरि होता है। यही तो लोकतंत्र है। लोकतंत्र में सबको मौका मिलना चाहिए। जहां तक मेरी हार की बात है मैं तीन दशक के राजनीतिक जीवन में हार-जीत देखता रहा हूं। इसलिए मैं निराश नहीं हूं। इस चुनाव में मुझे पिछले चुनाव से डेढ़ गुणा अधिक 60 हजार मतदाताओं ने वोट दिया। इसके बाद भी हार हुई, यह तो अंकगणित का खेल है। इसे मैं सहर्ष स्वीकार करता हूं। जनता से मुझे कोई शिकायत नहीं है। राजनीति में कभी सूर्यास्त नहीं होता। लेकिन आगे उम्र को देखते हुए मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहूंगा।

**खबर मन्त्र : वर्तमान विधायक सह अपने प्रतिद्वंदी के विषय में कुछ बतायें?**

**रामचंद्र चंद्रवंशी :** नरेश प्रसाद सिंह को जनता ने वोट देकर जिताया है। इसलिए आज की तारीख में वे मेरे भी विधायक हैं। राजनीतिक प्रतिद्वंदिता चुनाव तक रहती है। सभी प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए एक-दूसरे के विरोध में बोलते हैं। लेकिन चुनाव परिणाम आ जाने के बाद सभी तरह का विरोध समाप्त हो जाता है। जहां तक उनके (नरेश सिंह) साथ व्यक्तिगत संबंध की बात है, वह बहुत पुराना रहा है। चाहे राजनीतिक विरोध हो अथवा अन्य किसी मुद्दे पर यह और बात है। लेकिन यह कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं होती। वैसे भी नरेश सिंह एक सुलझे हुए व्यक्ति हैं। परिणाम उनके पक्ष में आया है। इसलिए चुनाव परिणाम का सभी को सम्मान करना चाहिए। मैं भी इस परिणाम का सम्मान करता हूं।



खबर मन्त्र संवादाता से बात करते पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी व अन्य।

**खबर मन्त्र : सतबहिनी झरना न्यास को लेकर आपका उनसे ज्यादा विवाद चल रहा है?**

**रामचंद्र चंद्रवंशी :** सतबहिनी झरना के विकास के लिए मुझसे जितना बन सका, मैंने किया है। अपने विधायक और मंत्री के पावर का लाभ सतबहिनी के विकास के लिए दिया है। जो वहां विकास कार्य किया हूं, वह देखने की चीज है। लेकिन अब सतबहिनी का विकास नये विधायक को करना है। यद्यपि मामला इस समय झारखंड उच्च न्यायालय के डबल बेंच में चल रहा है। इसमें यदि मेरे पक्ष में भी फैसला आता है, तो अब मैं अपनी उम्र को देखते हुए अध्यक्ष बनना नहीं चाहूंगा। अब मैं सतबहिनी का विकास कांडी प्रखंड की जनता पर छोड़ता हूं। इसमें यदि जनता मेरी जरूरत महसूस करेगी, तो मैं हर सहयोग के लिए तैयार हूं।

**खबर मन्त्र : आपका कोई सपना जो अधूरा रह गया?**

**रामचंद्र चंद्रवंशी :** मुझसे जितना बन सका, अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया हूं। चाहे पुल-पुलिया, सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी से लेकर असहाय व गरीबों को आवास, राशन, पेंशन जैसी बुनियादी सुविधाएं दूसरे विधानसभा क्षेत्रों से अधिक दिलाया हूं। अंतिम समय में मैंने 102 योजनाओं का शिलान्यास किया। यदि ये योजनाएं पूरी हो जाती हैं, तो विश्रामपुर विस क्षेत्र में विकास ही विकास नजर आयेगा। हां, उनका विश्रामपुर और मझिआंव को अनुमंडल बनाने का सपना अधूरा रह गया। मुझे उम्मीद है कि नये विधायक उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।

**खबर मन्त्र : नये विधायक को आप कोई सलाह देना चाहेंगे ?**

**रामचंद्र चंद्रवंशी :** वे खुद सुलझे हुए और गंभीर व्यक्ति हैं। हमारे समय में शुरू किये गये जो अधूरे कार्य रह गये हैं, उसे वे बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के पूरा कर दें, यह विश्रामपुर क्षेत्र की जनता के हित में होगा। क्षेत्र के विकास के लिए यदि उनको मेरी जरूरत महसूस हो, तो मैं क्षेत्र की जनता के हित में सहयोग को तैयार रहूंगा।

**खबर मन्त्र : भविष्य में आपकी क्या योजना है ?**

**रामचंद्र चंद्रवंशी :** भाजपा ने मुझे बहुत सम्मान दिया। पार्टी और इसके नेताओं का मैं ऋणी हूं। इसे हम जीवन भर नहीं चुका पायेंगे। मेरा शेष जीवन पार्टी के लिए समर्पित रहेगा। पार्टी मुझे इस उम्र में जो भी जिम्मेदारी देती है, उसे मैं निभाने की कोशिश करूंगा। मैं अपना खाली समय समाजसेवा और धर्म कार्य में अधिक समय लगाऊंगा। ताउम्र मैं और मेरा पूरा परिवार पार्टी की सेवा करता रहूंगा। कभी-कभी स्थापित शिक्षण संस्थानों की व्यवस्था को दुरूस्त करने में समय दे पाऊंगा, जो व्यस्त समय की वजह से नहीं दे पा रहा था।

# कार्यक्रम का उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्र की समस्या जानना है : राधाकृष्ण

- पाटन प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिम जनजाति क्षेत्र चेतमा में जन संवाद कार्यक्रम
- ग्रामीण जागरूक होकर सरकारी योजना का लाभ उठायें : सांसद बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती आदिम जनजाति क्षेत्र ग्राम चेतमा में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने ग्रामीणों के साथ जन संवाद कार्यक्रम किया। जिसमें पलामू सांसद विष्णुदयाल राम, उपायुक्त शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेसन, डीडीसी शब्बीर अहमद, एसडीएम सुलोचना मीणा, युवा नेता प्रशांत किशोर, पाटन बीडीओ अमित झा, सीओ राकेश श्रीवास्तव, प्रमुख शोभा देवी, मुखिया सुमन गुप्ता, हरेंद्र सिंह, मनोज सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कंबल, साइकिल वितरण, अबुआ आवास का वितरण किया गया। वहीं वाल विकास विभाग ने गोदभराई की। सीधा संवाद में वित्त मंत्री ने जनता की समस्या सुनी और उसे जल्द पूरा करने का भरोसा दिया। कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों की समस्या को जानना है।



लाभुकों को योजनाओं का लाभ देते मंत्री और विधायक।

### क्या बोले सांसद

सांसद बीडी राम ने केंद्र की योजनाएं बतायी। कहा कि ग्रामीण अपने हक व अधिकार के प्रति जागरूक हों साथ ही केंद्र सरकार की योजना का लाभ उठायें। उन्होंने जन-मन योजना का लाभ सुदूरवर्ती क्षेत्र को लोगों को दिलाने के लिए उपायुक्त को कहा।

- एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि पलामू पुलिस हर समय आपकी सहायता के लिए तत्पर है। कहा कि यह क्षेत्र अब उग्रवाद मुक्त हो गया है।
- युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच पाये इसकी जिम्मेवारी लें।
- पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि प्रशासन के साथ जनता को भी साथ देना होगा तभी विकास सही व्यक्ति तक पहुंच पायेगा।

**ग्रासिम सीएसआर, रेहला ने किया ज्वाय ऑफ गिविंग परियोजना का शुभारंभ**

# ग्रासिम परिवार सामाजिक कार्यों के प्रति सजग और संवेदनशील है: इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** ग्रासिम सीएसआर ने जनवरी 2025 को ज्वाय ऑफ गिविंग के रूप में मना रहे महीने की आधिकारिक शुरुआत आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल, रेहला के प्रांगण में किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नुरुल हक, महिला मंडल की सदस्याओं एवं आसपास के गणमान्यों ने किया। श्री अवस्थी ने कहा कि हम अपने सामाजिक दायित्व के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं, जिससे समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने नये सत्र में सीएसआर से नये एवं अनूठे कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। उनमें दीदी की दुकान से महिला सशक्तिकरण, मोबाइल मेडिकल वाहन से मेडिकल कैंप की व्यवस्था, शिक्षा में गुणवत्ता एवं उत्थान हेतु स्कूलों में पुस्तकालय सुविधा एवं विशेष अभियान, क्षय रोग के उन्मूलन हेतु क्षय रोगियों के निरंतर मॉनिटरिंग के लिए आधुनिक सुविधायुक्त व्यवस्था, युवाओं के रोजगारपरक बनाने हेतु उन्हें विभिन्न कौशल विकास की गतिविधियों से जोड़ना आदि के बारे में विस्तृत रूप में बताया। कार्यक्रम में अनुपम मिश्रा, वंदना झा, प्रीति दास, निशा पाठक, ब्रजराज चौबे, राजेश चौबे, व्रज किशोर शुक्ला, शशि भूषण शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री देते श्री अवस्थी।

# पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने सभी प्रखंडों में मनोनीत किये प्रतिनिधि

- लेस्लीगंज स्थित मौर्या फार्म हाउस में मना मकर संक्रांति त्योहार

**शिवशंकर पासवान**

**पांकी पलामू।** मकर संक्रांति पर मंगलवार को लेस्लीगंज स्थित मौर्या फार्म हाउस में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। मौके पर पांकी विस क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने दही, चूड़ा, गुड़, तिलकुट और लाई ग्रहण किया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि यह आयोजन आपसी स्नेह, सौहार्द्र और एकता का प्रतीक है। उन्होंने विभिन्न प्रखंडों में अपनी अनुपस्थिति में कार्यों के संचालन को लेकर प्रतिनिधि मनोनीत किया। राजकमल वर्मा को पांकी समन्वयक, प्रकाश मेहता को जिला



प्रतिनिधि, राजेंद्र यादव एवं पकरिया मुखिया पति मिंटी वर्मा को पांकी, सुनील कुशवाहा व छोटेलाल सोनी नीलांबर पीतांबरपुर, वशिष्ठ नारायण सिंह व सुजीत भुइयां तरहसी, बंधु भुइयां व उदेश यादव को मनातू तथा अजय उरांव व महेश यादव को सतबरवा प्रखंड का प्रतिनिधि बनाया।

# महिला हुनर हाट 2025 के लक्की ड्रॉ विजेताओं को बधाई : अरुणा शंकर

**›› तीन दिनों के अंदर सामान कलेक्ट कर लें**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर ने कहा कि पूर्व में बताया गया था मेले का प्रवेश लक्की ड्रॉ कूपन से होगा। जिसे दिखाते हुए प्रवेश पत्र की आधी प्रति लक्की ड्रॉ बॉक्स में डालनी थी, जिसे लगभग सभी लोगों ने डाला। संध्या 6 बजे सभी गणमान्यों एवं आगंतुकों के सामने व विजेता के समक्ष उपस्थित बच्चों ने बॉक्स सेपुरस्कृत टिकट निकाली। इसमें प्रथम पुरस्कार टीवी के लिए टिकट सं. 0957 निकली। द्वितीय टिकट सं. 0038 विक्रांत सिंघानिया को फ्रिज मिला। मीडिया के साथी दिवाकर को तृतीय वाशिंग मशीन



टिकट सं. 0087 से मिली। इसके अलावा प्रथम सांत्वना पुरस्कार रिना अग्रवाल टिकट सं. 0594 से मिक्सी मिली। शेष तीन पुरस्कार के लिए टिकट सं. 0293, 0084 एवं 0706 के लिए कोई नहीं पहुंचा। श्रमती शंकर ने जल्द उन्हें प्राइज लेने को आमंत्रित किया।

### विश्रामपुर बस स्टैंड पर बंटा चूड़ा, गुड़ व तिलकुट



**विश्रामपुर (पलामू)।** जिला योजना समिति सदस्य सह निवर्तमान पार्षद संजय बैठा ने मंगलवार को मकर संक्रांति पर चूड़ा-गुड़ व तिलकुट बांटा। बस स्टैंड पर स्टॉल लगाकर टेंपो चालकों व स्थानीय लोगो के बीच चुड़ा-गुड़ तथा तिलकुट बांटा। श्री बैठा ने सभी को मकर संक्रांति की शुभ कामना देते हुये कहा कि जो लोग अभाव के चलते मकर संक्रांति नहीं मना पाते हैं उन्हें प्रत्येक वर्ष अपनी ओर से चुड़ा-गुड़ व तिलकुट देता हूं,ताकि ताकि अभावग्रस्त लोगों के घर मे भी पर्व मन सकें। मौके पर राजेश मार्शल, मुकेश चौधरी, इश्फाक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### केंद्रीय टीम ने बसना में की मनरेगा कार्यों की जांच



**नावा बाजार पलामू।** ग्रामीण विकास विभाग दिल्ली से आयी तीन सदस्यीय टीम ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मनरेगा कार्यों की जांच की। बसना पंचायत के दमारो गांव में आम बागवानी, कुआं, डोभाल आदि का निरीक्षण किया। जहां कार्यों की जानकारी लेते हुए उसकी उपयोगिता व गुणवत्ता जांची। वहीं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत सचिव, एई जेई, पंचायत के रोजगार सेवक से योजना संबंधित जानकारी ली। साथ ही रबदा गांव में मनरेगा से बनाये गये पशु शेड का निरीक्षण किया।

### मकर संक्रांति सौहार्द्र-एकता का प्रतीक : डॉ मेहता



**नीलांबर-पीतांबरपुर पलामू।** मकर संक्रांति पर नीलांबर पीतांबर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में पांकी विस क्षेत्र के सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने मकर संक्रांति का पर्व मनाया। मौके पर विधायक कार्यकर्ताओं के साथ दही, चूड़ा, गुड़, तिलकुट और लाई के भोज में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आपसी स्नेह, सौहार्द और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि मकर संक्रांति प्रकृति से जुड़ा पर्व है। इस दिन लोग नदी सरोवर में स्नान कर भगवान सूर्य से उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ी पूजा: मनोज सिंह

- नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसे देख मेदिनीनगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह लोगों का हाल जानने सर्द रात में निकले। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामना दी। गरीबों व जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े, शॉल और कंबल बांटा। उन्होंने शुरुआत बेलवाटिका से की। उसके बाद कांदू



मुहल्ला, सेमरटांड़, पंपूकल का दौरा किया। श्री सिंह ने कहा कि राजनीति उनके लिए सेवा का भाव हैं। सेवा के मिशन को लेकर वह राजनीति में आये हैं। विरासत में ही सेवा का संस्कार मिला है।

### पति के तनाव में महिला की मौत

**हुसैनाबाद पलामू।** मंगलवार को वार्ड तीन के रामविगहा निवासी अमरेश प्रजापति की पत्नी रूबा देवी (30) ने मानसिक तनाव में जहरीला पदार्थ खा लिया। बेहोशी में परिजन हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराये, जहां से मेदिनीनगर रेफर किया गया। इलाज के क्रम में मौत हो गयी। मायके वालों ने अपने दामाद व बेटी के ससुराल वालों पर जबरन जहरीला पदार्थ खिलाने व साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है।

# मेला ग्रामीण संस्कृति का प्रतीक है: अनूप जायसवाल

- महावीर मोड पर लगा मकर संक्रांति मेला, उमड़ी भारी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** महावीर मोड़ पर मंगलवार को मकर संक्रांति मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम के आयोजक सह समाजसेवी अनूप जायसवाल, नीलांबर पीतांबरपुर थाना प्रभारी कौशल पांडेय, शैलेश पांडेय उर्फ पप्पू ने किया। श्री जायसवाल ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति का प्रतीक है। जहां मंदिरों में



पूजा-पाठ के साथ लोग गीत संगीत का भी आनंद लेते हैं। कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के जनता का इसी तरह स्नेह मिलता रहा तो आने वाले समय में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता रहेगा।

# पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने पूर्वडीहा में किया मकर संक्रांति मेला का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** धर्मविलीन सुखदेवाचार्य जी महाराज के पुण्य स्मृति में आयोजित प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा मेला का उदघाटन दीप प्रतिज्वलित कर पूर्व मंत्री कृष्णा नंद त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर मुख्य कलाकार सुपर स्टार गायक राकेश मिश्रा, शिवानी सिंह, अक्षरा गुप्ता सभी गायक अपने गायकी का जलवा बिखेरेंगे। मेला का आयोजनः चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पूर्वडीहा में विगत 28 वर्षों से मकर संक्रांति पर मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है। इस मेले का स्वर्णिम इतिहास रहा है। कोयल नदी के तट पर पलामू जिले का सुप्रसिद्ध गांव पूर्वडीहा गांव स्थित है । जहां वर्ष 1994 में बहुत ही भव्य और दिव्य श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन धर्मविलीन श्री सुखदेवाचार्य जी महाराज के देखरेख में चातुर्मास व्रत के समापन के उपरांत हुआ था। जब यज्ञ के उपरांत स्वामी जी की विदाई इस गांव से हुई। आज भी ढांचाबार में उनकी समाधि स्थल तथा आश्रम अवस्थित है। इसी घटना की स्मृति में प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के दिन कोयल नदी तट पर स्थित शंकर भगवान के मंदिर के प्रांगण में पूजन के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होता आया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाते हैं। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरूणा शंकर,रामलव प्रसाद चौरसिया, संतोष कुमार दुबे (पप्लू दुबे), प्रदीप दुबे, ब्रजेश शुक्ल, विवेकानंद दुबे, सुधाकर दुबे, ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित थे।



मकर संक्रांति मेला को संबोधित करते पूर्व मंत्री व अन्य।

# अजय उरांव बने चार पंचायत के प्रखंड प्रतिनिधि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा जिला परिषद सदस्य पति अजय उरांव को पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत का प्रखंड प्रतिनिधि बनाया गया। इसके लिए पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता को सतबरवा प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है। वही लोगों ने कहा कि अजय उरांव एक सामाजिक व्यक्ति है। इनको विधायक प्रतिनिधि बनने से पार्टी मजबूत होगी।वही अजय उरांव ने कहा कि हमें जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। वहीं अजय उरांव को प्रतिनिधि बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। खुशी व्यक्त करने वालो में जिप सदस्य सुधा कुमारी मुखिया रिंकी यादव सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा मनोज कुमार गुप्ता अशोक यादव किशुन साव मनु राम परमेश्वर सिंह ललन साथ प्रवेश यादव उमेश यादव रामप्रवेश साव विश्वनाथ यादव धर्मेंद्र सिंह रामनिवास साथ मुकेश यादव सुरेंद्र भुईयां दशरथ यादव धर्मेंद्र सिंह चेरो महामंत्री चंचल यादव दुर्गा प्रसाद मुखिया पति संजय तुरी मोहन तुरी टिभु यादव पुर्व मुखिया क ईलु भुईया शिवनाथ उरांव बनौधि यादव नरेश यादव दशरथ यादव विरन उरांव विरेन्द्र उरांव मनोज सिंह चेरो सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं पांकी विस क्षेत्र का सोशल मीडिया प्रभारी बनने पर महेश यादव को भी हार्दिक बधाई लोगों ने दी है।



प्रतिनिधि को मनोनयन पत्र देते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

# तातलोई गर्म जल कुंड में साफा होड़ सहित हजारों श्रद्धालु ने लगायी आस्था की डुबकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के जामा प्रखंड मुख्यालय से करीब दस किलोमीटर दूरी पर स्थित प्राकृतिक छटा बिखेरते तातलोई गर्म जलकुंड में मकर संक्रांति पर साफा होड़ समुदाय के अलावा हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा पूजा अर्चना कर परिवार के सदस्यों के लिए खुशहाल जीवन की कामना की। मेले में पहुंचे पाकुड़ जिले के साफा होड़ समुदाय के साफा होड़ अमीन मुर्मू व शिव नगर के धर्म गुरु बुधन हांसदा ने बताया कि आदिवासी समुदाय के लोग सरना धर्मावलंबी मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मारांग बुरु बुढ़ा बूढ़ी, सिंग बोंगा सरना माता का पूजा अर्चना करते हैं। इस दौरान नौ प्रकार की लकड़ी जलाकर हवन-पूजन की जाती है और तुलसी पिंड लगाया जाता है। उसी



पूजा-अर्चना करते साफाहोड़ समुदाय के लोग।

तुलसी पिंड को भगवान शिव एवं राम मानकर पुजा अर्चना की जाती है एवं हवन पूजन के माध्यम से नव ग्रह से मुक्ति मिलती है। साथ ही बताया कि यह पूजा अर्चना आदिवासी समाज के साफा होड़ समुदाय के लोग करीब 1906-07 से करते आ रहे हैं। तब से यह परंपरा चल रही है। मान्यता है कि जलकुंड के गरम पानी में औषधीय गुण पाया जाता है। जिससे स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का चर्म रोग एवं पेट संबंधी बीमारियों से छुटकारा मिल जाता है। वहीं मकर संक्रांति पर भुरभुरी नदी किनारे तीन दिवसीय भव्य मेला के दूसरे दिन मंगलवार को काफी भीड़ उमड़ पड़ी। साफा होड़ का पूजा अर्चना विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मकर संक्रांति मेला देखने आस-पास जिले से भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

# बोकारो करगली प्रक्षेत्र के खास महल कोनार परियोजना में कोयला का हो रहा है हेरा-फेरी





**सीसीएल प्रबंधन और कोयला ट्रांसपोर्टरों की मिली भगत का लग रहा है आरोप**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल बोकारो करगली प्रक्षेत्र अंतर्गत खास महल कोनार परियोजना में कोयल का ग्रेड को लेकर करोड़ों का हो रहा है हेरा फेरी। ट्रांसपोर्टर और प्रबंधन की मिली भगत से किया जा रहा है यह खेल। ग्रामीणों ने जब इसका विरोध किया तो परियोजना में मच गई खलबली। बरवाबेड़ा के स्थानीय लोगों और स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों ने इसका जमकर किया विरोध। ग्रामीणों का कहना था कि सभी हाईवे वहां से ग्रेट 4 का कोयला लोड है, जबकि उसका उठाव पेपर ग्रेट5 का बनाया जाता है। मामले को देखते हुए प्रबंधन ने 10 हाईवे को ब्लैकलिस्टेड कर दिया। अगर इसकी उच्च स्तरीय जांच की जाए तो कई मामले सामने आ सकते हैं। आखिर ग्रेट 4 का कोयला कैसे उक्त वाहनों में लोड किया गया। क्या संबंधित पदाधिकारी इस घटना के दोषी नहीं है और अगर दोषी है तो उन पर कार्रवाई क्यों नहीं। इस संबंध में परियोजना पदाधिकारी के एस अग्रवाल से पूछे जाने पर उन्होंने कुछ भी बताने से साफ इनकार करते हुए कहा कि मैं इसका जवाब नहीं दे सकता हूं। इसके लिए रांची हेड आफिस से में बात करिए। निश्चित ही कोई ना कोई बड़ा खेल चल है जिसका विरोध ग्रामीण लगातार कर रहे हैं और संबंधित अधिकारीगण इस मामले पर चुप्पी साध रखी है।

## एक नजर में

### बोकारो : निदेशक प्रभारी ने सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता रथ को किया रवाना



बोकारो। बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा के महत्व पर जागरूकता फैलाने हेतु आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता माह कार्यक्रम का उद्घाटन इस्पात भवन परिसर में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। मौके पर सीजीएम सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं बीके सरतापे ने महीने भर चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस मौके पर ईडी संकार्य सीआर महापात्रा ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी मानव संसाधन राजश्री बनर्जी, ईडी प्रोजेक्ट अनीश सेनगुप्ता, बीजीएच प्रभारी डॉ बीबी करुणामय अनेक सीजीएम व वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी तिवारी के द्वारा इस्पात कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। जागरूकता के लिए सुरक्षा रथ को फ्लैग-ऑफ किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है जिसके लिए हमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होना और यातायात नियमों का अनुपालन करना आवश्यक है। संचालन एजीएम नेहाल पासवान तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक शशि सुमन ने किया।

### बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ करेगा प्रदर्शन



बोकारो। बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक तारकेश्वर महतो की अध्यक्षता में सेक्टर 3 सी में हुई। बैठक का संचालन करते हुए संघ के महामंत्री सुमन सिंह ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन को पूर्व में दिए गए मांग पत्र के आलोक में प्रबंधन अब तक उदासीन है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 जनवरी को पास सेक्शन एडीएम के पास प्रदर्शन सह आमसभा आयोजित की जाएगी। संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने कहा कि प्रबंधन को 32 सूत्री मांग पत्र सौंपा जा चुका है। मुख्य रूप से उपस्थित सदस्यों में संघ के उपाध्यक्ष नवीन सिंह मिथिलेश पाल सिंह मीडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक मीरा देवी देवेंद्र कुमार सुमित सिंह सुरेश कुमार आशिष कुमार प्रतिमा शर्मा रामचरण हजाम मदन पाठक भोला प्रसाद लक्ष्मण सिंह गुलाम जिलानी आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### स्व बिंदेश्वरी दुबे एवं राम नंदन प्रसाद की मनायी गयी जयंती



बेरमो। मंगलवार को मजदूर नेता सह महाविद्यालय के जनक संस्थापक सचिव स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे एवं संस्थापक प्राचार्य राम नंदन प्रसाद का जन्मोत्सव प्राचार्य लक्ष्मी नारायण एवं प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति दोनों ने संयुक्त रूप से किया। इनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे जी ने ही बी कॉलेज बेरमो की स्थापना किया था। एम ए तक की पढाई की व्यवस्था इन्होंने किया था। महाविद्यालय परिवार की ओर से धूम धाम से जन्मोत्सव मनाया गया। प्रसाद में तिलकुट का वितरण किया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति समेत शिक्षक गण, शिक्षकेतर कर्मचारियों आदि की उपस्थिति रही।

### अनियंत्रित बोलेरो ने युवक को कुचला



शिकारीपाड़ा। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के चीरापाथर गांव में एक अनियंत्रित बोलेरो ने एक युवक को बुरी रौंद दिया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट ले गया है। घायल का नाम साहेब हेम्ब्रम है। घायल थाना क्षेत्र के चितरागड़िया गांव का रहनेवाला है। जानकारी के अनुसार घायल युवक साहेब का दोनों पैर टूट गया हैं और स्थिति गम्भीर है। इधर खास बात यह है कि ग्रामीणों ने उस बोलेरो के चालक पंकज कुमार दास नामक युवक को पकड़ने में कामयाब रहा। लेकिन पंकज किसी तरह ग्रामीणों के चुगल से बच निकलने में सफल रहा। जिस बोलेरो को लोगों ने पकड़ा है। उस पर मीडिया हाउस का स्टीकर चिपका हुआ है। घटना की जानकारी पर शिकारीपाड़ा, सीओ कपिलदेव ठाकुर और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

मसलिया। दुमका जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के रानीघाघर पंचायत के केशोरायडीह गांव के 35 वर्षीय अर्जुन किस्कु का विगत सोमवार रात्रि को अज्ञात वाहन के कुचलने से मौत के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने रानीघाघर पंचायत सचिवालय भवन के सामने करीबन एक घंटे जाम रखा। इसकी सूचना अंचल प्रशासन को लगने के बाद सीओ मौके पर पहुंच तत्काल दस हजार राशि देकर जाम हटवाया। परिजनों को सीओ ने आश्वासन दिया कि इसके अलावा और दो लाख राशि दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद लोगों ने जाम को हटा दिया।

### कार और बाइक की सीधी टक्कर, बाइक सवार युवक की मौत

शिकारीपाड़ा। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कालीपाथर गांव के समीप एक तेज रफ्तार मारुति कार ने विपरीत दिशा से आ रहे हैं बाइक सवार को कुचल डाला। हादसे में बाइक सवारी युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे तत्काल इलाज के लिए रामपुरहाट भेजा गया। लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मृतक पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के रामपुरहाट थाना क्षेत्र के पाकपाड़ा गांव का रहने वाला था। वह मसाला की फेरी करता था। इधर टक्कर मारने के बाद स्विफ्ट डिजायर कार में सवार चार लोग वाहन छोड़ भाग खड़े हुए। मौके पर पुलिस पहुंच कर आवश्यक कारवाई में जुट गई है।

# इनोवा कार से भारी मात्रा में नकली शराब जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

## दुमका से नकली शराब की खेप बिहार पहुंचाने की थी तैयारी

**जब्त शराब की कीमत करीब 20 लाख रुपये है**



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दो इनोवा कार में छिपाकर ले जाए जा रहे भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब मंगलवार को जिले के हंसडीहा पुलिस ने बरामद किया है। हालांकि तीन तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

लेकिन पुलिस ने एक तस्कर को धर दबोचने में कामयाब रही। पुलिस ने उक्त इनोवा कार में छिपाकर रखी गई 1128 बोतल में करीब 462.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। मामलें की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अमित कुमार कश्यप ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की तस्कर देवघर से हंसडीहा की तरफ दो अलग-अलग इनोवा कार में शराब की खेप लेकर बिहार की तरफ जाने वाली है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने एनएच 133 पर सघन वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान सरैयाहाट की ओर से आ रही दो इनोवा कार कुछ दूर पहले ही सड़क किनारे रुक गई। फिर जैसे ही पुलिस आगे बढ़ी तो एक इनोवा वापस देवघर की तरफ भागने लगा।

कुछ दूरी पर जाकर जब सरैयाहाट की तरफ से पुलिस ने घेराबंदी की तो तस्कर वाहन छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन अन्य अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपियों में देवघर का रहने वाला अभिषेक मंडल है। एसडीपीओ ने बताया कि दोनों वाहनों में अलग-अलग ब्रांड्स के शराब की पेटी रखी मिली। तस्करों ने एक इनोवा कार को जीपीएस तकनीक के सहारे लॉक कर दिया।

लेकिन पुलिस ने उक्त गाड़ी को क्रेन के सहारे उठाकर थाना ले आई। प्रेसवार्ता के दौरान हंसडीहा सर्कल इंस्पेक्टर विशुन देव पासवान, हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश सिंह, सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद, एएसआई बिनोद सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### दुमका : कुएं से युवक का शव बरामद

**रामगढ़।** जिले के रामगढ़ थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के भतुड़िया बी गांव के मिर्धा टोला में सुदन मिर्धा के घर के पीछे स्थित कुएं से जोगिया गांव के 35 वर्षीय युवक गणेश राय का शव बरामद किया है। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गणेश राय भतुड़िया के पास ही घर बनाकर रहता था। मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति सिंचाई करने के लिए कुएं से पानी निकल रहा था, तो उसे कुएं के अंदर शव दिखाई पड़ा। इसके बाद इसकी सूचना उन्होंने कई ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस गांव पहुंच शव को कुएं से बाहर निकाला। गणेश राय अक्सर मजदूरी करने बाहर जाता था। जब भी वह बाहर से आता था तो गांव में नशा करते रहता था। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि अत्यधिक शराब पीने के कारण वह कुएं में गिर गया होगा। जिसके कारण उसकी मौत हो गई होगी। थाना प्रभारी शशिकांत साहू ने बताया कि मृतक के परिजन द्वारा आवेदन देने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

### बोकारो : स्वदेशी मेला में कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से बांधा समां



बोकारो। स्थानीय सेक्टर 4 मजदूर मैदान में इस्पातांचल स्वदेशी मेला में रश्मिपुंज साहित्यानुरागी संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व विधायक बिरंची नारायण, सम्मेलन के अध्यक्ष अरुण पाठक, रश्मिपुंज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गोविंद गजब, राष्ट्रीय महासचिव व कार्यक्रम संयोजिका कवयित्री करुणा कलिका व आमंत्रित कवि-कवयित्रियों ने किया। बिरंची नारायण ने काव्यपाठ के लिए आमंत्रित सभी कवि-कवयित्रियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कवि अरुण पाठक की अध्यक्षता एवं डॉ गोविंद गजब जी के संचालन में आयोजित इस कवि सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय कवि प्रीतम कुमार झा गीतकार व शायर सरोज झा झारखंडी राकेश नाजुक डॉ गोविंद गजब व बोकारो के वरिष्ठ कवि डॉ परमेश्वर भारती कवयित्री व शायरा रीना यादव कवयित्री करुणा कलिका डॉ आशा पुष्प कनकलता राय माला शीला तिवारी व कवि-गीतकार अरुण पाठक ने देशप्रेम-स्वामी विवेकानंद-स्वदेशी भावना-भारतीय संस्कृति-अध्यात्म-प्रेम-हास्य-व्यंग्य आदि रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को घंटों बांधे रखा। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी ने कवि-कवयित्रियों को मंच की ओर से प्रकाशित नव वर्ष की डायरी भेंट की।

### कायस्थ महापरिवार करगली बाजार फुसरो समिति ने कंबल व खिचड़ी का किया वितरण



बेरमो। कायस्थ महापरिवार करगली बाजार फुसरो समिति द्वारा सैकड़ों असहाय लोगों के बीच कंबल तथा खिचड़ी का वितरण किया गया। जिसमें बीएंडके जीएम चित्तरंजन कुमार, ढ़ोरी जीएम रंजय सिंहा, केंद्रीय अस्पताल ढ़ोरीके सीएमओ डॉ संजय सिंहा, संयोजक डॉ शकुंतला कुमार, बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश, महापरिवार के जिला महासचिव के पी सिन्हा, संजय सिन्हा, पंकज सिन्हा, अरविंद सिन्हा, संजय कुमार अंबष्ट, संजय सिन्हा, संतोष श्रीवास्तव, संतोष कुमार सिन्हा, मनोज सिंहा, अशोक सिन्हा, कपिल सिन्हा, रविकांत वर्मा, बी डी सिन्हा, शंकर दयाल प्रसाद सिंहा, सुखेन सिन्हा, आदित्य सिन्हा, नवनीत सिन्हा, रविषेक आनंद, सुमन सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# बीजीएच में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिये एचएससीसी के साथ एमओयू



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो संयंत्र ने चिकित्सा के क्षेत्र में बीएसएल की अटूट प्रतिबद्धता के निमित्त निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में भारत सरकार के मेसर्स एचएससीसी इंडिया लिमिटेड के साथ बीजीएच में सुपर स्पेशलिटी यूनिट हेतु एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। मौके पर बीएसएल के ईडी सीजीएम सीएमओ डॉ बीबी करुणामय एवं मेसर्स एचएससीसी इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। 150 बिस्तरों वाली प्रस्तावित यह सुविधा कार्डियोलॉजी सीटीवीएस न्यूरोलॉजी ऑन्कोलॉजी ऑनकोसर्जरी नेफ्रोलॉजी यूरोलॉजी गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंडोक्रिनोलॉजी क्रिटिकल केयर यूनिट आदि सहित कई सुपर-स्पेशियलिटी विषयों में उन्नत चिकित्सा देखभाल प्रदान करेगी। बीजीएच द्वारा प्रदत्त सुविधाएं संयंत्र के कार्यबल सहित बोकारो और इसके आसपास के क्षेत्रों के व्यापक समुदाय को भी लाभान्वित करते हैं। एमओयू के पहले चरण के तहत एचएससीसी इंडिया अवधारणा योजना और प्रारंभिक अनुमानों के साथ एक डीपीआर तैयार करेगी तथा बीएसएल को वित्तीय मॉडल के साथ शॉर्टलिस्ट किए गए ओ एंड एम भागीदारों का विवरण भी प्रस्तुत करेगी जिसकी समीक्षा बीएसएल करेगा। तत्पश्चात दूसरे चरण में डिजाइन निर्माण और ओएंडएम पार्टनर की साझेदारी शामिल है।

# टुसू पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है: मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो





**मंत्री ने कहा की टुसू पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है, यह पर्व हमारी समृद्ध परंपराओं और लोक संस्कृति का प्रतीक है**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम गोपो स्थित गांधोनिया धाम में मंगलवार को आयोजित मेला का फीता काटकर शुभ उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को टुसू पर्व, सोहराय और मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी।

इस अवसरपर मंत्री ने कहा की टुसू पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। यह पर्व हमारी समृद्ध परंपराओं और लोक संस्कृति का प्रतीक है। यह त्योहार न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और एकता का संदेश भी देते हैं।

माननीय मंत्री जी ने गंधोनिया धाम विकास समिति आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को सजीव रखने का महत्वपूर्णकार्य करते हैं। उन्होंने मेले के आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास एवं सांस्कृतिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

### बेरमो : पूर्व सांसद रवीन्द्र कुमार पांडेय ने किया दही-चूड़ा भोज का आयोजन



बेरमो। पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। फुसरो स्थित आवासीय परिसर मे भाजपा के रवींद्र कुमार पांडेय ने दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने रविन्द्र कुमार पाण्डेय को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर मधूसूदन प्रसाद सिंह, डॉ प्रहलाद बरनवाल, अर्चना सिंह, आर उनेश, रविंद्र मिश्रा, अरूण कुमार सिंह, जगन्नाथ राम, बासुदेव मिश्रा, सुरेश दूबे, टुनटुन तिवारी, हिमाचल मिश्रा, सचिन मिश्रा, वासुदेव मिश्रा, वैभव चौरसिया, भरत वर्मा, भाई प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, बच्चन सिंह, राकेश वर्मा, कुट्टू सिंह, देवता नंद दूबे, संजय पांडेय, रमेश स्वर्णकार, असगर खान, दिनेश यादव, अरविंद शर्मा, सुरेंद्र स्वर्णकार, राकेश तिवारी, लालमोहन महतो, ललन मल्लाह, संत सिंह, सुरेंद्र गिरि, धनेश्वर महतो, आर एस तिवारी, संजय पांडेय उपस्थित थे।

### करगली मे कौटिल्य महापरिवार का स्थापना दिवस घूम-धाम से मनाया गया



बेरमो। कौटिल्य महापरिवार बेरमो का 11 वां स्थापना दिवस स्टेट बैंक करगली शाखा के समीप कौटिल्य महापरिवार भवन मे सद्भावना सम्मेलन के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर बीएंडके एएफएम जी चौबे, एसओ पीएंडपी एस के झा, पीओ भी एन पांडेय, सर्वेयर पवन झा, एफओ कृष्ण कुमार शर्मा, दीपक शर्मा आदि ने परशुराम और चाणक्य के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किए। मुख्य अतिथि एएफएम जी चौबे ने कहा कि आज के परिवेश में ब्राह्मणों का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है, इसलिए सभी मिलकर इसे बढ़ावा दें। एसओ पीएंडपी एस के झा और पीओ भी एन पांडेय ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को एक साथ लेकर चलना ही कौटिल्य परिवार का उद्देश्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापरिवार के अध्यक्ष अजय झा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रृज बिहारी पांडेय, राम नरेश द्विवेदी, टुनटुन तिवारी, अनिल चंद्र झा, बसंत पाठक, विनय पाठक, विवेकानंद चतुवेर्दी, इन्द्रजीत मुखर्जी, बबलू तिवारी, शंभू दुबे, मनोज पाठक आदि का योगदान रहा। मौके पर धीरज कुमार पांडे, उपेंद्र पांडेय, सुबीर मुखर्जी, आर एस तिवारी, झब्बू तिवारी, विक्रम पांडेय, सुदामा पांडेय, पंकज पांडे, बिरेन्द्र तिवारी आदि मौजूद थे।

# बोकारो : चिन्मय मिशन ने श्रीमद् भागवत गीता-गायन प्रतियोगिता का किया आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय मिशन बोकारो द्वारा चिन्मय विद्यालय के तेजोमयानंद सभागार में आयोजित नगर स्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता का उद्घाटन अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय मिशन सचिव हरिहर राउत विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मलिक एवं उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार ने किया। चास-बोकारो के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने गीता गायन प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में चिन्मय मिशन बोकारो के सदस्य विद्यालय के शिक्षकगण एवं चिन्मय मिशन के सचिव हरिहर राउत कैलाश आशीष ठाकुर अनिल कुमार वकील कांत मिश्रा पंकज कुमार मिश्रा निखिल चंद्र मिश्रा रजनीश चौधरी एवं अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजीव मिश्रा ने किया। प्रतियोगिता में कुल 6 ग्रुप बनाए गए थे। मौके पर अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मलिक उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार मिशन सचिव हरिहर राउत एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति ने सभी विजेताओं को ढेरों शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।चिन्मय मिशन बोकारो ने सभी प्रतिभागी विद्यालय के प्रबंधक प्राचार्यों एवं शिक्षकों का आभार प्रकट किया। चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद एवं विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने दूरभाष द्वारा सभी विजेताओं को बधाई दी।

# दुमका जिला झामुमो ने लोगों को कराया दही-चुड़ा का भोज



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मकर संक्रांति के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला इकाई ने शहर के वीर कुवंर सिंह चौक पर लोगों को दही-चुड़ा का भोजन का स्टॉल लगाया। इस अवसर पर जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी उपस्थित रही। विधायक डॉ लुईस मरांडी ने लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देशभर में बड़े उत्साह के साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया जा रहा है। जिला इकाई की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों को दही-चुड़ा का भोजन कराया जा रहा है। जिसमें जरूरमंद हो या आम लोग हो जिनके घरों में किसी प्रकार से मकर संक्रांति नहीं हो सका है। वह यहां आकर दही-चुड़ा का भोजन करेंगे। झामुमों की ओर से माह में चार दिन गरीबों और जरूरतमंदों को खिचड़ी खिलाया जाता रहा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिवा बास्की, प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी, नगर अध्यक्ष रवि यादव उपस्थित थे।

### बेरमो : यादव एकादश ने फाइटर एकादश तेनुघाट को हरा कर शील्ड पर जमाया कब्जा



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। गोल्डन जुबली मैदान में खेले गये क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में यादव एकादश पिपराडीह ने फाइटर एकादश तेनुघाट को हरा कर शील्ड पर कब्जा किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइटर एकादश तेनुघाट ने निर्धारित 8 ओवर में 86 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए यादव एकादश पिपराडीह ने 57 रन बनाकर मैच अपने नाम कर शील्ड पर कब्जा किया। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी करण कुमार और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अरनव कुमार को घोषित किया गया। बच्चों के साथ मैं हमेशा खड़ी रहुंगी। खेल में कोई हारता और जीतता नहीं है। यह बच्चों के लिए मनोरंजन का केन्द्र है। उक्त बातें मुख्य अतिथि तेनुघाट पंचायत मुखिया नीलम श्रीवास्तव ने 14 जनवरी को बोकारो जिला के हद में तेनुघाट स्थित गोल्डन जुबली मैदान में आयोजित जूनियर क्रिकेट मैच के पुरस्कार वितरण के दौरान कही। वहीं तेनुघाट की उप मुखिया रीता सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से दर्शक काफी प्रसन्न होते हैं और दोनों टीम के खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन दिखाया। पुरस्कार वितरण मुखिया नीलम श्रीवास्तव, रीता सिंह, बीरेंद्र प्रसाद, योगेश नंदन प्रसाद, पंकज सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका पियूष कटरियार और राज आर्यन, स्कोरर की भूमिका अनीश कुमार और कमेंटेटर की भूमिका देव झा ने निभाई। वहीं टूर्नामेंट की सफलता में अनिकेत नंदन, लाल बाबू, चीकू, कृष झा, डुग्गू, अंकित, समर, सौरभ सिंह ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कृषि का डिजिटलीकरण

कृषि में डिजिटलीकरण और एआई के प्रयोग तेजी से अपनाया जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारें डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए खास योजनाएं लाई हैं और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा विभिन्न प्रकार के स्टार्टअप जैसी निजी संस्थाओं ने तकनीक एवं ज्ञान प्रदान करने का काम किया है। वे किसानों को जरूरी सेवाएं भी उपलब्ध करा रहे हैं ताकि किसान कृषि तथा उससे जुड़ी गतिविधियों से अपनी शुद्ध आय बढ़ाने मे डिजिटलीकरण तथा एआई का सार्थक इस्तेमाल कर सकें। सरकार ने कृषि के विकास के लिए आईसीटी के इस्तेमाल की दिशा में पहला अहम कदम 2016 में उठाया था, जब किसान सुविधा ऐप शुरू की गई थी। यह किसानों को पांच महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों मौसम, बाजार मूल्य, पौधों के संरक्षण के उपाय, इनपुट सामग्री के विक्रेता और विशेषज्ञ सलाह से जुड़ी जानकारी देती थी। साथ ही यह उन्हें किसान कॉल सेंटर से भी जोड़ती थी, जहां तकनीकी विशेषज्ञ उनके सवालों के जवाब स्थानीय भाषा में ही देते थे। इसके बाद दूसरी कई पहल की गईं, जैसे किसान ई-मित्र चैटबॉट की शुरूआत, ड्रोन से कीटों और बीमारियों पर नजर रखना, उपग्रह से मिली तस्वीरों के जरिये फसल उत्पादन का आकलन करना और मंडी के भावों की जानकारी देना, मौसम के हिसाब से खेती की सलाह देना, एसएमएस के जरिये किसी खास इलाके में फसल खरीद तथा मार्केटिंग की जानकारी देना। फसल की सेहत और मिट्टी में नमी पर नजर रखने के लिए अब उपग्रह से तस्वीर लेने का चलन बहुत बढ़ गया है, जिससे किसानों को सिंचाई, उर्वरक डालने और कीटनाशक के छिड़काव का समय तय करने में मदद की जा सकती है।ये डिजिटल सुविधाएं तैयार करने के लिए 19 राज्यों के साथ समझौते किए हैं। निश्चित ही यह एक बेहतर संकेत है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-5-7

वृष : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

कर्क : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

सिंह : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

कन्या : व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

तुला : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

वृश्चिक : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

धनु : स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

मकर : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

कुंभ : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

मीन : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है। धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

# बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों को देनी होगी राहत



गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मध्यमवर्गीय परिवारों की प्रमुख भूमिका रहती है। देश में ही निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की मांग इन्हीं परिवारों के माध्यम से निर्मित होती है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार जब मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल होते हैं तो उन्हें नया स्कूटर, नया फ्रिज, नया एयर कंडिशनर, नया टीवी एवं इसी प्रकार के कई नए पदार्थों (उत्पादों) की आवश्यकता महसूस होती है। साथ ही, नए मकानों की मांग भी मध्यमवर्गीय परिवारों के बीच से ही निर्मित होती है। इसीलिए यह कहा जाता है कि जिस देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेजी से बढ़ती है उस देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता है। भारत में भी हाल ही के वर्षों में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। परंतु, मुद्रा स्फीति, कर का बोझ एवं इन परिवारों की आय में वृद्धि दर में आ रही कमी के चलते इन परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिससे कई कम्पनियों का यह आंकलन सामने आया है कि विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में उपभोग की जाने वाली वस्तुओं की मांग में कमी दृष्टिगोचर हुई है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली कम्पनियों का इस संदर्भ में आंकलन बेहद चौंकाने वाला है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में इन कम्पनियों द्वारा उत्पादित उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री एवं लाभप्रदता में भी कमी दिखाई दी है।

केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के खातों में सहायता राशि सीधे ही जमा की जा रही है। विभिन्न राज्यों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहिना योजना आदि माध्यम से महिलाओं के खातों में सीधे ही राशि जमा की जा रही है। इसके साथ ही इन परिवारों के सदस्यों को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होने लगे हैं। जिससे इस श्रेणी के परिवारों में से कई परिवार अब मध्यमवर्गीय श्रेणी के परिवारों में शामिल हो रहे हैं।



- पी सबनानी

> यह कहा जाता है कि जिस देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेजी से बढ़ती है उस देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता है। भारत में भी हाल ही के वर्षों में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। परंतु, मुद्रा स्फीति, कर का बोझ एवं इन परिवारों की आय में वृद्धि दर में आ रही कमी के चलते इन परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

देश में पिछले 10 वर्षों में रोजगार उपलब्ध नागरिकों की संख्या 36 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 64.33 करोड़ के स्तर पर आ गई है, यह संख्या वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ के स्तर पर थी। वर्ष 2024 से वर्ष 2014 के बीच, 10 वर्षों में रोजगार में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी अर्थात इस दौरान केवल 2.9 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हो सकीं थी, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के बीच 17.19 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हुई हैं, यह लगभग 6 गुना से अधिक की वृद्धि दशार्ता है। पिछले केवल एक वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24 के बीच ही देश में लगभग 4.6 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। कृषि क्षेत्र में वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच कृषि के क्षेत्र में रोजगार में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। इसी प्रकार विनिर्माण के क्षेत्र में भी वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में केवल 6 प्रतिशत दर्ज हुई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच विनिर्माण के क्षेत्र में रोजगार में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। सेवा के क्षेत्र में तो और भी अधिक तेज वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच सेवा के क्षेत्र में रोजगार 25 प्रतिशत की दर से बढ़ा था, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस सबका असर बेरोजगारी की दर में कमी के रूप में देखने में आया है। देश में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 के 6 प्रतिशत से वर्ष 2023-24 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। इसका सीधा असर कामकाजी आबादी अनुपात पर भी पड़ा है जो वर्ष 2017-18 के 46.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सबसे अच्छी स्थिति तो संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे नागरिकों की संख्या में वृद्धि से बनी है। क्योंकि संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को नियोक्ताओं द्वारा कई प्रकार की अतिरिक्त सुविधाएं केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी नियमों के अंतर्गत प्रदान की जाती है। संगठित क्षेत्र में शामिल होने वाले युवाओं (18 से 28 वर्ष के बीच की आयु के) की संख्या में सितम्बर 2017 से सितम्बर 2024 के बीच 4.7 करोड़ की वृद्धि दर्ज हुई है, ये युवा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से भी जुड़े हैं।

यदि किसी देश में मुद्रा स्फीति की दर लगातार लम्बे समय तक उच्च स्तर पर बनी रहे एवं नागरिकों की आय में वृद्धि दर मुद्रा स्फीति में हो रही वृद्धि दर से कम रहे तो इसका सीधा असर मध्यमवर्गीय परिवार के बचत एवं खर्च करने की क्षमता पर पड़ता है। यदि मध्यमवर्गीय परिवार के खर्च करने की क्षमता कम होगी तो निश्चित ही बाजार में विभिन्न उत्पादों की मांग भी कम होगी इससे विभिन्न कम्पनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री भी कम होगी। यह स्थिति हाल ही के समय में भारत की अर्थव्यवस्था में दृष्टिगोचर है। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार के प्रयास किए जाएंगे जिससे मुद्रा स्फीति की दर देश में कम बनी रहे एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में वृद्धि हो। साथ ही, मध्यमवर्गीय परिवारों की आय पर लगाए जाने वाले आय कर में भी कमी की जानी चाहिए। बैकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों पर ब्याज दरों में कमी की घोषणा द्वारा भी मध्यमवर्गीय परिवारों को कुछ हद्द तक राहत पहुंचाई जा सकती है। ऋण पर ब्याज दरों में कमी करने से मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा ऋण खातों में जमा की जाने वाली मासिक किस्त की राशि में कमी होती है और उनकी खर्च करने की क्षमता में कुछ हद्द तक सुधार होता है। मध्यमवर्गीय परिवारों के हित में यदि उक्त उपाय नहीं किया जाते हैं तो बहुत सम्भव है कि यह मध्यमवर्गीय परिवार एक बार पुनः कहीं गरीबी रेखा के नीचे नहीं खिसक जाय। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के माध्यम से मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया जाना चाहिए।

## लेटर टू एडिटर

### मानवता के दुश्मन

**यह** समय जरूरतमंदों की मदद का है ताकि वे बीमारी और संकटकालीन स्थिति से उबर सकें और हम अपने मानवीय होने का प्रमाण दे सकें। मगर, लोग आज जिस तरह हालातों का फायदा उठा रहे हैं, उससे यह महामारी और भयावह हो गई है। कोरोना कुछ लोगों को धंधे करने का एक बड़ा अवसर बन गया है जो समूची मानवता के नाम पर कलंक है।

**-अमृतलाल, हजारीबाग**

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछ रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-विजय सिंह, जमशेदपुर**

## ट्वीट

यथा सुरानां अमृतं प्रवीलां जलं स्वधा। सुधा यथा च नागानां तथा गंगा जलं नृणाम्।

महाकुंभ में हम जिस अमृत तत्व का अन्वेषण कर रहे हैं, उसकी संप्राप्ति जल से ही संभव है। मां गंगा अमृतोद्भवा है, गंगा जल के प्रत्येक कण में अमृतत्व का प्रवाह है। अतः उसकी शुचिता, सातत्य और प्रवाहमानता सहेज कर रखें। कुम्भ स्नान करते हुए नदियों एवं तीर्थस्थलों की पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। महाकुम्भ के महापर्व मकर संक्रांति के दुर्लभ संयोग में अनेक पूज्य संतों, साधकों और भक्तों के साथ कल्याणी माँ गंगा, भवतारिणी माँ यमुना और अंतःसलिला माँ सरस्वती ह्नत्रिवेणी संगमह्न में प्रथम अमृतस्नान में सम्मिलित होकर आह्लादित हूँ।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**
**जूना अखाड़ा, हरिद्वार**

# संक्रांति में पोंगल खाना सेहत के लिए फायदेमंद

**डॉ. वर प्रसाद राव पी.वी.**

**खिचड़ी या** पोंगल को बहुत ही स्वादिष्ट और पेट के लिए हल्का माना जाता है। मकर संक्रांति के दिन आमतौर पर ज्यादातर घरों में इसे बनाया जाता है। क्या आप जानते हैं कि इसके फायदे शरीर में पनपने वाली कई बीमारियों को खत्म कर सकते हैं। यह साल का पहला त्यौहार और किसानों का त्यौहार है। कोई भी त्यौहार विशेष व्यंजनों के बिना पूरा नहीं होता। हर त्यौहार की एक खास रेसिपी होती है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्यौहार भी मनाया जाता है। तमिलनाडु में इस त्यौहार पर पोंगल खाने की परंपरा है। इस दिन लोग अपने घरों में स्वादिष्ट पोंगल बनाते हैं और परिवार के साथ खाने का आनंद लेते हैं।

आप भी सोच रहे होंगे कि मकर संक्रांति पर पोंगल क्यों बनाया जाता है? मकर संक्रांति को तमिलनाडु में पोंगल त्यौहार के रूप में भी जाना जाता है। चावल को चंद्रमा का प्रतीक माना जाता है, दालों को शनि का प्रतीक माना जाता है और सब्जियों को बुध का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है कि यह सुपरफूड ग्रहों की स्थिति को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है।खिचड़ी या पोंगल भारत के हर हिस्से में खाया जाने वाला भोजन है। इसे बनाना आसान है। जीभ के लिए एक स्वाद. स्वस्थ। भारत के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग-अलग तरीके से बनाया जाता है। खिचड़ी आमतौर पर दाल और चावल के साथ बनाई जाती है लेकिन इसमें स्वाद और पोषण जोड़ने के लिए कुछ सब्जियों और घी का उपयोग किया जा सकता है। खिचड़ी, पोंगल या कर्नाटक की मशहूर बिस्बेले बात यह एक ऐसी डिश है जो सभी लोगों को बहुत पसंद आती है। इसे पचाना भी आसान है, जिससे यह बच्चों और बुजुर्गों के लिए एक अच्छा व्यंजन है।

## पर्व

### पोंगल में पोषक तत्वों का भंडार

पोंगल एक उच्च पोषण वाला भोजन है। विभिन्न सब्जियों और बाजरे-चावल के मिश्रण से बने पोंगल में प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट, फाइबर, स्वस्थ वसा सहित संतुलित मैक्रोन्यूट्रिएंट्स होते हैं जिनकी आपके शरीर को आवश्यकता होती है।

### पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है

पोंगल एक ऐसा व्यंजन है जो बेहतर पाचन में मदद करता है और पचाने में आसान होता है। खिचड़ी में केवल चावल और दालें ही मुख्य सामग्री होती हैं, जिसके कारण यह आसानी से पच जाती है। आपकी आंतों की दीवारों में जो जलन अन्य खाद्य पदार्थों के सेवन के दौरान होती है, वह पोंगल खाने के दौरान नहीं होती है।

### आयुर्वेद सम्मत

पोंगल, खिचड़ी या बिस्बेले स्नान का सेवन प्राचीन काल से किया जाता रहा है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार करता है और आपके शरीर की ऊर्जा को संतुलित करता है। खिचड़ी को त्रिदोष निवारक के नाम से जाना जाता है। क्योंकि इसमें तीन तत्वों या तीन दोषों (वात, पित्त, कफ) को संतुलित करने की क्षमता होती है।

### शरीर को अंदर से साफ करता है

पोंगल शरीर को भीतर से शुद्ध करने में मदद करता है। कुछ खाद्य पदार्थ शरीर में विषाक्त पदार्थ जमा कर देते हैं। शरीर को डीटॉक्स करने के लिए लोग तरह-तरह का खाना खाते हैं। इसकी जगह आपको पोंगल खाना चाहिए। कम ही लोग जानते हैं कि पोंगल आपके शरीर को बहुत आसानी से डीटॉक्सीफाई करता है।

### वजन नियंत्रण में सहायक

चूंकि पोंगल में कैलोरी और वसा कम होती है, इसलिए यह वजन कम करने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प है। यह शरीर में आसानी से पच जाता है और इसमें उच्च फाइबर सामग्री के कारण लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है। अगर आपका वजन कम हो रहा है तो अपने आहार में खिचड़ी/पोंगल/बिस्बेलेबाट को जरूर शामिल करें।

### मधुमेह को रोका जा सकता है

साबूदाना खिचड़ी मधुमेह को रोकने में मदद करती है। साबूदाना खिचड़ी एक व्यंजन है जो भीगे हुए साबूदाने से बनाया जाता है। साबूदाना शरीर में इंसुलिन को बनाए रखने में मदद करता है। इससे मधुमेह को रोकने में मदद मिलती है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# अद्भुत,अनुपमेय महाकुम्भ प्रयागराज

**डॉ रमा गोलवलकर**

## महाकुंभ 2025

**भारतीय** पंचांग के अनुसार पौष पूर्णिमा के दिन से आरंभ होने वाले विश्व का सब से विशाल इसीलिए अद्भुत और अनुपमेय पर्व तीर्थराज विशेषण से प्रसिद्ध प्रयागराज में आरंभ हो चुका है।

खगोलीय महत्त्वझसूर्यमाला का सब से बड़ा आकाशीय पिंड है बृहस्पति अर्थात गुरु नामक ग्रह। इसे सूर्य की परिक्रमा पूरी करने के लिए पूरे 12 वर्ष लगते हैं। इस ग्रह की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इतनी प्रभावी है कि पृथ्वी से टकराने की संभावना वाले उल्का पिंड, धूमकेतु जैसे अन्य आकाशीय पिंडों को वह अपनी ओर खींच लेता है जिससे पृथ्वी की सुरक्षा होती है। गुरु ग्रह की इस महानता का हमारे व्यक्तिगत जीवन में भी गहरा प्रभाव होता है। गुरु और सूर्य दोनों महत्त्वपूर्ण ग्रहों की स्थिति पर आधारित यह पर्व समूचे विश्व का सबसे अनूठा और अद्भुत उत्सव है।

प्रत्येक 12 वर्षों के बाद जिस समय गुरु वृषभ राशि तथा सूर्य मकर राशि में होते हैं उस समय प्रयागराज के गंगा यमुना तथा गुप्त सरस्वती के संगम स्थान परकुम्भमेला लगता है। प्रयागराज में कुंभ मेला सभी कुंभ त्योहारों में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

उसी प्रकार जब बृहस्पति कुंभ राशि में होता है और सूर्य मेष राशि में होता है, तब हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे कुंभ मेला लगता है। यह अवसर भी हर 12 वर्षों में एक बार आता है। जब बृहस्पति सिंह राशि में और सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करते हैं, तब गोदावरी नदी के किनारे त्र्यंबकेश्वर, नासिक में कुंभ का आयोजन होता है। यह भी 12 वर्षों के पश्चात ही संभव होता है। और जब बृहस्पति सिंह राशि और सूर्य मेष में होते हैं तब क्षिप्रा नदी के तट पर उज्जयिनि नगरी में कुम्भ मनाया जाता है।

-विशिष्ट खगोलीय स्थितियों के अनुसार पूर्वनिर्धारित भौगोलिक स्थानों पर एकत्रित हो कर पूर्वनिश्चित कर्मकांडों का प्रयोग करने की यह परंपरा अपने आप को इस समूचे विश्व का एक घटक मानने को प्रेरित करती है। वैश्विक नागरिक होने की यह भावना और आस्था ही हमारे व्यक्तित्व को व्यापकता प्रदान करती है। बृहस्पति जैसा आकाशपिंड पूर्णतः वायु का अर्थात वात का बना है ।

वायु तत्त्व दिखाई नहीं देता किन्तु उसका अस्तित्व होता ही है। ज्ञान भी अमूर्त, निराकार, अदृश्य है तथापि सार्वत्रिक है। जीवित रहने के लिए वायुतत्त्व की आवश्यकता होती है। प्रतिक्षण चलने वाला श्वास इसी वायुतत्त्व के कारण है। आयुर्वेद के त्रिदोष सिद्धांत के अनुसार-जीवित शरीर में वातझ पित्तझ कफ में वात दोष वायुतत्त्व का ही अंश है। शरीर की हर गतिविधि और क्रियाकलाप, मज्जा संस्था का कार्य तथा मल विसर्जन जैसे दैनिक विधि से लेकर स्त्रियों में जनन प्रक्रिया जैसे जटिल कार्य तक वायु दोष पर निर्भर होता है। त्रिदोषों में वातदोष प्रधान है और वह अन्य दो दोषों को (पित्त और कफ)नियंत्रित करता है। अतः उसे ह्यअग्रणीह्न अर्थात नेता कहते हैं।

यद्यपि ज्योतिषीय आकलन के अनुसार वातदोष शनि ग्रह के नियंत्रण में है अपितु बृहस्पति या गुरु ग्रह का व्यापक प्रभाव शरीर की संरचना जैसे मोटापा या दुबलापन, संतति की प्राप्ति, वास्तु सुख, वाहन सुख आदि सभी पर होता है। जिसे बृहस्पति ग्रह की कृपा पाने वाला मनुष्य अत्यंत उत्साही और नव नवीन अनुभव लेने के लिए लालायित रहता है। वह शीघ्रकोपी भी होता है और क्षमाशील भी। ऐसे व्यक्तियों में प्रचंड ऊर्जा होती है, वे अत्यंत सृजनशीलऔर निर्मितीक्षम होते हैं। उनका वर्तन ज्ञानग्रहण और ज्ञानदान की प्रक्रिया में तालमेल, सामंजस्य निर्माण करने वाला होता है। वे ऐसी सभी गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और वातावरण को हल्काफुल्का रखते हुए ज्ञानवर्धन के लिए पोषक बनाते हैं।

पीढ़ी दर पीढ़ी भारतीयों ने मौखिक परंपराअर्थात ध्वनिद्वारा ज्ञान प्रसारित किया, सँजोया। ध्वनि तरंगों का प्रसारण वायु के माध्यम से ही होता है। इस दृष्टि से भी वायु से बने गुरु ग्रह का महत्त्व हमारे पूर्वजों ने जाना।

सद्भावना गुणक (गुडविल कोशंट): इन तथ्यों के साथ हमें यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि ऋग्वेद संहिता में 1.89 तथा वाजसेनीय संहिता में 25.14 में एक महत्त्वपूर्ण सूक्त है, जिस के द्रष्टा है ऋषी गौतम तथा देवता है विश्वदेव। इस सूक्त को शांतीपाठ सूक्त अथवा स्वस्तिमंत्र कहते हैं। इस का भावार्थ है - स्वस्ति अर्थात लोगों का कल्याण हो यह आशिर्वचन। शांति तथा कल्याण हेतु से नकारात्मक और विध्वंसक शक्तियों का शमन करने के लिए इन मंत्रों का उच्चारण किया जाता है। उसकी पहली ऋचा है -

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरीतास उद्भिदः। देवा नोयथा सदमिद् वृधे असन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवेदिवे॥ अर्थ - चारों ओर सेहमारे पास ऐसे कल्याणकारी विचार आते रहें जो किसी से न दबें, उन्हें कहीं से बाधित न किया जा सके एवं अज्ञात विषयों को प्रकट करने वाले हों। प्रगति को न रोकने वाले और सदैव रक्षा 'में तत्पर देवता प्रतिदिन हमारी वृद्धि के लिए तत्पर रहें।

हर तीन वर्ष में ऐसी गुरु और सूर्य के साथ चंद्रमा जैसे आकाशीय पिंडों के मेल से ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है जहाँ विशिष्ट भौगोलिक स्थानों पर ये कल्याणकारी विचार हमारी दिशा में आतें हैं। इसी से सनातनी मानस के सात्त्विक सदिच्छा, सद्भावना गुणक (गुडविल कोशंट) का भरण झ पोषण झ संवर्धन होता है। प्रत्येक आरती सम्पन्न होने के पश्चात ह्यधर्म की विजय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो ह्न इस प्रार्थना की ऊर्जा आगामी तीन वर्षों के लिए इसी सात्त्विक सदिच्छा सद्भावना के महाकोश से प्राप्त होती है। तीन वर्ष बाद फिर एक बार कुम्भ मेले का आयोजन होता है तो इस महाकोश का पुनर्भरण (रीचार्ज) होता है।

इतनी बड़ी संख्या में सनातनी लोग कुम्भ मेले में सहभागी होते हैं।

## स्पीड न्यूज

### दामोदर और भैरवी नदी के संगम पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी



**रजरप्पा।** मकर संक्रांति के मौके पर रजरप्पा स्थित दामोदर और भैरवी नदी के संगम स्थल पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। मां भगवती के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सुबह से श्रद्धालुओं का मंदिर आना शुरू हो गया था। रजरप्पा आसपास के गांवों से हजारों लोग रजरप्पा पहुंचे और मेले का आनंद उठाया। मेला परिसर लोगों की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। मेला परिसर में झूला, वूगी वूगी डांस, खिलौने की दुकानें सजी हुई थी। इसके अलावा मेला परिसर में लोगों के मनोरंजन और जरूरत की समान की दुकानें लगी थी। इन दुकानों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। भीड़भाड़ को लेकर रजरप्पा पुलिस ने खास इंतजाम किया था। लगभग एक किमी पूर्व ही बैरियर लगाकर रोक दिया गया। चार पहिया वाहन के लिए अलग पड़ाव बनाया गया था। मंदिर के पुजारी लोकेश पंडा का कहना है कि मकर संक्रांति के मौके पर यहां हर साल इसी तरह की भीड़ जुटती है. झारखंड के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के लोग भी यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। पुजारी छोटू पंडा कहते हैं कि दामोदर और भैरवी नदी के संगम में नहाने व रजरप्पा मंदिर में पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होती है।

### मेला संस्कृति की पहचान : ब्रह्मदेव



**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड के पंचायत पोटमदगा, भालू सुरंगा पहाड़ परिसर में रामराज मेला सह टुसु महोत्सव के मौके पर मेला का उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, जिप सदस्य प्रीति दीवान, उप प्रमुख धर्मधीर महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। महतो ने कहा कि मेला के आयोजन से समाज के लोगों के बीच बढ़ता है। हमारी परंपरागत संस्कृति की पहचान है। आस्था एवं श्रद्धा बढ़ती है। प्रेम से सामूहिक रूप से काम करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान राज म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का 51 किलो का माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया. मौके पर मेला समिति के प्रकाश महली, होन्हे मुखिया राजीव मेहता, दुलमी रविंद्र कुमार सहित रिझु महतो, बालकृष्ण ओहदार, निरंजन महतो, दिलीप महतो, ठाकुर दास महतो, अरुण दीवान, बलराम महतो, मनसु महतो, किलश महतो, दीपेन कुमार, विक्की कुमार, सिकंदर महतो, संतोष पहान, राजेंद्र, नागेंद्र, झमन लाल महतो सहित कई मौजूद थे।

### एमआर कॉम्प्लेक्स ने बांटा कंबल




**कुजू।** कुजू चौक स्थित एमआर कॉम्प्लेक्स में मकर संक्रांति के अवसर मंगलवार को एमआर कॉम्प्लेक्स के द्वारा कंबल वितरण समारोह में विधायक तिवारी महतो व वधायक रौशनलाल चौधरी शामिल हुए। दोनों ने कुजू क्षेत्र के करीब 301 गरीब, असहाय, दिव्यांग लोगों के बीच कंबल सहित चुड़ा-गुड़, तिलकुट व खिचड़ी का वितरण किया। इससे पूर्व बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी व मांडू विधायक तिवारी महतो फूल माला पहना कर व बूके देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि एमआर कॉम्प्लेक्स के द्वारा लगातार गरीबों की सेवा किया जा रहा है। प्रति वर्ष ठंड में गरीब, असहाय के बीच कंबल का वितरण कर कड़ाके की ठंड में राहत पहुंचाने की पहल काफी सराहनीय है। समाज के हर तबके के लोग इस तरह के कार्य करेंगे तो सभी गरीबो को राहत मिलेगा। समारोह का संचालन धनेश्वर प्रसाद ने किया। मौके पर अमर सिंह, रंजीत सिन्हा, धर्मराज राम, कुलदीप प्रसाद, बालेश्वर शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

### लायंस क्लब के संस्थापक का मना जन्मदिन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा सोमवार रात उत्सव मैरिज हॉल में लायंस क्लब के संस्थापक लायन स्व. मेल्विन जॉन्स का 145वां जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत क्लब के लोगों ने केक काटकर किया। इसके बाद उपस्थित लोगों को केक व मिठाई खिलाकर मेल्विन जॉन्स के जन्मदिन की खुशियां बांटी। इसके पूर्व क्लब के लोगों ने मेल्विन जॉन्स के तस्वीर पर मार्ल्यापण कर उन्हें याद किया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, डॉ एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, सूबेदार एचएन यादव, दीनबंधु सिंह, प्रमोद शर्मा, रेनू जायसवाल, रेखा मंजुल आदि मौजूद थे।

### हनुमान मंदिर में हरिकीर्तन संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला में इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर सोमवार से चल रहे 24 घंटे का श्री अखंड हरिकीर्तन मंगलवार को हवन पूणार्हुति के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर श्री रामचरित्र मानस पाठ का भी आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूणार्हुति के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद भी पहुंची और भक्तो के बीच प्रसाद का वितरण किया। भक्ति के प्रसाद का वितरण करते अंबा प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। हरिकीर्तन को सफल बनाने में पुरोहित नंदकिशोर मिश्रा, अशोक, राजेंद्र, रोशन, अभिषेक मिश्रा, भीम सिंह, नान्हू राय, सुभाष राय, राजेन्द्र सिंह आदि भक्तजनों का योगदान रहा।

# रामगढ़ में राहुल दुबे गिरोह के एक अपराधी गिरफ्तार

## कुजू में नेपाली ने व्यवसायी अनिल केशरी पर चलायी थी गोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने राहुल दुबे गिरोह के एक अपराधी विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली उर्फ टुटुल को गिरफ्तार किया है। राहुल दुबे को एसपी अजय कुमार ने कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने उसे अपराध का रास्ता छोड़ने को कहा है, अन्यथा हश्र बुरा होगा। मंगलवार को एसपी अजय कुमार ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली ने कुजू ट्रांसपोर्ट नगर में कोयला व्यवसायी अनिल कुमार केसरी पर राहुल दुबे के इशारे पर गोली चलवाई थी। यह वही शख्स है जिसने शूटर को अनिल केसरी का दफ्तर दिखाया था और अनिल केसरी की पहचान कराई थी। एसपी ने बताया कि 5 जनवरी की रात ट्रांसपोर्ट नगर में राहुल दुबे के द्वारा रंगदारी वसूलने एवं व्यवसाईयों के बीच खौफ का माहौल बनाने के उद्देश्य से अपराधकर्मियों के जरिए कोयला

**▸▸ राहुल दुबे व उसके गुर्गे को पकड़ने के लिए पुलिस झारखंड और बिहार के कई जिलों में कर रही है छापेमारी**

व्यवसायी अनिल कुमार केसरी पर जानलेवा हमला कराया गया था। अपराधियों ने उन पर गोली चलाई थी। इस मामले में प्राथमिक संख्या 8/25 दर्ज कर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। एसपी अजय कुमार ने बताया कि विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली उर्फ टुटुल पिता योगेश्वर शर्मा कुजू बाजारटांड़ का ही रहने वाला है। घटना के दिन उसने कुख्यात अपराधी जयशंकर दुबे उर्फ राहुल दुबे के गिरोह के दो अपराधकर्मियों को अनिल कुमार केसरी के ऑफिस का रेकी करने, ऑफिस दिखाने, साथ ही अनिल कुमार केसरी पर गोली चलवाने में सक्रिय सहयोग किया था। एसपी अजय कुमार ने बताया कि राहुल दुबे और उनके गुर्गे को पकड़ने के लिए



पुलिस ने झारखंड और बिहार के कई जिलों में छापेमारी की। कुजू के अलावा हजारीबाग, रांची, पटना जिले में भी छापेमारी की गई थी। राहुल दुबे के खिलाफ दर्जनों कांड विभिन्न जिलों में दर्ज हैं। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। छापामारी में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल निरीक्षक मांडू सुरेश लिण्डा, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद, वेस्ट बोकारो ओपी प्र्भारी दीपक कुमार, मांडू प्रभारी राम प्रवेश पासवान, पुअनि दिगम्बर पाण्डेय



प्रभारी डीसीबी शाखा, पुअनि आशीष कुमार गौतम, पुअनि मनीष कुमार सिंह और जवान शामिल थे।

# पतरातू से 170 श्रद्धालु महाकुंभ के लिये रवाना

**कांग्रेस नेता जयप्रकाश सिंह ननकी व मुखिया निधि सिंह के नेतृत्व में हुये रवाना**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीटीपीएस पतरातू क्षेत्र से वरीय कांग्रेसी जय प्रकाश सिंह ननकी व मुखिया निधि सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरूषों का जत्था प्रयागराज कुंभ, विंध्याचल अयोध्या और काशी विश्वनाथ के लिए रवाना हुए।

इस अवसर पर कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल ने जय प्रकाश सिंह ननकी और निधि सिंह सहित दर्जनों श्रद्धालु यात्रियों को पुष्प गुच्छा व अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए तीर्थ स्थल के रवाना किया। मौके पर तीनों बसों के यात्रीगण का नेतृत्व कर रहे जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि महाकुंभ को लेकर पुरे विश्व में भक्ति भाव का माहौल है। ग्राम पंचायत कोतो, कटिया न्यु मार्केट, हेसला, हनुमानगढ़ी, पंचमंदिर व शाह कॉलनी से लगभग 170 भक्तों का जत्था रवाना हो रहे हैं। यह यात्रा कुल 6 दिनो की होगी। जिसमें खाने-पीने की सम्पूर्ण व्यवस्था है। यात्रियों के लिए जरूरत के हिसाब से दवा की भी समुचित व्यवस्था है। मौके पर मुखिया निधि सिंह ने कहा कि यह पतरातु क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक यात्रा है और इसमे यात्रियों के हर छोटी बड़ी सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया है। रवाना होने वाले श्रद्धालु में मुख्य रूप से समाजसेवी राहुल सिंह, अनिल सिंह, गोविंद सोनी, दिनेश शाह, मोहन साहू, गोविंद कुमार, तुषार मिश्रा, प्रथम चौधरी, कार्तिक, मन्ना, प्रमोद चौधरी, प्रिंस कुमार, मुकेश महतो, अंकित सिंह, सत्यम सिंह, आशा देवी, सीमा राय, प्रतेरूस देवी, मालती देवी, शांति देवी, वंदना चौधरी, नेहा झा, माही सिंह, मन्नत सिंह, अक्षत झा सहित सैकड़ो लोग शामिल हैं।

### चैंबर सेवा ट्रस्ट ने किया दही, चुरा, तिलकुट, कंबल व वस्त्र का वितरण

**रामगढ़।** रामगढ़ चैंबर सेवा ट्रस्ट ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी चेंबर भवन के सभागार में मकर संक्रांति के अवसर पर लेप्रोसी कॉलोनी के सदस्यों के बीच दही, चुरा, तिलकुट, कंबल, वस्त्र, खिलौने, आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर चेंबर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर पिछले कई वर्षों से चेंबर सेवा ट्रस्ट के जरिये लेप्रोसी कॉलोनी के सदस्यों के साथ मिलकर त्योहार के अवसर पर दही तिलकुट वगैरा वितरित किया जाता है। उन्होंने उन सब का भी त्योहार अच्छे से हो इस सोच के साथ सेवा ट्रस्ट के द्वारा प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर रामगढ़ चैंबर सेवा ट्रस्ट के सचिव दिनेश पोद्दार की ओर से बताया गया कि लेप्रोसी कॉलोनी के लगभग 200 सदस्यों के बीच आज मकर संक्रांति त्योहार के अवसर पर वे लोग दही चुरा तिलकुट आदि का आनंद ले सके। इसलिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने भी बताया कि चेंबर के सभी सदस्यों के जरिये उपस्थित होकर लेप्रोसी कॉलोनी के सदस्यों के साथ धूमधाम से त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर रामगढ़ चेंबर के उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, मानस सचिव मानव चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल, श्याम परशुरामपुरिया, प्रदीप सिंह, आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), मनजी सिंह, राजू चतुर्वेदी, विष्णु पोद्दार, बालकृष्ण जालान, राजेश अग्रवाल, सुरेश बगड़िया, परशुराम शाह, अनिल अग्रवाल, जेपी सिंह, मनोज अग्रवाल, संजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### नईसराय वार्ड नंबर 2 के लोगों ने पानी को लेकर दिया ज्ञापन

**रामगढ़।** वार्ड नंबर 2 नईसराय निवासी आरिफ कुरैशी ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया है। जिसमें बताया है कि नईसराय और सैयद कॉलोनी वासियों को पानी के काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को पीने के पानी के लिए आधा किलोमीटर तक दूरी तय कर पानी लाना पड़ रहा है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से लोगों की परेशानी दूर करने के लिए पाइपलाइन कनेक्शन व सार्वजनिक कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में ज्ञान में सफी, मुकतार हुसैन, मो इमरान, रेहेना परवीन, इम्तियाज आलम, मो शाहिद , रौनक परवीन, मो नसीम आदि के हस्ताक्षर हैं।

### पीओ व खान प्रबंधन से मिले जगदीश महतो



**कुजू।** जनता मजदूर संघ के द्वारा सारूबेड़ा कोलियरी के नवनियुक्ति परियोजना पदाधिकारी रामप्रवेश पासवान, खान प्रबंधक राकेश यादव, परियोजना अभियंता राम रतन को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए औपचारिक मुलाकात की। क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने कहा कि सारूबेड़ा के सुचारू रूप से चलाने को लेकर संघ के द्वारा प्रबंधन को पूरा सहयोग किया जायेगा। मुलाकात करने वालों में क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, उमेश प्रसाद, राजकुमार महतो, ब्रह्मदेव राम, तालो मांझी, आरा मेघलाल मंडल, सारूबेड़ा राजेंद्र महतो उर्फ राजू, एलारूस उरांव आदि उपस्थित थे।

# मनोरम वादियों से पटा है चरण पहाड़ी

**▸▸ 537 साल पूर्व बंदराचुंआ में पड़े श्री श्री चौतन्य महाप्रभु के चरण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### मकर संक्रांति पर जुटी श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़





कुजू। रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू पूर्वी पंचायत के बंदराचुंआ स्थित चरण पहाड़ी मंदिर व वहां की मनोरम वादियां सैलानियों को बर्बस अपनी ओर आकर्षित करता है। नये वर्ष के आगमन होते ही सैलानियों का हुजुम उमड़ पड़ता है। साथ ही पहाड़ के बीचों-बीच कलकल करती चौथा नदी के आस-पास जंगलों के किनारे पूरे जनवरी माह में सैलानी पिकनिक मनाते देखे जाते हैं। यहां की खासियत नदी के तट पर तीन भव्य मंदिर स्थापित है। जिनमें श्री राधा कृष्ण भगवान, जगन्नाथ बलभद्र व सुभद्रा सहित श्री चैतन्य महाप्रभु एवं उनके दो सहयोगियों क्रमशरू श्री नित्यानंद व गजाधर स्वामी के आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित है। जहां सैलानी प्रभु के दर्शन के उपरांत यहां की वादियों का लुत्फ लेने के साथ पिकनिक का आनंद लेते हैं। वहीं मंदिर में चल रही हरिनाम संकीर्तन में भाग लेते हैं। चरण पहाड़ी पहुंचने के लिए कुजू केबीगेट स्थित फोरलेन सड़क से कुजू कोलियिरी होते हुए नये रास्ता कसैराधौड़ा से बंदराचुआ स्थित चरण पहाड़ी आ सकते हैं। हालांकि मंदिर कमिटि ने मंदिर के इर्द-गिर्द पिकनिक मनाने के लिए रोक लगा रखी है। मंदिर के पूजारी बाबा प्रेमदास ने बताया कि 537 वर्ष पूर्व श्री श्री चौतन्य महाप्रभु के चरण कुजू स्थित बंदराचुआं में पड़े थे। जिसके कारण उक्त स्थान नाम चरण पहाड़ी के नाम से विख्यात हुआ। बाबा कहते हैं कि श्री चौतन्य महाप्रभु जगन्नाथ धाम पूरी से वृन्दावन जाने के क्रम में यहां की प्राकृतिक दृश्यों से मोहित होकर रुके थे। साथ ही महाप्रभु ने चौथा नदी में स्नान कर हरी नाम संकीर्तन प्रारम्भ किया। जिसकी गूंज सुनकर आस-पास के जंगलों में डेरा जमाये पशु-पक्षियों ने संकीर्तन में शामिल होकर चौतन्य महाप्रभु के साथ नृत्य किया था। जिसका प्रमाण आज भी चरण पहाड़ी पहुंचकर चौतन्य महाप्रभु व पशु-पक्षियो के पैरों के निशान चट्टानों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वहीं, मंगलवार को मकर संक्रांति के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। ऐसी मान्यता है कि यहां पर मकर संक्रांति के दिन पूजा अर्चना से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसलिए पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और आशीर्वाद लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मेले में शामिल हुए और टुसू बनाकर प्रदर्शनी में भाग लिया।

## एक नजर में

### भुरकुंडा : श्री गुरु खेपा आश्रम में बंटा कंबल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मकर संक्रांति के अवसर पर थाना मैदान स्थित श्री गुरु खेपा आश्रम ताराबाड़ी भुरकुंडा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीश्री 1008 श्री गुरु खेपा बाबा महाराज द्वारा दर्जनों गरीब-असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर खेपा बाबा द्वारा गरीबों को भोजन कराने के साथ-साथ चूड़ा-गुड़ और तिलकुट का वितरण कर सबों को मकर संक्रांति पर्व की बधाई दी गई। इसके पूर्व रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्र से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरुषों के बीच कड़ाके की ठंड को देखते हुए खेपा बाबा महाराज के सौजन्य टोपी, कंबल का वितरण कर ठंड से राहत पहुंचाने का काम किया गया। बताते चलें कि श्री खेपा बाबा विगत कई वर्षों से दान-पुण्य का कार्य करते आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेमनाथ विश्वकर्मा, बृजनंदन दास, सत्यनारायण दांगी, उमेश प्रसाद, चमन लाल, मुखिया अजय पासवान, दोलती कुमारी, मालती, नेहा, अदिति, कोमल, अंजली, स्वीटी, राजकुमार तुरी, आनंद दांगी, राहुल मंडल, सतीश कुमार, मनोहर सोनी, शिवप्रसाद, बसंती देवी, विजया रानी बोस, उमेश दास, गीता देवी, चंदा, उषा देवी, गीता देवी, करण पासवान, पुतुल गिरी, रीना देवी, कुंती देवी, राखी देवी, चंदर दास, जगदीश राणा, सुनीता देवी, सागर सिन्हा, गौतम बोस, बजरंग लाल, पूनम, शारदा देवी, रविंद्र, नारायण बोस, शांति देवी, सुमित्रा देवी का विशेष योगदान रहा। कंबल पाने वालों में चिंता देवी, विक्की, बबलू पासवान, ननकी देवी, निरसू देवी, नरेश नायक, डोली देवी, फूलचंद नायक, कुंती देवी, कुसुम देवी, रीता सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### बानादाग पहाड़ पर मेला का हुआ आगाज



**कटकमदाग।** प्रखंड के बानादाग पहाड़ स्थित गौरी शंकर धाम समिति की ओर से मंकर संक्रांति के अवसर पर सात दिवसीय मेला का शुभारंभ हुआ। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू ने फीता काटकर, पौधरोपण कर व पतंग उड़ा कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बानादाग पहाड़ पर्यटन स्थल के रुप में विकसित होगा। यहां से लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। उन्होंने मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों की सराहना की। कहा कि इस स्थल को विकसित करने को लेकर समिति के लोग निरंतर संघर्षरत हैं। सभा को पसई मुखिया परमेश्वर गोप ने भी संबोधित किया। समिति की ओर से अतिथियों को माल्यार्पण व अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। इसके पूर्व समिति के लोगों ने पहाड़ पर शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। मेले में विभिन्न तरह के झूले व दुकान लगाए गये हैं। इस मौके पर जिप सदस्य जीतन राम, पसई पंसस मनीष कुमार, समिति के अध्यक्ष टुकन महतो, सचिव रामावतार राणा, उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, उपसचिव अनिल महतो, कोषाध्यक्ष सुरेश रजक, उप पोषाध्यक्ष पप्पू कुमार, सदस्य मुकेश प्रसाद, राजू कुमार, शिवम कुमार, संदीप कुमार, रोहित कुमार, चमन महतो, दुलार महतो, रौशन कुमार, श्रवण कुमार, पिंटू कुमार, विशाल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने गरीबों के बीच बांटा कंबल

**बरही।** धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय के समीप सोमवार को मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा ने असहाय, गरीब, बुजुर्ग, महिला और पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के विभिन्न टोला से आए वृद्ध, असहाय, गरीब, मजदूरों के बीच कंबल व चूड़ा, तिलकुट का वितरण किया गया है। इधर कंबल मिलने के बाद वृद्ध, असहाय, गरीब, मजदूर लोगों के चेहरे खिल उठे सभी खुश नजर आ रहे थे। इस संबंध में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि ठंड में मेरे द्वारा असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरे सादगी ढंग से कंबल का वितरण कार्यक्रम करते हैं। लेकिन यह कंबल जरूरतमंद तक पहुंच सके। इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं और क्षेत्र में घूम-घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते हैं जो पूरी तरह लाचार व विवश हों। मुखिया श्री प्रसाद ने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है, क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं लेकिन गरीब तबके के लिए एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। ठंड को देखते हुए गरीब एवं असहाय लोगों के बीच नि:शुल्क कंबल का वितरण किया गया, कंबल मिलने से लोगों को ठिठुरन से राहत मिलेगी।शीतलहर का यह दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है, ऐसे में हमें स्वस्थ जीवन के लिए सबको सावधानी और बचाव के उपाय के प्रति लोगों को प्रेरित करने की जरूरत है। इस पुनीत कार्य की जमकर सराहना हुई। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, पंचायत सेवक सरोज कुमार, वॉर्ड सदस्य, प्रकाश साव, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजन कुमार, रमनी देवी, देवकी देवी, बिशनी देवी, पार्वती देवी, सुनीता देवी, शकुंति देवी, कबूतरी देवी, फगुनी देवी, यशोदा देवी, मैमून खातून, रेशमा खातून, अंबिया देवी, शांति देवी, पुनिया देवी,उमा देवी, रबिया खातून, अफसाना खातून, रविशा खातून, मुनेशा खातून, खरुन खातून, जुलेखा खातून, मोहम्मद हबीब मियां, मोहम्मद नवाब, अकल मियां सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### आजसू कार्यालय में शोक सभा आयोजित

**बड़कागांव।** बुद्धिजीवी मंच के प्रखंड अध्यक्ष का आकस्मिक निधन 12 जनवरी 2025 को हो गया था। आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय में आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा के अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में कार्यकताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर आजसू नेता सुरेश गिरी के आत्मा के शांति के लिए कामना किया गया। मौके पर सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि सुरेश गिरी हम सभी के अभिभावक थे उनके बताए मार्गों पर हम सभी कार्यकर्ता चला करते थे। उनके चले जाने से आजसू पार्टी को अपूर्णिया क्षति हुआ है। शोक सभा में आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,कामेश्वर महतो,जिला उपाध्यक्ष दिनेश महतो,शंकर मिश्रा,प्रखंड सहसचिव घनश्याम दांगी,रंजीत महतो,तूलेश्वर महतो,कमलेश कसेरा, विनोद महतो,देवलाल महतो,सुधांशु शेखर, प्रेम कुमार,रविकांत महतो,लखन साहू, उमेश साहू,शिव देव महतो,पिंटू कुमार, भुनेश्वर महतो,अनिल प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल थे।

# कोडरमा आरपीएफ पोस्ट अभी भी अंग्रेजों के जमाने की व्यवस्था पर निर्भर

- नया भव्य भवन लगभग बनकर तैयार है, मगर आरपीएफ के जवानों की स्थिति पर अब तक नहीं दिया गया है कोई ध्यान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा जंक्शन जल्द ही हाइटेक सुविधाओं और एयरपोर्ट जैसे अत्याधुनिक भवन के रूप में पहचाना जायेगा और नया भवन लगभग तैयार है। उम्मीद है कि वर्ष 2025 में इसे पूरी तरह कार्यरत कर दिया जायेगा, मगर इस भव्य निर्माण के बीच रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों की स्थिति पर अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत कोडरमा स्टेशन स्थित आरपीएफ पोस्ट अभी भी अंग्रेजों के जमाने की व्यवस्था पर निर्भर है। आरपीएफ पोस्ट प्लेटफार्म संख्या-चार पर एक कमरे के जर्जर भवन में रहना पड़ता है। हाल ही में प्लेटफॉर्म नंबर-तीन पर एक कमरा आवंटित किया गया है, मगर वहां शौचालय तक की सुविधा नहीं है। पुराने रेलवे टिकट काउंटर को ही बैरक में तब्दील कर दिया गया है। जिसकी छत टपकती है और बारिश के दौरान पानी भर जाता है। जवानों को खुद टुल्लू पंप लगाकर पानी निकालना पड़ता है।

### नया भवन तैयार, अब जवानों को राहत दी जाये

हाइटेक स्टेशन के साथ अगर आरपीएफ जवानों को बेहतर बैरक और सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये, तो न केवल उनकी कार्यक्षमता में सुधार होगा, बल्कि यह यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी सकारात्मक कदम होगा।

### 56 जवानों के लिए बुनियादी सुविधाएं नहीं

कोडरमा आरपीएफ पोस्ट पर कुल 56 जवान तैनात हैं। इनमें से 30 जवान रोटेशन पर विभिन्न स्टेशनों पर ड्यूटी करते हैं। जवान कोडरमा से न्यू गिरिडीह और लाराबाद (झारखंड) से मानपुर आउटर (बिहार) तक का क्षेत्र में सुरक्षा का जिम्मा संभालते हैं। इसके अलावा वंदे भारत एक्सप्रेस (रांची-पटना, टाटा-पटना और रांची-वाराणसी) में भी जवानों की ड्यूटी लगायी जाती है। बैरक के आसपास गंदगी का अंबार लगा रहता है। जवानों को सफाई का काम खुद करनी पड़ती है। बारिश के दौरान बैरक में पानी भरने से स्थिति और खराब हो जाती है, न तो बैठने के लिए आरामदायक जगह है और न ही पर्याप्त सुविधाएं।

### महिला जवानों के लिए और भी मुश्किलें

स्टेशन पर तैनात महिला जवानों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्लेटफॉर्म नंबर-चार पर स्थित पोस्ट पर शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्हें प्लेटफॉर्म नंबर-एक पर जाकर शौचालय का उपयोग करना पड़ता है।

महिला और पुरुष कैदियों के लिए अलग-अलग हाजत की भी सुविधा नहीं है, जिससे कई बार असुविधा होती है। जर्जर दीवारों और छत के डर के बीच जवान खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं।

## एक नजर में

### दादीजी स्टील मैन्युफैक्चरिंग साकार टीएमटी ने ग्रामीणों संग मकर संक्रांति मनाई



कोडरमा। कोडरमा अपने सामाजिक दायित्वो के तहत दादीजी स्टील मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सेवा भाव को लेकर मकर संक्रांति के अवसर पर ग्रामीणों के बीच चुड़ा गुड़ बांटा गया। मौके पर कोडरमा गझंडी रोड के अन्तर्गत चौराही, आरागारो, भोंडो सहित आसपास के क्षेत्रो के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे। इस उपलक्ष्य में दादी जी स्टील के संचालक उदय सोनी उर्फ पप्पू सोनी ने सभी ग्रामीणों को मकर संक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही सुख शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभी से कहा कि हमारे देश के विभिन्न हिस्सों में मकर संक्रांति त्योहार को फसलों का त्योहार पोंगल और बिहू जैसे पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व सदियों के अंत और लंबे दिनों की शुरूआत का प्रतीक है। बताते चलें दादी जी स्टील मैन्युफैक्चरिंग के द्वारा समय-समय पर ग्रामीणों के बीच उनकी जरूरत के अनुसार सामग्रियां वितरण करने का कार्य किया जाता रहा है। उन्होंने समय-समय पर ऐसे और आयोजन करने का भी ग्रामीणों को आश्वासन दिया। मौके पर दादी जी स्टील के निर्देशक पप्पू सोनी, विक्की सोनी, महेश सोनी, रितेश सोनी, समाजसेवी विनोद विश्वकर्मा, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, चंदवारा थाना प्रभारी के अलावा ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शंकर यादव, उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह, स्वर्णकार संघ के नवल कुमार सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग व फैक्ट्री के सदस्य, कर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

### उपायुक्त ने सफाई कर्मियों के बीच किया कंबल व खाद्य सामाग्री का वितरण



**कोडरमा।** मक्रर सक्रंति व सोहराय पर्व के अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज नगर पंचायत कोडरमा के सफाई कर्मियों के बीच कंबल और दही चूड़ा व अन्य खाद्य सामाग्री का वितरण किया। वहीं उपायुक्त ने सभी सफाई कर्मियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। वहीं जिला प्रशासन की ओर से वृद्धा आश्रम में रह रहे लोगों के बीच खाद्य सामाग्री पहुंचाया गया। मौके पर नगर प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा व अन्य मौजूद थे।

### बिरहोरों के बीच किया गया कम्बल वितरण



**कोडरमा।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत के द्वारा झुमरी तिलैया नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत झरनाकुंड बिरहोर टोला में बिरहोरों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के संबंध पर जानकारी दिया गया। मौके पर नगर प्रबंधक व ग्रामीण मौजूद थे।

### शिक्षक के निधन पर शोक सभा का आयोजन



जयनगर (कोडरमा)। सीएच हाई स्कूल झुमरीतिलैया के सेवानिवृत शिक्षक वं ज्ञानलोक के प्रोपराइटर रंजित सिंह के पिता जयचंद प्रसाद सिंह के आकस्मिक निधन पर प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा. बीएनपी बरनवाल के नेतृत्व में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमे दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया। वहीं शोक सभा संदेश में डॉ बीएनपी बरनवाल ने उन्हें बेहद मिदुर्भाषी, सामाजिक और व्यवहारिक व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा की उनकी मृत्यु शिक्षक समुदाय के लिए बहुत बड़ी क्षति है। शोक सभा में प्रखंड अध्यक्ष हीरामन मिस्त्री, सचिव नीलकंठ बरनवाल, अर्जुन चैधरी, दशरथ राणा, कन्हाई चंद्र यादव, बासुदेव यादव, मुकेश तिवारी, अरुण यादव, राम नारायण यादव, लक्ष्मण चैधरी, दयानंद शर्मा, संजय सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

### चतरा : पेट्रोल पंप में आगजनी की घटना, आरोपी फरार



चतरा। जिले के प्रतापपुर प्रखंड के योगियारा पंचायत स्थित कुकुरमन गांव में भारत पेट्रोलियम के पियोर फीलिंग स्टेशन पर आगजनी की एक भयावह घटना सामने आई। सोमवार देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति ने नोजल मशीन (टढऊ) में आग लगाई और मौके से फरार हो गया। आग की लपटों से मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना के दौरान आग टंकी तक पहुंचने लगी थी, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पेट्रोल पंप के मालिक मोहम्मद जफीर खान ने इस घटना पर चिंता जताई और प्रशासन से अपराधी पर जल्द कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम जारी है। स्थानीय प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि अपराधी को जल्द गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जाएगा। इस घटना से इलाके के लोगों में डर और आक्रोश का माहौल है।

### चोरी की मवेशी के साथ ग्रामीणों ने एक पशु तस्कर को पकड़ा



गिद्धौर। थाना क्षेत्र के केंदुआ गुरुवाही के पास सोमवार देर शाम ग्रामीणों ने एक पशु तस्कर को चोरी के मवेशी के साथ पकड़ लिया। मंगलवार को आरोपी और मवेशी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े गए तस्कर की पहचान किरकिरा गांव निवासी अब्दुल रहीम के पुत्र जुलकर नैन उर्फ मिट्ठू के रूप में हुई है। पूछताछ में जुलकर ने बताया कि उसने चतरा सदर थाना क्षेत्र के असढिया गांव के आदित्य यादव से 7,500 रुपये में मवेशी खरीदा था। उसने आदित्य से कहा था कि मवेशी घर लाकर देने पर ही पैसा मिलेगा। आदित्य चोरी कर मवेशी लेकर जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। हालांकि, आदित्य यादव मौके से फरार हो गया। पता चला कि चोरी किया गया मवेशी असढिया गांव के रघु साव का है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

### मकर संक्रांति पर दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन

पी-4



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अनूप जोशी के नेतृत्व में मकर संक्रांति के अवसर पर स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने दही, चूड़ा, गुड़, तिलकुट का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने दही चूड़ा गुड़ तिलकुट का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं अनूप जोशी ने कहा कि मकर संक्रांति सनातन धर्म का सबसे प्राचीन पर्व एवं दिन है। आज ही के दिन सूर्य उत्तरायण हुए और सारे शुभ कार्य मकर संक्रांति से शुरू हो जाते हैं। वहीं उन्होंने कहा मकर संक्रांति के दिन ही समुद्र का मंथन हुआ था और समुद्र मंथन से 14 तरह के रत्न की प्राप्ति हुई थी और मां लक्ष्मी भी हमें समुद्र मंथन से ही प्राप्त हुई। जिससे आज सभी के घरों में सुख समृद्धि व्याप्त होती है। इसलिए मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान या किसी भी नदी का स्नान को महत्वपूर्ण माना गया है। उस दिन दान पुण्य करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है और सारे पाप कट जाते हैं। इसलिए हम सनातन धर्म प्रेमी आपस में मिलजुल कर नवान्न अन्न चूड़ा, दही, गुड़, तिलकुट का उपयोग कर हंसी-खुशी से पूरे देश में मनाते हैं। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। कार्यक्रम में नीलू सिंह, चंद्रशेखर जोशी, हरि पंडित, दिनेश्वर प्रसाद, राजेश शर्मा, डब्लू दास, राकेश कुमार, राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

### पतंग धागे की चपेट में आने से तीन लोग घायल



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। कोडरमा स्टेशन के समीप मेनका होटल के पास पतंग धागे की चपेट में आकर तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बाइक से दो व्यक्ति सुभाष चैक की तरफ जा रहे थे, इसी दौरान अचानक बाइक चालक के गले में एक कटी हुई पतंग का धागा फंस गया, जिसके बाद बाइक चालक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे एक बुजुर्ग से जा टकराया। घटना में बाइक पर सवार दो व्यक्ति एवं सड़क पर पैदल चल रहे बुजुर्ग घायल हो गए। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को इलाज के लिए निजी क्लीनिक पहुंचाया गया। वहीं बाइक की टक्कर से घायल हुए समारोह हॉल के सामने रहने वाले छोटेलाल ने बताया कि वह अपने घर से बाजार की तरफ जा रहे थे, इसी दौरान अचानक हुई इस घटना से वह सड़क पर गिर गए, जिससे चेहरे पर काफी चोट लगी है। वहीं बाइक सवार लोगों का मोबाइल टूट गया और बाइक का भी काफी नुकसान हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाले इस तरह के धागे को जानलेवा बताया और इसकी बिक्री पर बैन लगाने की मांग की है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत खेल महोत्सव का आयोजन

# आमजनों को सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन का दिया गया संदेश

- जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कर्मियों ने लिया हिस्सा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत बागीटांड़ स्टेडियम में जिला परिवहन कार्यालय के सौजन्य से खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव में पतंग उड़ाओ, क्रिकेट, क्विज, पिटो और हॉउजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर द्वारा गुब्बारा उड़ाकर किया गया। तत्पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर व जिले के वरीय पदाधिकारी और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कर्मियों ने पतंग उड़ाया।

इस खेल महोत्सव के माध्यम से आमजनों को सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन करने का संदेश दिया गया। इस खेल महोत्सव में प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ पिटो, क्रिकेट और हाउजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पदाधिकारी और कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को डायरी देकर पुरस्कृत किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में डीसी 11 ने पुलिस प्रशासन को 10 रनों से हराकर विजय प्राप्त किया।

मौके पर पुलिस उपाधीक्षक रतिभान सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुर्णेंदु, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# झुमरीतिलैया में बाबा श्री श्याम सेवा मंडल का गठन

## सर्वसम्मति से अध्यक्ष जोशी कुमार और सचिव बब्लू पहाड़ी चुने गए



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया बाबा श्याम के प्रचार-प्रसार और भक्ति भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से झुमरी तिलैया में श्री श्याम सेवा मंडल का गठन किया गया। मंडल का औपचारिक गठन एक विशेष बैठक में किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ भक्त और कार्यकारिणी सदस्य अविनाश कुमार कप्सिमे ने की। सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चयन किया गया और घर-घर कीर्तन के माध्यम से बाबा श्याम का संदेश फैलाने का निर्णय लिया गया।

**कार्यकारिणी सदस्य और पदाधिकारी घोषित :** गठित की गई मंडली और समिति के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई जिसमें जोशी कुमार को अध्यक्ष, विकाश अठघरा को उपाध्यक्ष, बब्लू पहाड़ी को सचिव, रणधीर कप्सिमे को उपसचिव, पप्पू भगत को कोषाध्यक्ष, विकाश वैश्यकियार को उप कोषाध्यक्ष, गिरधारी सोमानी को कीर्तन संचालक व बब्लू सिंह को उप कीर्तन संचालक का दायित्व सौंपा गया।

कार्यकारिणी सदस्य में विवेक सहल, दीपेश जेठवा, चंद्रशेखर सोनकर, पीर कुमार गुप्ता, पंकज तरवे, विशाल कप्सिमे, सत्यम कुमार, गौरी भगत, दीपक कुमार पटेल, शिव शंकर प्रसाद, आशीष वर्मा, रितेश सिन्हा, बबलू सिंह, सुरेश केसरी, अभिषेक वर्णवाल, सीताराम केशरी, आशीष वर्णवाल, मनीष सेठ, हिमांशु आर्या, शुभराज पहाड़ी, मनीष पहाड़ी, संजय सूद, राजू केशरी, मनीष यादव, अभिषेक वर्णवाल, सुरेश केशरी व अन्य शामिल हैं।

### बाल गोपाल समिति का भी हुआ गठन

बैठक में निर्णय लिया गया कि श्याम भक्ति को बाल गोपालों तक पहुंचाने के लिए एक बाल गोपाल समिति का गठन भी किया जाएगा। इस समिति का उद्देश्य बच्चों को भक्ति से जोड़कर उनकी आध्यात्मिक चेतना को जागृत करना होगा।

### घर-घर ज्योत जलाने का लिया गया संकल्प

मंडली ने यह निर्णय लिया कि बाबा श्याम की ज्योत हर घर में जलाई जाएगी और हर भक्त के लिए भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। भक्ति भावना को घर-घर पहुंचाने के इस प्रयास ने लोगों के दिलों में नई उमंग भर दी है। इस आयोजन में भक्तों की भागीदारी और जोश देखते ही बनता था।

मंडली का मानना है कि बाबा श्याम कीर्तन से भक्ति के साथ-साथ समाज में सौहार्द और प्रेम का प्रसार होगा।

### मकर संक्रांति का त्योहार धुमधाम से मना

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के सभी गांवों में मकर संक्रांति का त्योहार मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह नदी तालाब में स्नान कर तिल की डंठल को जलाकर तापा, इसके बाद चूड़ा, दही, तिलकुट, गुड़ आदि का सेवन किया। संपन्न लोगों ने गरीबों के बीच तिलकुट गुड चूड़ा दही का वितरण किया। भारी संख्या में लोगों ने बराकर नदी स्थित उत्तर वाहिनी में स्नान किया। स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने प्रखंड के बेरहवा जंगल स्थित प्रसिद्ध कर्मा धाम में पूजा अर्चना की। वैसे तो प्रखंड के सभी नदियों तालाबों में महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों की टोली की सुबह से ही स्नान के लिए भीड़ लगी रही।

# अफीम और रुपये बरामदगी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा थाना कांड संख्या 228/24 के फरार आरोपी चतरा जिला के गिदौर निवासी अनीश कुमार उर्फ सुबोध कुमार पिता तीरथ दांगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा पुलिस ने एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर थाना क्षेत्र के वृंदा गांव में बीते 20 अक्तूबर 2024 की रात्रि को छापामारी अभियान चलाकर एक घर में अवैध रूप से रखे 58 ग्राम अफीम और एक करोड़ 7 लाख, 10 हजार 320 रुपये बरामद करते हुए एक आरोपी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना को लेकर कोडरमा थाना कांड संख्या 228/24 में मामला दर्ज किया गया था। कांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा लगातार छापामारी की जा रही थी, इसी दौरान एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चतरा जिले के गिद्धौर में छापामारी कर, उक्त फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

# कौलेश्वरी में मकर संक्रांति पर विदेशी पर्यटकों ने लगाई डुबकी

- प्राकृतिक प्रतिमाओं एवं कलाकृतियों को देखकर विदेशी पर्यटक काफी प्रसन्न हुए



खबर मन्त्र संवाददाता

**हंटरगंज।** प्रखण्ड क्षेत्र के मां कौलेश्वरी मंदिर परिसर में मंगलवार को भूटान के पर्यटकों का एक जत्था पहुंचा। पर्यटकों में महिला पर्यटक भी शामिल थे। यहां आकर पर्यटकों ने सर्वप्रथम मां कौलेश्वरी मंदिर पर्वत पर स्थित सरोवर में डुबकी लगायी। इसके बाद कौलेश्वरी मंदिर एवं बौद्ध प्रतिमा में पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के पश्चात सबों ने पहाड़ की तलछटी आकाश लोचन भ्रमण कर यहां के आकर्षक दृश्य को कैमरे में कैद किया। प्राकृतिक प्रतिमाओं एवं कलाकृतियों को देखकर विदेशी पर्यटक काफी प्रसन्न हुए। पर्यटक गोपाल चक्रवर्ती ने बताया कि यूट्यूब इंटरनेट को खंगालने के दौरान इस स्थल के विषय में जानकारी मिली थी। तब से यह तमन्ना थी यहां आने की। उन्होंने बताया कि बोधगया पहुंचने के बाद उनके मित्रों ने कौलेश्वरी आने की इच्छा जाहिर की, सो यहां चला आया। पर्यटकों ने यहां के चारों ओर पहाड़ों से घिरा सरोवर को काफी महत्वपूर्ण बताया। वहीं पर्वत पर स्थित पांचों पांडवों की प्रतिमा एवं बौद्ध स्तूप की प्रतिमा को पर्यटकों ने अद्भुत बताया। पर्यटकों ने बताया कि ऐसे स्थल में पहुंचकर बाल व नाखून कटवा कर जिंदा रहते अपना अंतिम संस्कार करा रहे हैं, जिससे कि मुक्ति पायी जा सके। वहीं विकास प्रबंधन समिति से अनुरोध किया कि मंदिर परिसर को साफ एवं स्वच्छ रखें। वहीं पर्यटकों के साथ में भ्रमण राजू यादव और पिंटू यादव कर रहे थे। उनलोगों के द्वारा बताया गया कि विदेशी पर्यटकों का घुमाना मेरा कर्तव्य है, ये मेरे देश के मेहमान हैं। बहुत पहले भाषा समझने में दिक्कत का सामना करना पड़ता था लेकिन अब हमलोग विदेशी पर्यटकों को पूरा पर्वत के एक-एक चीज के बारे में अच्छा से समझा देते हैं।

### मकर संक्रांति पर इटखोरी भद्रकाली मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**चतरा।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर में भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ी। अलसुबह से ही भक्त माता भद्रकाली के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर परिसर में पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने पहले मुहाने नदी में पवित्र स्नान कर दान-पुण्य किया और फिर माता के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर झारखंड और बिहार के विभिन्न हिस्सों से आए भक्तों ने पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लिया। स्थानीय पुजारियों ने भक्तों को मकर संक्रांति का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि यह पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है और इस दिन स्नान-दान का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं ने माता भद्रकाली की पूजा कर अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में भक्तिभाव और उल्लास का माहौल बना रहा।

# बलबल में मकर संक्रांति पर 15 दिवसीय पशु मेले का उद्घाटन, नहीं पहुंचे सांसद और विधायक

- इस मौके पर गर्म जलकुंड में स्नान और पूजा-अर्चना के लिए करीब 40,000 श्रद्धालु पहुंचे



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क स्थित बलबल में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय प्रसिद्ध पशु मेले का शुभारंभ मंगलवार को पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता, जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

मेले के उद्घाटन के दौरान सांसद कालीचरण सिंह और विधायक कुमार उज्ज्वल की गैरमौजूदगी को लेकर ग्रामीणों और मेला समिति के सदस्यों में नाराजगी देखने को मिली। इस मौके पर गर्म जलकुंड में स्नान और पूजा-अर्चना के लिए करीब 40,000 श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मंदिर में कतारबद्ध होकर माता के दर्शन किए। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई और इंस्पेक्टर अवधेश सिंह व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने सुरक्षा इंतजामों की देखरेख की।

मेले में चूड़ा, तिलकूट और अन्य पारंपरिक व्यंजनों के साथ मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसके बाद श्रद्धालु मेले में आयोजित खेल-तमाशों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने जुटे। मवेशियों की खरीद-बिक्री के लिए किसानों और व्यापारियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी ने मेले को और भी खास बना दिया। मेला समिति ने बताया कि 15 दिनों तक चलने वाले इस मेले में हजारों लोग प्रतिदिन पहुंचेंगे। मेले में सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का प्रबंधन पहले से बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है। इस आयोजन ने क्षेत्रीय संस्कृति और परंपरा को सजीव बनाए रखा है।

# गुमला में मकर संक्रांति के अवसर पर निकाली गयी रथ यात्रा

## श्रद्धालुओं ने लगायी पवित्र सरोवरों में आस्था की डुबकी, मंदिरों में की पूजा, गरीबों को किया दान, दही चूड़ा व तील गुड़ का किया पारण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर रथ मेला का आयोजन किया गया। सिसई के नागफेनी व रायडीह प्रखंड के हीरदह में रथ मेला लगा। मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों व सरोवरों में आस्था की डुबकी लगायी। मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार की सुख शांति व समृद्वि के लिए भगवान से कामना की। वहीं गरीबों के बीच दान किये और तिल, गुड़, दही व चुड़ा आदि का पारण कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का केन्द्र नागफेनी में श्रद्धालुओं ने आस्था और विश्वास के साथ कोयल नदी में स्नान किया और प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। मकर संक्रांति के अवसर पर नागफेनी स्थित जगन्नाथ मंदिर का पट अहले सुबह खोल दिया गया। सुबह से ही भगवान के दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भक्तों के फल, फूल व प्रसाद को भगवान पर भोग लगाया। भक्त गण हाथ जोड़कर भगवान से सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। मंदिर के बाहर आरती की थाल लेकर पुरोहित भक्तों को चंदन लगा रहे थे और रक्षा सूत्र बांधकर दक्षिणा ले रहे थे। वहीं गरीब भिक्षुक भी मंदिर परिसर में चादर फैलाए दाताओं का इंजतार कर रहे थे। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु गरीबों को दान करते देखे गए। यह सिलसिला अपराह्न तक चलता रहा। नागफेनी में मकर संक्रांति मेला में काफी दूर-दूर से भी लोग आये थे।


भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर परिसर में लगी भीड़।


नदी तट पर चूड़ा, गुड व दही का सेवन करते लोग।


नदी तट पर लगी लोगों की भीड़।

### मकर संक्रांति में भगवान मकरध्वज की होती है पूजा

मकर संक्रांति के अवसर पर नागफेनी के जगन्नाथ मंदिर में भगवान मकरध्वज की विशेष पूजा अर्चना होती है। भगवान मकरध्वज की मूर्ति भी भगवान जगन्नाथ स्वामी की मंदिर में स्थापित है। मकर सक्रांति के दिन भक्तों के दर्शन के लिए भगवान मकरध्वज की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर परिक्रमा कराया जाता है। रथ अपराह्न में खींचा गया।

# आजसू से नीरू शांति ने दिया इस्तीफा जल्द झामुमो में हो सकती है शामिल

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा की राजनीति में एक नया रोमांच आया है। विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी कि एनडीए उम्मीदवार रही नीरू शांति भगत ने आजसू पार्टी से इस्तीफा देकर पहले से लगाए जा रहे कयासों को सही साबित कर दिया है । लोग उनके झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने की अटकल लगा रहे थे। बीच में सीएम से मुलाकात के बाद इस बात को बल मिला था।

बताते चले कि नीरू शांति भगत आजसू के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी और पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की पत्नी है।

जो कमल किशोर भगत के जेल जाने के बाद 2015 के विधानसभा चुनाव में पहली बार चुनाव लड़ने मैदान में उतरी थी। लेकिन लगातार तीन चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2024 के विधानसभा में मिली हार के बाद ही पार्टी में बगावत के सुर देखने को मिल रहा था।

लेकिन मंगलवार को नीरू शांति भगत ने इस्तीफा देकर नई राह से जुड़ने की इशारा दे दिया है।


सीएम हेमंत सोरेन से मिलती नीरू शांति भगत।

# भरनो : अंतर जिला चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार अभियुक्त गिरफ्तार

>> अभियुक्तों ने भरनो थाना क्षेत्र के साढे चार किलोमीटर में लगे बिजली तार को काटकर की थी चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** भरनो पुलिस ने अंतर जिला चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना भरनो थाना क्षेत्र पहाड़केशा निवासी मुर्शीद बक्स, चान्हो थाना क्षेत्र के मेलानी गांव निवासी सेराज अंसारी, बेड़ों थाना क्षेत्र के चचकोपी गांव निवासी शेख तैफुल उर्फ पप्पू और इसी गांव के तौसीफ मल्लिक शामिल हैं। गिरोह के लोग बिजली का तार चोरी करते थे। इस संबंध में मंगलवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने भरनो थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि गिरोह के द्वारा 11 दिसंबर 2024 को भरनो थाना क्षेत्र के रायकेरा जंगल से बनटोली दोहर तक लगभग साढे चार किलो मीटर तक 11 हजार वोल्ट के बिजली तार काटकर चुरा लिया गया था। जिसकी अनुमानित कीमत ढाई लाख रूपया है। जिसको लेकर बिजली विभाग गुमला द्वारा भरनो थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। घटना के उदभेदन को लेकर एसपी के निर्देशानुसार एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम लगातार छापेमारी अभियान चला रही थी। इसी क्रम में मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना भरनो थाना क्षेत्र पहाड़केशा निवासी मुर्शीद बक्स, चान्हो थाना क्षेत्र के मेलानी गांव निवासी सेराज अंसारी,बेड़ों थाना क्षेत्र के चचकोपी गांव निवासी शेख तैफुल उर्फ पप्पू,और इसी गांव के तौसीफ मल्लिक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर चोरी का बिजली तार को राजधानी रांची के एक कबाड़ी दुकान से बरामद किया। गिरोह के मुख्य सरगना मुर्शीद बक्स का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 14 मामले दर्ज हैं। छापामारी में भरनो थानेदार कंचन प्रजापति, एसआई मंटू चौधरी, अभिनन्दन कुमार, विजय लकड़ा सहित पुलिस बल शामिल थे।


गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

## स्पीड न्यूज

### भाजयुमो अध्यक्ष घाघरा के घर पहुंची अजजा आयोग की सदस्य, की शोक प्रगट



घाघरा। एसटी-एससी आयोग की राष्ट्रीय सदस्या आशा लकड़ा ने घाघरा पहुंचकर भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी के परिवार से मुलाकात की। ज्ञात हो कि आशीष को मातृ शोक लगा था। आयोग के सदस्य ने शोक संप्त परिवार को ढांढस बंधाया और अपनी संवेदनाएं प्रकट की। सदस्या ने परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। मौके पर नंद किशोर सोनी, जितेंद्र सोनी, श्याम किशोर, अमित ठाकुर, सालावंती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी मकरा घाघरा में पतंग उत्सव का हुआ आयोजन



घाघरा। सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी मकरा घाघरा में मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस दौरान बच्चों ने तिलकुट दही चूड़ा खाने के उपरांत पतंग उड़ाया। प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने कहा मकर संक्रांति का पर्व सूर्य देव को समर्पित होता है। यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन की घोषणा करता है। जिसमें लोग पतंग उड़ा कर, विशेष मिठाइयां बनाकर तथा नदियों में पवित्र स्नान कर इस त्यौहार को मनाते हैं। आज के दिन पतंग उड़ाने का एक विशेष महत्व है। जिसका एक वैज्ञानिक कारण भी है। सूर्य की रोशनी में रहने पर जोर दिया जाता है। क्योंकि सूर्य की किरणें त्वचा रोगों और सर्दी से संबंधित रोगों को ठीक करने में मदद करते हैं। सूर्य का प्रकाश विटामिन डी का एक प्रमुख स्रोत है। जिसे स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के बच्चों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं का भी योगदान रहा।

### गुटवा नदी के तट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मेला का हुआ आयोजन



**घाघरा।** मकर संक्रांति के अवसर पर गुटवा कोयल नदी किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रम का मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुखिया फिरंगी उरांव,समाज सेवी सुनील सिंह व अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कलाकारों द्वारा रंगारंग नागपुरी, हिंदी, ठेठ जैसे गीतों पर नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। वही मिठाई सहित कई खिलौने की दुकानें सजी। मौके पर मुखिया फिरंगी उरांव ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति सभ्यता परंपरा को संजोय के रखने की जरूरत है आगे बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर कई समाजसेवी ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### श्री राम व वानर राज सुग्रीव के मिलन भूमि में मिलना सौभाग्य की बात: मंगल



**पालकोट।** पालकोट प्रखंड के सुंदरीडीह गांव में सोमवार की रात पूस पूर्णिमा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने किया। मंगल सिंह भोगता ने कहा कि जैसा गांव का नाम है वैसे यहां के लोग हैं और उससे भी आकर्षक यहां का जलप्रपात है। पालकोट ऐतिहासिक जगह है। जहां अध्यात्म और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है। भगवान श्री राम और वानर राज सुग्रीव के मिलन के पवित्र भूमि में हम सबों का मिलन एक सौभाग्य है। मुखिया कमल पहान, भाजपा नेता गुड्डू सिंह ने मेला और मकर सक्रांति पर लोगों को बधाई दी। संतु दास ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर ठेठ नागपुरी गायक भरत सिंह ने मदार्नी झुमर राग में वंदाना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का आगाज किया और सरगम म्यूजिकल ग्रुप रवि राम के नेतृत्व में कलाकारों ने रात भर समा बांधने का काम किया। मेला में मिठाई खिलौने आदि की दुकानें सजी थी।

### सांसद सुखदेव भगत ने शोकाकुल महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष से की मुलाकात



**घाघरा।** सांसद सुखदेव भगत ने शोकाकुल महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत और उनके परिवार से घाघरा स्थित घर में मुलाकात किया। सांसद ने बॉबी से उनके पुत्र के आत्महत्या करने की घटना की जानकारी लिया। साथ ही गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक अपूरणीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में हम सभी परिवार के साथ खड़े हैं। इस मौके पर बॉबी भगत, अनिरुद्ध चौबे, जोगेंद्र भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

# घाघरा : चयनित स्थल पर भवन नहीं बनने पर आदिम जनजाति परिवार के लोग दिखे आक्रोशित

ज्ञापन सौंपकर लगाया आरोप, सीओ ने पीरहा पत्थर गांव के चयनित स्थल के पास ही जमीन खोजने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के पीरहा पत्थर गांव के आदिम जन जाति परिवार के सदस्यों ने सीओ आशीष कुमार मंडल को ज्ञापन सौंपकर आदिम जन जाति के लिए बनने वाले भवन को चयनित स्थल पर न बनाकर दूसरे स्थान पर बनाने का आरोप लगाया। आदिम जन जाति लोगों ने बताया कि सलगी गांव अंतर्गत आदिम जन जाति का भवन निर्माण पीरहा पत्थर टोला स्थान में सर्वे के मुताबिक चयनित किया गया था। जिसे सर्वे के स्थान पर ठेकेदार और मुंशी द्वारा भवन निर्माण न कराकर जबरदस्ती अपनी सुविधा को देखते हुए उक्त स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान सलगी झाडू टोली गांव में बनाया जा रहा है। जिसका पीरहा पत्थर से दूरी 7 किलोमीटर है। हम सभी असुर जाति के लोग इस भवन निर्माण से आक्रोशित है। उक्त भवन सर्वे के मुताबिक स्थान पर निर्माण हो ताकि हम लोग इस भवन को सही से उपयोग कर सके। आदिम जन जाति के लोगों ने कहा कि उक्त भवन का उपयोग आदिम जन जाति परिवार के लोगों के लिए किया जाना है। जिसका ठेकेदार द्वारा गलत जगह का चयन कर काम कराया जा रहा है। वहीं सीओ आशीष कुमार मंडल ने इस संबंध में कहा कि आदिम जनजाति परिवार के लोगो द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। चयनित जगह पर प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार उक्त पीरहा पत्थर टोला में सरकारी जमीन नहीं है। फिलहाल जिस दूसरे जगह पर ठेकेदार द्वारा कार्य करने की तैयारी की जा रही थी वह स्थल उक्त गांव से काफी दूर है। इस कारण उसे रोक दिया गया है। जमीन चयनित गांव के पास में खोजने को लेकर संबंधित अमीन और कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है। आवेदन देने वालों में रामरित असुर, राजेंद्र असुर, रामलाल असुर सहित कई अन्य के नाम शामिल है।

### लोहरदगा: मकर संक्रांति पर्व का हमारी सनातनी संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान : प्रवीण भारती



लोहरदगा। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। सर्वप्रथम आचार्य गणेश शास्त्री, अर्जुनदेव आर्य, किशन आर्य के द्वारा आचार्य शरतचन्द्र आर्य एवं भारत स्वाभिमान पतंजलि के जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती की उपस्थिति में यज्ञ हवन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ब्रह्मचारियों एवं लोगों को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व हमारी सनातनी संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है, आज ही के दिन महर्षि भगीरथ के अखण्ड तप से मां गंगा का अवतरण पृथ्वी पर हुआ, भीष्म पितामह ने सूर्य भगवान के उत्तरायण होने पर ही अपने प्राण त्यागे थे। इस दिन हवन यज्ञ, तप, स्वाध्याय एवं दान का विशेष महत्व है। हमें अपनी सनातनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। हमें वेदानुकूल जीवन जीना चाहिए, आचरण करना चाहिए। तभी स्वयं का,समाज का एवं देश का कल्याण सम्भव है। आज हम भटक गए हैं और अपनी गौरवपूर्ण संस्कृति को भूल बैठे हैं। आज हरेक घर में यज्ञ हवन होना चाहिए जिससे घर का वातावरण विशुद्ध रहे एवं चारित्रिक दोषों का शमन हो। इसके बाद सभी उपस्थित जनों एवं ब्रह्मचारियों को चूड़ा दही तिलकुट गुड़ आदि का सामूहिक भोजन प्रसाद कराया गया। आचार्य शरतचन्द्र आर्य ने कहा कि आज के दिन हवन यज्ञ अध्यात्म का अवश्य अनुष्ठान करना चाहिए। यह हमारी गौरवपूर्ण संस्कृति का अटूट हिस्सा है। राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिवशंकर सिंह पतंजलि परिवार के द्वारा योग आयुर्वेद के प्रचार प्रसार हेतु पदाधिकारियों से पुरुषार्थ करने हेतु आह्वान किया गया। इसके बाद आचार्य दयाशंकर जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु पुष्पांजलि दी गयी। पतंजलि परिवार लोहरदगा की ओर से आचार्य शरतचंद्र, गणेश एवं अर्जुन को वस्त्र प्रदान किया गया एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद सिंह, राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिवशंकर सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दीपक कुमार, योग प्रशिक्षक रेखा भारती, खुशी भारती, अभय भारती, अनामिका भारती, प्रदीप पाठक, अनिल पांडे, अंकित अग्रवाल, संजय मधुर, दिनेश प्रजापति, महेंद्र जी, रवि प्रजापति, लाल दीपक नाथ शाहदेव, पवन पाठक, नवनीत गौड़ आदि बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर लगे मेले में उमड़ी भीड़







खबर मंत्र संवाददाता

कैरो। लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड अंतर्गत सढ़ाबे पंचायत के खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मंगलवार को सुबह से भक्तों द्वारा दुग्ध, बेलपत्र, गंगा जल से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया गया। सबसे पहले मुख्य पूजा स्थानिए यजमान को आचार्य नीरज कांत त्रिपाठी व काशीनाथ पांडेय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ किया गया। जिसके बाद बारी बारी से सभी भक्तों ने पूजा अर्चना किया। जिसके बाद मेला का आकर्षण झारखंड के मशहूर राइजनिंग स्टार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री डॉ विंदेश्वर उरांव सहित अतिथियों द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ राकेश कुमार ने कहा कि ऐसे मनोरम और धार्मिक स्थल में आयोजक समिति द्वारा इस तरह का आयोजन करना अपने आप मे

### लोहरदगा जिले में भी दिख रहा शीतलहरी व कोहरे का असर, लोगों की बढ़ी परेशानी



**लोहरदगा।** शीतलहरी और कोहरा का प्रकोप जिले के कई इलाकों में देखने को मिल रहा है। शीतलहरी के कारण लगातार ठंड में बढ़ोतरी देखी जा रही है, वही जिले में सड़को और खेतो में कोहरा छाया हुआ है। दिन के 10 बजे तक कोहरा का असर के कारण गाड़िया रेंगने को मजबूर है। बढ़ती ठंड को देखते हुए भी नगर परिषद क्षेत्र और ग्रामीण चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग काफी परेशान है। फिलहाल जिले में अधिकतम तापमान 14 से 16 डिग्री दर्ज की गई है। वही न्यूनतम तापमान 5 से 8 डिग्री दर्ज की गई है। तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। जिससे ठंड काफी बढ़ गयी है। वही ठंड को देखते हुए लोहरदगा सिविल सर्जन ने लोगो ठंड के बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने और गर्म कपड़े पहनने के साथ वृद्ध लोगो की विशेष देखभाल करने की अपील किया है।

### गुमला : गाय को गुड़, रोटी व हरी सब्जी खिलाकर सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

गुमला। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गौ माता को गुड़, रोटी और हरी सब्जियां खिलाकर किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष अंचल अग्रवाल, सो कार्यक्रम संयोजक शकुंतला मंत्री सहित शाखा सदस्य बीना अग्रवाल, बिभा अग्रवाल एवं अंबिका अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गुमला : विकास भारती के 42वें स्थापना दिवस पर सातो गांव में किसान मेला सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

विकास भारती 42 वर्षों से आदिवासियों के विकास के लिए कार्य कर रही है : अशोक भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** विकास भारती बिशुनपुर के 42 वें स्थापना दिवस के अवसर पर किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन बिशनपुर प्रखंड के सातों गांव में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सातों गांव के प्रबुद्ध किसान रबी उरांव ने की। रवि उरांव ने बताया कि आज से लगभग 36 वर्ष पूर्व इस किसान मेला का शुभारंभ विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा किया गया था। जिसका असर है कि इस क्षेत्र के किसानों में काफी जागरूकता आई है और किसान खेती कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। पद्म श्री अशोक भगत ने कहा कि विकास भारती लगातार 42 वर्षों से आदिवासियों के विकास के लिए कार्य कर रही है और यह संस्था आदिवासियों के लिए समर्पित भी है। संस्था सुदूरवर्ती गांव में अंतिम व्यक्ति तक विकास के कार्य को ले जाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि के क्षेत्र में काम करने का कार्य कर रही है। भगत ने कहा कि इन क्षेत्रों में बहुत अंधविश्वास था। परंतु धीरे-धीरे अब ग्रामीणों में जागरूकता आ रही है और विकास का मार्ग प्रशस्त्र हो रहा है। सचिव विकास भारती ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मेला क्या है, मिलने जुलने का स्थान, ज्ञान प्राप्त करने का स्थान। गांव में जब खाने को नहीं था, कठिनाई थी। तब इस ग्राम के लोग यही पर बात करने के उपरांत बैठकर पहाड़ो को चिरकर पानी निकालकर खेती करना आरंभ किया। 36 साल से इस मेले का आयोजन ग्रामीण के द्वारा किया जा रहा है। जिसे ग्रामीण में एक भाव उत्पन्न कराती है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक इस गांव का सर्वे कर हमें बताये की बांध बनने के बाद क्या इम्पैक्ट पड़ा, क्या बदलाव हुए, इसका एक डाटा हमें दें। जिससे और क्या किया जाय, इस पर हम सब विचार करेंगे। अगले बार से इस मेले का आयोजन महिला समिति के नाम से आयोजित हो। हम सब यही चाहते हैं कि महिलाओं की भागीदारी और सुनिश्चित हो। विकास भारती के स्थापना दिवस के अवसर पर हजारों किसानों ने आकर विकास भारती विशुनपुर के सचिव पद्म अशोक भगत से मुलाकात कर इनकी लंबी आयु की कामना करते हुए आशीर्वचन दिया।



# लोहरदगा : मकर संक्रांति पर जमकर हुई तिल और तिलकुट की खरीददारी

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मकर संक्रांति का त्योहार को लेकर शहरी क्षेत्र के बाजारों में तिलकुट की दुकानो में जमकर खरीददारी करते लोग देखे गए। मकर सक्रांति पर्व को लेकर दुकानों में काफी भीड़ लगी हुई थी। मकर संक्रांति पर्व को लेकर सड़क किनारे कई तिलकुट की दुकानें खुल गई हैं। जहां जोर-शोर से तिलकुट तैयार किया जा रहा है। तिलकुट की सोंधी खुशबू लोगों को दूर से ही आकर्षित कर रही है। तिलकुट शहर के पावरगंज चौक सहित कई जगहों पर निर्माण हो रहा है। खासकर गया के प्रसिद्ध तिलकुट की बिक्री जोरो पर रही। दरअसल गया का तिलकुट देश-विदेश में काफी फेमस है। ऐसे में लोहरदगा में गया के कारीगरों द्वारा तिलकुट का निर्माण कराया जा रहा है। अब गया जिले के तिलकुट को लोहरदगा जिले के तिलकुट टक्कर दे रहे हैं। कारीगर तिलकुट का निर्माण बारीकी से हांडी में कर रहे है। यहां पूरे जिले में तिलकुट निर्माण में गया के कई कारीगर लगे हुए हैं। वे गया की तर्ज पर तिलकुट की तरह-तरह की वेरायटी तैयार कर रहे हैं। यहां के तिलकुल छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, और उड़ीसा तक तिलकुट भेजे जा रहे हैं। कारीगर विभिन्न प्रकार के तिलकुट बना रहे हैं। इसमें खोआ, मावा, गुड़, खजूर गुड़ वाले तिलकुट की काफी मांग है। मकर संक्रांति के मौके पर तिलकुट व लाई की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में इस साल भी शहर के चौक-चौराहों पर तिलकुट की दुकानें सज गई हैं। इस साल तिलकुट की कीमत पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ गई हैं। इस साल तिलकुट बाजार में 250 रुपये से लेकर 700 रुपये प्रति किलोग्राम की दर तक उपलब्ध है।



## मनिका प्रखंड के दोमुहान में मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य मेले का किया गया आयोजन

# विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत अंतर्गत दोमुहान नदी के तट पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर दिन मंगलवार को भव्य मेले का आयोजन किया गया। वहीं इस दो दिवसीय मेले का मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। साथ ही विधायक श्री सिंह ने पूरे मेले में भ्रमण कर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी भी ली। मौके पर विधायक श्री सिंह ने बताया कि दोमुहान नदी के संगम को पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित करने का ग्रामीणों का जो मांग है उसे बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। ताकि यहां पर दूर-दराज से आने वाले लोगों को प्राकृतिक सौंदर्य एवं और भी आकर्षक नजारा देखने को मिल सके। बता दें की इस दो दिवसीय मेले में तरह-तरह की झूलन एवं दूर से आए हुए कलाकारों के द्वारा नृत्य व संगीत की प्रस्तुति और दोमुहान मंदिर कमेटी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से मेले का माहौल और भी आकर्षक बना हुआ है। साथ ही मिठाइयां, खिलौने समेत सभी तरह की दुकानों से पूरा मेला सजा हुआ है। वहीं प्रत्येक वर्ष लगने वाले इस मेले में लातेहार जिले के अलावा दूर-दराज के जिलों से भी लोग मनोरंजन के लिए आते हैं, यहां पर मेले के दौरान हजारों-हजार की संख्या में लोगों की भीड़ लगती है। वहीं मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा के व्यवस्था को लेकर मनिका पुलिस के द्वारा जगह-जगह पर पुलिस बलों की तैनाती की गई है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कामेश्वर प्रसाद यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, वृंदबिहारी प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया संजय सिंह, सुजीत उरांव, नीरज कुमार यादव, तस्लीम अंसारी, अख्तर अंसारी, अकबर अंसारी, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, कृष्ण यादव, मथुरा यादव, रौशन प्रसाद, गणेश यादव, अरुण सिंह, सुरेंद्र भारती, अंजू यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।


मेले का शुभारंभ करते विधायक व अन्य।

## लंबे गतिरोध के बाद बिराटोली में शुरू हुआ रैक लोडिंग कार्य


फीता काटकर शुभारंभ करते अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- विधिवत पूजन के उपरांत नारियल फोड़कर की गई रैक लोडिंग की शुरूआत

**चंदवा।** चंदवा के जमीरा पंचायत अंतर्गत बिराटोली कोल साइडिंग में लंबे गतिरोध के बाद मंगलवार को मकर संक्रांति के दिन आखिरकार रैक लोडिंग का कार्य शुरू हो गया। आचार्य के विधिवत पूजन व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धीरज जायसवाल, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, मनोज पाठक, राजकुमार पासवान, टोरी यातायात निरीक्षक संजय कुमार, गोदावरी कोमोडिटी लिमिटेड के इंचार्ज युगल कपूर व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर रैक लोडिंग कार्य का शुभारंभ किया। बिराटोली कोल साइडिंग में लंबे समय बाद रैक लोडिंग का कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगो मे खुशी देखी गयी। जीसीएल के इंचार्ज युगल कपूर ने बताया कि पहला रैक यहां से भुरकुंडा यार्ड के लिए जाएगी। वहीं साइडिंग का संचालन कर रहे धीरज जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता व युवाओं के लिए आज का दिन काफी बड़ा दिन है। यहां पर काम शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को समक्ष रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे और क्षेत्र का विकास भी होगा। उद्घाटन के मौके पर प्रयाग गंझू प्रमोद गंझू, अजय गंझू, डब्लू प्रजापति, ब्रह्मदेव प्रजापति, मो. इजहार समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । पहली घटना में बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर हाई स्कूल के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर मो. दानिश 30 वर्ष पिता मो. जैनुल थाना बालूमाथ निवासी मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया । और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं दूसरी घटना में मो. जसीम 40 वर्ष पिता अब्दुल शूकर ग्राम शेरेगढ़ा थाना बालूमाथ निवासी से अपने घर से तेतरियाखांड कोलियरी जा रहा था। जहां नगड़ा ग्राम स्थित हनुमान मंदिर के समय मोटरसाइकिल सवार दो युवको ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। जिससे जसीम गंभीर रूप से घायल हो गया।

## मोटरसाईकिल से गिरकर तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर सोमवार की देर रात मोटरसाइकिल से गिरकर तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रवि उरांव 18 वर्ष पिता चंद्रदीप उरांव सचिन उरांव 20 वर्ष पिता रविंद्र उरांव, विमलेश लोहरा 20 वर्ष पिता कृष्णा लोहरा तीनों ग्राम नवादा मासिलोंग थाना हेरहंज निवासी मोटरसाइकिल से बालूमाथ ग्राम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान इचाक ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर एक मवेशी से टकरा गया और गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहां से गुजर रहे समाजसेवी शिव सिंह मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया । वही गंभीर रूप से घायल रवि उरांव की स्तिथि को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## ट्रेनों के ठहराव, अंडरपास की मांग को लेकर कन्हाई सिंह ने सांसद को सौंपा मांगपत्र

# कई समस्याओं से जूझ रहे है लोग: कन्हाई सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने मंगलवार को अपने समर्थकों से सांसद कालीचरण सिंह से मुलाकात कर धनबाद रेल मंडल अंतर्गत बरवाडीह, केचकी और मंगरा रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं के विस्तार, ट्रेनों के ठहराव और कई जगहों पर अंडरपास निर्माण कराने की मांग को लेकर एक मांगपत्र सौंपने का काम किया। मांगपत्र के माध्यम से कन्हाई सिंह ने सांसद को बताया कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से बुनियादी रेलवे सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इसके समाधान के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें छिपादोहर और बरवाडीह रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम कुचिला व नटवाबार टोला के पास (पोल संख्या 251/26-27) हेहेगड़ा और कुमंडीह रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम गुआ के पास (पोल संख्या 236/16-17) बरवाडीह और मंगरा रेलवे स्टेशन के बीच (पोल संख्या 262/33-34) केचकी और मंगरा रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम कंचनपुर के पास (पोल संख्या 269/17-18)। इन स्थानों पर रेलवे लाइन के दोनों ओर दर्जनों गांव बसे हुए हैं। ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को रेलवे लाइन पार करने में जानमाल के खतरे का सामना करना पड़ता है। कई बार इन स्थानों पर गंभीर दुर्घटनाएं भी घट चुकी हैं। क्षेत्रीय जनता ने इन स्थानों पर अंडरग्राउंड रेलवे क्रॉसिंग निर्माण की मांग की है। वहीं उन्होंने केचकी रेलवे स्टेशन में बरकाकाना -पटना एक्सप्रेस, बरवाडीह रेलवे स्टेशन में स्वर्णजयंती झारखंड एक्सप्रेस, संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस और हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस के साथ- साथ त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की। वहीं छिपादोहर रेलवे स्टेशन में बरकाकाना-पटना एक्सप्रेस) हावड़ा-शक्तिपुंज एक्सप्रेस आदि के ठहराव की मांग की। गौरतलब है कि कोविड महामारी के दौरान कई रेलगाड़ियों का संचालन बंद कर दिया गया था। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसद कालीचरण ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जनता को उम्मीद है कि इन मांगों पर सांसद द्वारा जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।


सांसद को मांगपत्र सौंपते जिप सदस्य कन्हाई सिंह ।

# मकर संक्रांति पर पलाश पतंग महोत्सव का किया गया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थल तातापानी गरम जलकुंड में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा पलाश पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व जिला खेल पदाधिकारी सह पर्यटन पदाधिकारी संजित कुमार ने किया। वहीं महोत्सव में प्रवेश निःशुल्क रखा गया था। लोगों के बीच लगभग 100 पतंग का वितरण किया गया। महोत्सव का उद्देश्य न केवल जिले के पर्यटन को बढ़ावा देना है। बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और परंपरा को प्रोत्साहन देना भी है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि क्षेत्रीय कला, संस्कृति और परंपरा को जानने और समझने का भी अवसर प्रदान करता है। महोत्सव में पर्यटन विभाग के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर महिला के लिए दो चेंजिंग रूम व पुरूष के लिए एक चेंजिंग रूम का व्यवस्था किया गया था। साथ ही एलईडी टीवी पर लातेहार के पर्यटक स्थल का मनमोहक दृश्य प्रकाशित किया जा रहा था। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर पतंग उड़ाने का लुफ्त उठाया। वहीं कार्यक्रम स्थल पर दो स्टॉल बनाए गए थे एक स्टॉल में पतंग वितरण किया जा रहा था वहीं दुसरी स्टॉल में कम किमत में फास्टफूड का व्यवस्था किया गया था। मौके पर एसडीपीओ अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दुलड चौड़े, एनआरपी प्रदीप कुमार, पर्यटन विशेषज्ञ अभिजित कुमार, विशाल कुमार, अशोक कुमार, मौजूद थे।





## आरएसएस ने मनाया मकर संक्रांति


मकर संक्रांति मनाते लोग।

**चंदवा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चंदवा खंड ने स्थानीय हाई स्कूल के खेल स्टेडियम के मैदान में शाखा लगाकर मकर संक्रांति उत्सव मनाया। मकर संक्रांति उत्सव में बौद्धिक कर्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नरेश प्रसाद शामिल हुए। उन्होंने अपने वक्तव्य के दौरान मकर संक्रांति के प्राचीन इतिहास का वर्णन किया वहीं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राजेश चंद्र पाण्डेय ने सनातन संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा की आज का दिन सनातन धर्म के लिए महपूर्ण दिन हैं आज भगवान सूर्य उतरायण होते हैं और आज से सभी मांगलिक कार्य शुरू किये जा सकते है। वहीं कार्यक्रम मे खंड कार्यवाह डॉ. अनिल ने शाखा लगाया, उसके बाद सभी ने चूड़ा, गुड़ और तिलकुट का आनंद लिया। कार्यक्रम में नरेंद्र अग्रवाल, गोविन्द अग्रवाल, जयेश वरु, रमण महतो, बबलू सोनी, अंकित कुमार, मोहिनीश कुमार, नमन वरु, सौरभ पाण्डेय समेत बड़ी संख्या मे बाल व तरुण स्वयंसेवक शामिल थे।

## एक नजर में

### मजदूरी के लिए जा रहा मजदूर रास्ते से लापता



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के अमरवाडीह फूलबसिया गांव के बिनोद गंझू पिता महादेव गंझू मजदूरी करने जा रहे थे लेकिन रास्ते से ही लापता हो गए हैं। लापता व्यक्ति की पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि मेरे पति गांव के कुछ अपने साथियों के साथ मजदूरी करने के लिए छत्तीसगढ़ निकले थे। अचनाक शनिवार शाम को उन्होंने फोन पर सूचना दिए कि हम घर वापस लौटकर आ रहे हैं। कुछ देर तक बात चीत हुई उसके बाद से उनका मोबाइल स्वीच ऑफ आ रहा है जिससे अनहोनी होने की आशंका हो रही है। सोमवार को अपने भतीजे मंजय गंझू के साथ थाना जाकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने की कोशिश किए लेकिन थाना में आवेदन भी स्वीकार नहीं की गयी। साथ ही बताया की गांव की गरीब व अशिक्षित महिला हूँ मेरे पति आर्थिक तंगी के कारण बाहर मेहनत मजदूरी कर भरण पोषण करने के लिए बाहर मजदूरी के लिए जा रहे थे। मेरे चार बबच्चे हैं। पति की लापता होने से पूरा परिवार परेशान हैं अब समझ मे नहीं आ रहा है जाये तो कहां जाएं और क्या करें। न मुझे प्रशासनिक की जानकारी है और न अन्य सहायता से सम्बंधित। पीड़ित महिला ने उपायुक्त व क्षेत्र के विधायक से पति को सकुशल वापस लाने की गुहार लगाई है।

### जरूरतमंदो के बीच किया गया कंबल का वितरण


कंबल देते समाजसेवी।

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा, कुशमाहा, बेसरा सहित विभिन्न टोला मुहल्ला मे ग्राम प्रधान दिलीप सिंह व समाज सेवी डब्लू सिंह के द्वारा असहाय व जरूरत मंदो के बिच कंबल वितरण किया गया। समाज सेवी डब्लू सिंह ने बातया की कड़ाके की ठंड को देखते हुए चतरा सांसद कालीचरण सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। जो सभी जरूरत मंदो को कंबल का वितरण किया जा रहा है। जिसे प्राथमिकता के अनुसार गरीब, असहाय, दिव्यांग वृद्ध के बीच सभी पंचायतों में वितरण किया जा रहा है। बढ़ते ठण्ड के अवसर पर कंबल पाकर लोगो ने अपनी खुशी व्यक्त कर सांसद कालीचरण सिंह को धन्यवाद दिया।

### ट्रक ऑनर एसो. के अध्यक्ष रंजन लाल ने कुम्भ की यात्रा के लिए उपलब्ध कराया नि:शुल्क बस

- चंदवा के सासंग से 50 श्रद्धालुओं का जत्था कुंभ की धार्मिक यात्रा के लिए किया प्रस्थान


रवाना होते श्रद्धालु।

**चंदवा।** लातेहार ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह क्षेत्र के समाजसेवी लाल रंजन नाथ शाहदेव के द्वारा नि :शुल्क सेवा देते हुए राजरथ बस से महाकुंभ यात्रा के लिए 50 से ज्यादा श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना किया। श्री शाहदेव ने कुंभ की धार्मिक यात्रा पर रवाना हो रहे श्रद्धालुओं को लड्डू खिलाकर सुखद यात्रा की कामना करते हुए बस को प्रस्थान किया। इस मौके पर लाल रंजन नाथ शाहदेव ने कहा कि इस क्षेत्र के सभी लोगो के लिए मैं एक पैर पर खड़ा हू और मैं इसी तरह से अपने क्षेत्र के लिए समाज सेवा करता रहूंगा। प्रयागराज में चलने वाला 45 दिन का महाकुंभ इस बार कई मायनो में काफी खास है। 144 वर्ष के बाद हम सभी के जीवन में यह संयोग आया है कि 12 कुम्भ पूर्ण होने के बाद लगने वाले महाकुंभ को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस मौके पर बिनेसर यादव, गुड्डू साहू, बंसी यादव, दिलीप सिंह, मनोज पांडे, मुकेश सोनी, बाली यादव, जयचंद सिंह, मुरारी सिंह, दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### समाजसेवी ने वन भोज कार्यक्रम का किया आयोजन


वन भोज में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के रांकीकला पंचायत अंतर्गत औरंगा नदी के तट पर दिन मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर समाजसेवी निर्दोष कुमार सतबरवा निवासी के द्वारा वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों गरीबों के लिए खिचड़ी, पूड़ी, बुंदिया, इत्यादि भोजन की व्यवस्था की गई थी। वही सभी लोगों ने वन भोज का मिलजुल कर आनंद लिया। मौके पर निर्दोष कुमार ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व प्रेम,शांति एवं सौहार्द का पर्व है और यह पर्व हमें आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षों से लगातार गरीबों के बीच सेवा करते आ रहा हूं, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर गरीबों के बीच वन भोज का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने कहा कि असहाय और जरूरतमंदों की सेवा करना ईश्वर के सेवा करने के बराबर है मेरा जीवन का उद्देश्य मानव सेवा है। वहीं इस आयोजन में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। मौके पर बिहारी प्रसाद,सतन जायसवाल, आनंद प्रसाद, लव विश्वकर्मा, विकास तिवारी, ऋतिक प्रसाद, प्रभु प्रसाद, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### छिपादोहर में अवैध लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ वन विभाग द्वारा चलाए गए छापेमारी अभियान में दो लकड़ी तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि सैदुप के आरएफ जंगल में अवैध रूप से लकड़ी की कटाई की जा रही है। इसी सूचना के आधार पर सोमवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान जंगल में अवैध रूप से काटी गई करम की लकड़ी (दो बोटा) को ठिकाने लगाने की कोशिश की जा रही थी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए तस्करों की पहचान छिपादोहर के हंसराज टोला निवासी बैजनाथ सिंह और राजनाथ सिंह (पिता नेमा सिंह) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों तस्कर आपस में भाई हैं। गिरफ्तार किए गए तस्करों को मंगलवार को लातेहार जेल भेज दिया गया। वहीं, जब्त की गई लकड़ी को छिपादोहर वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। इस अभियान में प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू के साथ वनपाल नवीन कुमार, वनरक्षी दिलीप कुमार, अभिषेक कुमार, अमर बड़ाइक और अन्य वनकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वन विभाग ने इस प्रकार के अवैध कार्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

# बरवाडीह में भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ मकर संक्रांति का त्यौहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र मकर संक्रांति का त्योहार मंगलवार को भक्तिमय माहौल में मनाया गया। सुबह से ही शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। पहाड़ी शिव मंदिर, पंचमुखी शिव मंदिर, आदिशक्ति महावीर मंदिर आदि में विशेष सजावट की गई थी। त्योहार की रौनक आसमान में भी दिखाई दी, जहां रंग-बिरंगी पतंगों ने आसमान को सजा दिया। इसके अलावा विभिन्न पर्यटक स्थलों पर भी मेले जैसे माहौल रहा। केचकी संगम, पलामू किला, बेतला नेशनल पार्क, कमलदह झील, पंपू कल और ततहा गर्म कुंड आदि में काफी संख्या में स्थानीय लोगों और सैलानियों की भीड़ रही।

# ततहा गर्म कुंड वार्षिक मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

- विधायक के सौजन्य से चूड़ा गुड़ और तिलकुट का किया गया वितरण

## ततहा गर्म कुंड ऐतिहासिक मेले में उमड़ी भीड़


चूड़ा गुड़ तिलकुट वितरण करते विधायक प्रतिनिधि।

ततहा गर्म कुंड में लगने वाले वार्षिक ऐतिहासिक मेला में काफी संख्या लोगों ने पहुंच कर मेले का लुत्फ उठाया। गर्म कुंड में आस्था की डुबकी लगाने के बाद लोगों ने पास ही शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा प्रसाद के रूप में चूड़ा, गुड़ और तिलकुट का वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव विजय बहादुर सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, जिप सदस्य संतोषी शेखर प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, मुखिया आशीष सिंह और पंचायत समिति सदस्य वीणा देवी आदि ने लोगों के बीच मकर संक्रांति का प्रसाद वितरण किया।

### जर्जर सड़क ने लोगों को किया परेशान

हालांकि, इस बार भी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को जर्जर सड़कों की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ा। बरवाडीह से ततहा मेले में जाने वाले लोग ऊबड़ खाबड़ सड़कों पर काफी आक्रोशित दिखाई दिए। लोगों ने केंद्र व राज्य सरकार से इस सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र कराने की मांग की।

## मकर संक्रांति पर माल्हनेश्वर धाम में लगा जतरा मेला


जतरा मेला के मौके पर मंचासीन अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- माल्हनेश्वर धाम को धार्मिक व पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने को लेकर लिखूंगा पत्र : जतरु मुंडा

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत माल्हन पहाड़ पर स्थित शिव माल्हनेश्वर धाम प्रांगण में मकर सक्रांति के अवसर पर मंगलवार को जतरा का अयोजन किया गया। जतरा का उद्घाटन मुख्य अतिथि माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने किया। श्री मुंडा ने कहा की माल्हनेश्वर धाम का आध्यात्मिक के साथ प्राकृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान है। यहां पर विगत पांच वर्षो से लगातार कमर संक्रांति पर जतरा मेला आयोजित कर इसे धार्मिक व पर्यटन रूप से विकसित करने को लेकर जिला प्रशासन को पत्र लिखकर आग्रह करूंगा। वहीं जतरा मेला में माल्हन, जमीरा, हुटाप, ढुमारो पंचायत के दर्जनो गांव के लोग सम्मिलित होकर जतरा का लुत्फ उठाया। इसके पूर्व जतरा समिति के द्वारा मुखिया जतरू मुंडा समेत अन्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीति रिवाज में किया गया। मौके पर राजकुमार तिर्की, धनेशर मुंडा, अबुल अंसारी, रामकिशुन गंझू, जयमंगल गंझु, रोहित तुरी, भीम गंझू, रोहित तुरी, अशोक तुरी, सुशील भगत, अनिल उरांव, रमेश मुंडा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## वाहन चालकों को दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

**गढ़वा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा के निर्देशानुसार मेराल प्रखंड में मेला में आये लोगों तथा वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया गया। जैसे बाइक चलाने वक्त हेलमेट का प्रयोग जरूर करें, कभी भी नाबालिग को वाहन चलाने की अनुमति ना दें, कभी भी गति सीमा को पार ना करें, रोड पर कभी भी क्रोधित होकर वाहन का प्रयोग न करें, वाहन चलाने वक्त गतिसीमा से बाहर ना जाएं, हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिटन योजना के बारे में भी जागरूक कर बताया कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें।
पदाधिकारियों ने सभी से अनुरोध किया कि कभी भी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को देखें तो निष्पक्ष होकर आगे बढ़कर दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को मदद करें या फिर नजदीकी अस्पताल में पहुंचा कर गुड सेमेरिटन बने। सभी लोगों के बीच रोड सेफ्टी हैण्डबुक और रोड सेफ्टी पम्पलेट वितरण किया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन संजय बैठा आदि उपस्थित थे।

## मुखिया ने रोजगार सेवक की बेरहमी से की पिटाई

**नवादा।** नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड के सहवाजपुर सराय पंचायत के मुखिया के विरूद्ध पंचायत रोजगार सेवक ने बेरहमी से पिटाई किए जाने को लेकर मंगलवार को थाने में आवेदन देकर न्याय की मांग की है। इस संदर्भ में रोजगार सेवक प्रवीण कुमार ने बताया कि मैं इन्दिरा आवास एवं मनरेगा के कार्य से पंचायत के गान्धी नगर गया हुआ था, जहाँ मुझे कुछ योजनाओं का सर्वे करना था। मेरे पहुँचने के पूर्व से हीं मुखिया राकेश कुमार अपने कुछ सहयोगियों के साथ वहाँ उपस्थित थे। मैंने अपना कार्य करना प्रारम्भ किया तो मुखिया द्वारा मुझे रोक दिया गया। मुखिया ने कहा कि तुम्हे अपने मन से कुछ नहीं करना है। मैं जो कहूँगा वही करना है। इसी बीच दोनो में तूं-तूं मैं-मैं होने लगा। दिए आवेदन मे रोजगार सेवक ने कहा कि मुखिया ने अपने सहयोगियों के साथ कमरे में बन्द कर मुझे बेरहमी से पिटाई की। मेरे गले में रहे मोफलर से मेरे गले को घोट कर मुझे जान से मारने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने अपने शरीर में पहनें कपड़े को उतार दिये। रोजगार सेवक प्रवीण कुमार ने प्रसाशन से न्याय की गुहार लगायी है।

## हाईवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**भागलपुर।** जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा के समीप मंगलवार को एक तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित हाईवा और मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार चालक भी तेज रफ्तार में था और उन्होंने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। टक्कर होते ही वह जमीन पर गिरा और उसकी मौत हो गई। उधर पुलिस मृतक की शिनाख्त में लगी हुई है।

### एक महीने तक चला स्कूली टूर्नामेंट संपन्न, डीसी एवं एसपी ने दिया पुरस्कार

# गोविंद हाई स्कूल, रामा साहू एवं शांति निवास बने चैंपियन

● खेल आज केवल मैदानों तक सीमित नहीं रहा बल्कि कैरियर का बड़ा आयाम बन गया है : उपायुक्त





खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** विगत एक माह से जिला मुख्यालय के गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में संचालित अंतर स्कूल टूर्नामेंट का समापन मंगलवार को हो गया। डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया एवं उनकी हौसला आफजाई की। सीनियर वर्ग के फाइनल मैच में गोविंद प्लस टू उवि ने ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल बेलचंपा को हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया। जूनियर वर्ग में रामा साहू हाई स्कूल ने ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल बेलचंपा को हराकर शील्ड अपने नाम किया। बालिका वर्ग में शांति निवास विद्यालय ने बीएनटी संत मैरी को हराकर शील्ड पर कब्जा किया।

जूनियर वर्ग एवं बालिका वर्ग का फाइनल मैच 13 जनवरी को संपन्न हो गया था। मंगलवार को फुटबॉल क्लब स्टेडियम में सीनियर वर्ग का फाइनल मैच सह पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि वे भी खिलाड़ी रह चुके हैं। आठ-आठ बार बैटमिंटन का नेशनल टूर्नामेंट खेलते वक्त उन्हें भी जमीन पर बैठना पड़ता था, इस कारण वह खिलाड़ियों का दर्द भी महसूस करते हैं। खेल आज केवल मैदानों तक सीमित नहीं रहा बल्कि कैरियर का बड़ा आयाम बन गया है। खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी तो मिलती ही है साथ में उन्हें पुरस्कार स्वरूप करोड़ों रुपए मिलते हैं। हाल ही में भारत का 18 वर्षीय डी गुकेश विश्व शतरंज का चैंपियन बना और उसे 9 करोड़ रुपए मिले। उसे सरकारी नौकरी भी मिलेगी। डीसी ने इसी तरह से खेल के क्षेत्र में सफल होने पर कई उदाहरण खिलाड़ियों को दिये। उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि 23 वर्षों से लगातार खेल की प्रतिभा निखारना आसान नहीं होता है। आज यही बच्चे भविष्य के कर्णधार निकलेंगे।

इस मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी एवं साचिव आनंद सिन्हा ने भी अपनी बातें रखी। मंच का संचालन टूर्नामेंट के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने किया। गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट कमेटी के प्रायः सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

## रामा साहू बना जूनियर वर्ग का चैंपियन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेली जा रही 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामासाहू की टीम ने ज्ञान निकेतन बेलचंपा को 34 रनों से हराकर पहली बार विजेता बना।

सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामासाहू की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कार्तिक के 33 और यगीज के 19 रन के सहयोग से 98 रन बनाए। ज्ञान निकेतन की ओर से उज्जवल ने तीन, फहीन ओर शहनवाज ने एक-एक विकेट लिये। 99 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन की टीम फहीन के 13 रन और नंदन के 20 रन के सहारे 64 रन ही बना पाई। सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामासाहू टीम की ओर से कार्तिक ने चार और रूपेश ने तीन विकेट लिये। मैच के पूर्व डीएफओ अंशुमान राजहंस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल व जीवन एक-दूसरे के पर्याय हैं। जीवन में खेल का बहुत महत्व है। खेल में हार-जीत होती है, पर हार हमें एक नई सीख देती है। जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कार्तिक को दिया गया।

मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, मनोज तिवारी, मनीष उपाध्यय, आकाश मनोज तिवारी, गोलु आदि उपस्थित थे।

## भगवान घाटी में पूर्व विधायक ने शहीद 30 बनिहार बेदी पर दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**केतार।** प्रखंड के भगवान घाटी में मंगलवार को 15वीं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही एवं भाजपाइयों ने बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। उसके बाद पूर्व विधायक ने शहीद बनिहारों के परिजनों को अंग वस्त्र एवं सैकड़ों गरीब, असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया।

मौके पर पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि आज बड़े-बड़े लोग भी अपने माता-पिता की पुण्यतिथि लगातार पंद्रह वर्षों तक नहीं मनाते हैं। लेकिन आपका बेटा भानू प्रताप शाही पंद्रह वर्षों से बनिहार बेदी पर आकर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव पर निशाना साधते हुए कहा कि बनिहारो के घर जाकर 14 जनवरी के बजाय 13 जनवरी को श्रद्धांजलि देकर गरीब मजदूरों का उपहास उड़ाने का कार्य किया है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार और अफसरशाही चरम सीमा पर है। मंईयां योजना के तहत महिलाओं को 2500 रु. देकर भइया से मोटरसाइकिल पकड़वाकर 5 हजार रुपए का चालान काट कर पैसा वसूला जा रहा है। मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, घुरन राम, पंकज सिंह, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, विक्रमा सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, मनोज पहाड़िया, मुखिया मूंगा साह, राजेश रजक, विजयालक्ष्मी, दयानंद भगत, कन्हाई प्रसाद, रवि पाल, राजू सिंह आदि उपस्थित थे।

## बाबा चांद राज पहाड़ी प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन

● चांद राज पहाड़ी के विकास के लिए वे कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे : विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत मुख्यालय स्थित बाबा चांद राज पहाड़ी के प्रांगण में मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिप अध्यक्ष शांति देवी, थाना प्रभारी आकाश कुमार, रमना मुखिया दुलारी देवी एवं सिलीदाग मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

मौके पर विधायक ने कहा कि बाबा चांद राज पहाड़ी पर्यटन एवं धार्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण स्थल है। इसका विकास उनकी प्राथमिकता है। वे जल्द ही मेला आयोजन समिति के साथ बैठकर इसके विकास के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।

विधायक ने कहा कि चांद राज पहाड़ी के विकास के लिए वे कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। ताहिर अंसारी ने कहा कि इलाके में पर्यटन क्षेत्र की असीम संभावनाएं हैं। यदि चांदराज पहाड़ी और जिरूआ जलाशय को पर्यटन क्षेत्र के रूप विकसित किया जाये तो रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को जिप अध्यक्ष शांति देवी, प्रमुख प्रतिनिधि अजीत सोनी, मुखिया दुलारी देवी, अनिता देवी और लल्लू राम ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन रामचंद्र राम ने किया। मौके पर अध्यक्ष मंतोष चंद्रवंशी, दिलीप ठाकुर, गोपाल प्रसाद गुप्ता, धनंजय गुप्ता, रोहित वर्मा, अनुज कुमार, बनारसी ठाकुर, वचनु व्यास, डॉ पारस नाथ, बबलू गुप्ता, सुदीप ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय नाई महासभा का नव वर्ष मिलन समारोह सह चिंतन शिविर 18 को : दशरथ ठाकुर



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय नाई महासभा गढ़वा जिला इकाई का नव वर्ष मिलन समारोह सह समाजिक चिंतन शिविर का आयोजन 18 जनवरी को 10 बजे दिन में स्टेशन रोड स्थित रामलला मंदिर परिसर में किया जाएगा। महासभा के गढ़वा जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी।

श्री ठाकुर ने बताया कि इस मिलन समारोह का उद्देश्य नए वर्ष में नाई बंधुओं का सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक गतिविधियों पर चिंतन करना है। महासचिव सतीश ठाकुर ने कहा कि हम सभी को चट्टानी एकता के साथ आगे बढ़ना होगा। संगठन मंत्री दिनेश कुमार ठाकुर ने कहा कि इस समारोह का उद्देश्य नाई समाज को एकजुट कर अंतिम व्यक्ति को सहयोग प्रदान करना है। समाज में मौजूद कुरीतियों को दूर करना है। इस समारोह में राष्ट्रीय नाई महासभा के राज्य स्तरीय कई पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त पदाधिकारियों ने जिले के नाई समाज के सभी लोगों से समारोह में भाग लेने की अपील की है। मौके पर मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी मनोज ठाकुर, श्यामसुंदर ठाकुर, सुनील ठाकुर आदि आदि लोग शामिल थे।

## सतबहिनी झरना तीर्थ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांडी।** मकर संक्रांति के अवसर पर सतबहिनी झरना तीर्थ में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। विश्रामपुर विधानसभा के विधायक सह मां सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह, सचिव मुरलीधर मिश्र, संयोजक प्रिय रंजन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो यह सुनिश्चित करते दिखे। सुबह में घना कोहरा छाया रहने के बावजूद सुबह से ही झरना घाटी में श्रद्धालु भक्तों का स्नान करने व सतबहिनी माता सहित अन्य मंदिरों में पूजा पाठ करने के लिए तांता लग गया था, जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी। वहीं मेला क्षेत्र में विभिन्न सामग्रियों का क्रय करने व खाने पीने के स्टॉल पर लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ती देखी गई। सतबहिनी झरना तीर्थ आने वाले दोनों तरफ के रास्तों पर गाड़ियां घंटों जाम में फंस रही थी, जिसके चलते सुरक्षा बलों व स्वयं सेवकों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिए थाना प्रभारी अविनाश राज के नेतृत्व में पुलिस की टीम तैनात थी। मेला क्षेत्र का निरीक्षण पुलिस इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने भी किया।

मौके पर कमिटी के सुदर्शन तिवारी, गोरखनाथ सिंह, वैद्यनाथ पाण्डेय, दिलीप कुमार पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# ग्रासिम सीएसआर ने की ज्वाय ऑफ गिविंग परियोजना की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** ग्रासिम सीएसआर के तत्वावधान में ज्वाय ऑफ गिविंग के रूप में मनाये जा रहे महीने की आधिकारिक शुरुआत आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेहला के प्रांगण में की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक नुरुल हक, महिला मंडल की सदस्यों आदि ने दीप प्रज्वलन के साथ की।

मौके पर इकाई प्रमुख श्री अवस्थी ने कहा कि हम अपने सामाजिक दायित्व के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं। जिससे समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने नए सत्र में सीएसआर के माध्यम से संचालित किए जाने वाले नए एवं कुछ अनूठे कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। उन कार्यक्रमों में दीदी की दुकान के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण, मोबाइल मेडिकल वाहन के द्वारा आसपास के क्षेत्र में लगातार मेडिकल कैंप की व्यवस्था, शिक्षा में गुणवत्ता एवं उत्थान हेतु स्कूलों में पुस्तकालय सुविधा एवं विशेष अभियान, क्षय रोग के उन्मूलन हेतु क्षय रोगियों के निरंतर मॉनिटरिंग के लिए आधुनिक सुविधायुक्त व्यवस्था, युवाओं के रोजगारपरक बनाने हेतु उन्हें विभिन्न विभिन्न प्रकार के कौशल विकास की गतिविधियों से जोड़ना आदि कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप में बताया।

उन्होंने बताया कि जॉय ऑफ गिविंग में 50 प्रतिशत की राशि कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों, महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा इकट्ठा की गई है, जो यह प्रदर्शित करता है कि सीएसआर के साथ-साथ पूरा ग्रासिम परिवार सामाजिक कार्यों के प्रति कितना सजग और संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि वैसे तो हम सालों भर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, लेकिन यह महीना विशेष इसीलिए है क्योंकि इसमें ग्रासिम परिवार के प्रत्येक सदस्य की भागीदारी हो रही है। उन्होंने बताया कि बांटने की खुशी सब खुशियों से ऊपर है। आज के ज्वाय ऑफ का गिविंग कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग डेढ़ सौ स्कूली बच्चों के बीच स्कूल किट, हाइजीन किट व खेल सामग्री का वितरण कर किया गया। इस आयोजन में आसपास के विद्यालय के बच्चे व उनके प्रधानाध्यापकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्याएं अनुपम मिश्रा, वंदना झा, प्रीति दास एवं निशा पाठक ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर ब्रजराज चौबे, राजेश चौबे, व्रज किशोर शुक्ला, शशि भूषण शुक्ला आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार ने किया।

## ससुराल आए युवक की संदिग्ध हालत में मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**अररिया।** गाजियाबाद से एक साल बाद फारबिसगंज स्थित ससुराल आए युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर डीएसपी मुकेश कुमार साहा, एसएचओ राघवेन्द्र कुमार सिंह सदल बल घटनास्थल पहुंच कर पीड़ित परिजनो से पूछताछ करते हुए मामले की तफ्तीश की। पुलिस ने प्रक्रिया के उपरांत शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। 22 वर्षीय मृत युवक का नाम दीपक कुमार साह पिता सुरेन्द्र साह बताया गया है, जो गाजियाबाद के धरा कॉलोनी में रह रहा था। उक्त घटना थाना क्षेत्र के किरकीचिया पंचायत क्षेत्र के सोनारपट्टी वार्ड संख्या एक की बताई गई है।

मृतक के ससुराल पक्ष के लोगों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व रीति रिवाज के साथ सोनारपट्टी निवासी टुनटुन साह की पुत्री आरती कुमारी के साथ बनमनखी निवासी दीपक के साथ उनकी शादी हुई थी। बीते एक साल से मृतक अपना घर छोड़कर गाजियाबाद चला गया था, जिसके बाद से पीड़िता बीते एक साल से अपने मायके में ही रह रही है। शादी के बाद कुछ दिनों तक ससुराल आना जाना था, जबकि गाजियाबाद जाने के एक साल तक वापस नहीं आया। इसी दौरान बीते तेरह जनवरी को एक साल बाद मृतक ससुराल आया। ससुराल पक्ष के लोगों का आरोप है कि मृतक नशे का सेवन कर रखा था। इस कारण रात में उसे अलग कमरा में सोने की व्यवस्था कर दिया गया, जिसके एक घंटा बाद अंदर से दरवाजा बंद देख घर के लोगों को संदेह हुआ, जिसके बाद बाहर से आवाज देने पर कुछ भी जवाब नहीं दिया। जिसके बाद सख्ती से दरवाजा खोला गया तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी है। जिसके बाद ससुराल वालों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई।

मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसी दौरान उसने आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है। उन्होंने शव की पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की जानकारी देते हुए मामले में आवेदन प्राप्त नहीं होने की बात कही। इस मौके पर पुलिस पदाधिकारियों के अलावा दारोगा अमरेन्द्र कुमार, राजा बाबू पासवान, अमित राज सहित पुलिस बल मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी बांग्लादेश में बैन



**मुंबई।** कंगना रनौत के निर्देशन में तैयार बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी बांग्लादेश में बैन कर दी गई है। भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा तनावपूर्ण संबंधों की वजह से पड़ोसी देश ने यह फैसला लिया। इमरजेंसी 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा भारत में घोषित इमरजेंसी पर आधारित है। बांग्लादेश में इमरजेंसी की स्क्रीनिंग रोकने का फैसला भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा तनावपूर्ण संबंधों से जुड़ा है।

### बिहार से अगवा बच्चा नेपाल में बरामद

**काठमांडू।** बिहार से अपहरण कर नेपाल में लाकर छुपाए गए 15 वर्षीय एक बालक को नेपाल पुलिस ने सकुशल मुक्त कर दिया है। इस अपहरण में शामिल होने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सलाहीं के डीएसपी दीपक श्रेष्ठ ने मंगलवार को सीतामढ़ीकी पुलिस ने बच्चे का अपहरण कर नेपाल में छिपाए जाने की जानकारी दी थी। छानबीन के बाद बच्चे को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त कराया गया।श्रेष्ठ ने बताया कि जब घर में छापामारी की गई तो वहां मौजूद तीन अपहर्ताओं को गिरफ्तार किया। इनमें से एक भारतीय नागरिक भी शामिल है।

### हिजबुल्लाह लड़ाके सीरिया में घुसे, झड़प

**दमिश्क।** सीरिया में असद परिवार के पांच दशक के शासन के अंत के बावजूद हालात में कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आ रहा। राष्ट्रपति बशर अल-असद को देश छोड़कर भागने के लिए मजबूर करने वाले इस्लामी उग्र समूह हयात तहरीर अल-शाम को अब लेबनान समर्थित हिजबुल्लाह के लड़ाकों से दो-चार होना पड़ रहा है। हिजबुल्लाह के लड़ाके सीरिया में घुसपैठ करने में कामयाब हो गए हैं।

### आतिशी ने कालकाजी से दाखिल किया नामांकन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से मंगलवार को नामांकन दाखिल किया। आतिशी ने नामांकन दाखिल करने के लिए सोमवार को लंबा रोड शो निकाला था, लेकिन देर होने की वजह से पर्चा नहीं भर पाई। उन्होंने कल रोड शो से पहले कालकाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की और गिरी नगर गुरुद्वारा में मत्था टेका था।

### मालदा में टीएमसी की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में मंगलवार को अपराधियों ने तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी और कालियाचक के तृंका ब्लॉक अध्यक्ष सहित दो अन्य को घायल कर दिया।कालियाचक ब्लॉक नंबर 1 के अंतर्गत नवादा जादूपुर में हमलावरों ने एक समूह पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जो सीवरेज और नयी सड़क की आधारशिला रखने में लगे थे। गोलीबारी में हसन शेख की मौत हो गई औरब्लॉक अध्यक्ष बकुल शेख तथा उनके एक सहयोगी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### खैबर पख्तूनख्वा में आठ आतंकवादी ढेर

खैबर पख्तूनख्वा । कस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने आठ आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया आईएसपीआर के अनुसार 12-13 जनवरी को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग घटनाओं में आठ आतंकवादी मारे गये।

# मकर संक्रांति पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## महाकुंभ में साढ़े तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया अमृत स्नान

**▸▸ सबसे पहले महानिर्वाणी अखाड़ा के संतों ने संगम में लगायी डुबकी**

एजेंसी

**महाकुंभ नगर।** पंचाक्षरी मंत्र की अनुगूंज, मधुर भजन स्वर लहरी, हर-हर गंगे और हर-हर महादेव के जयघोष के मध्य महाकुंभ के पहले अमृत (शाही) स्नान पर अखाड़ों और नागा संन्यासियों की अवधूती शान से मंगलवार को संगम पर सनातनी आस्था का वैभव मुखर हो उठा। उमंग-उत्साह के बीच बैरागी अखाड़ों के वैराग्य का रंग और नागा संन्यासियों का आकर्षण अलग अलौकिक आध्यात्म की अनुभूति करा रहा था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, शाम 6 बजे तक साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस बाबत जानकारी साझा की।

संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाला पहला अखाड़ा श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी अखाड़ा था। श्री शम्भू पंचायती अटल अखाड़े ने महानिवार्णी अखाड़े के साथ अमृत स्नान किया। महानिवार्णी अखाड़े ने 5.15 पर शिविर से प्रस्थान किया और निश्चित समय 6.15 पर संगम घाट पहुंचा। श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी अखाड़े के आचार्य रवीन्द्र पुरी जी महाराज एवं श्री महन्त यमुना पुरी जी महाराज की अगुवाई में अमृत स्नान किया। इनके साथ ही श्री शम्भू पंचायती अटल अखाड़े ने भी आचार्य सत्यम गिरी महाराज और महंन्त बलराम भारती गिरी की अगुवाई में शाही स्नान किया। सुबह 6 बजकर 15 मिनट से शुरू हुआ अखाड़ों का अमृत स्नान शाम 4.30 बजे तक जारी रहा। अमृत स्नान में दूसरे स्थान पर श्री तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा एवं श्री पंचायती अखाड़ा आनन्द के साधु-संतों ने पवित्र स्नान किया।

तीसरे स्थान पर तीन संन्यासी अखाड़े श्री पंचदशनाम जूना एवं श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा और श्री पंचाग्नि अखाड़े ने स्नान किया। तीन बैरागी अखाड़ों में सबसे पहले अखिल भारतीय श्री पंच निमोर्ही अनी अखाड़ा, अखिल भारतीय श्री पंच दिगम्बर अनी अखाड़ा, अखिल भारतीय श्री पंच निवार्णी अनी अखाड़ा के महंतो और साधु संतों ने अमृत स्नान किया। तीन उदासीन अखाड़ों में श्री पंचायती नया उदासीन अखाड़ा, इसके बाद श्री पंचायती अखाड़ा, नया उदासीन, निर्वाण के सतों ने अमृत स्नान किया। अंत में श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा के महंतों और साधु संतों ने अमृत स्नान किया। स्नान के लिए सभी 13 अखाड़ों को अलग-अलग 30-40 मिनट का समय दिया गया। पहले अमृत स्नान के दिन पवित्र संगम में शैव और वैष्णव मतों को मानने वाले साधु महंतों के अलावा लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई, लेकिन घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उम्मीद से ज्यादा रही। मेला प्रशासन की उम्मीद से बढ़कर श्रद्धालु महाकुंभ में पुण्य का भागी बनने आये। सर्वाधिक लोगों ने संगम नोज पर ही स्नान को प्राथमिकता दी। देर रात से ही संगम नोज पर भीड़ जुटने लगी। अनुमान के मुताबिक यहां हर घंटे तीन लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। संगम जाने वाले सभी मार्गों में 8 से 10 किमी लंबी श्रद्धालुओं की भीड़ है। दुनियाभर का मीडिया और 50 से ज्यादा देशों के श्रद्धालु संगम पर मौजूद हैं।



महाकुंभ में तीन अमृत स्नानमहाकुंभ के दौरान कुल छह स्नान आयोजित होंगे, जिनमें से तीन स्नान अमृत (शाही) स्नान होंगे, जिन्हें अखाड़े विशेष रूप से करते हैं। पहला अमृत स्नान मकर संक्रांति के दिन हुआ, दूसरा मौनी अमावस्या पर 29 जनवरी को और तीसरा वसंत पंचमी के दिन 3 फरवरी को होगा।

**40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगासागर में लगायी डुबकी**

कोलकाता। मकर संक्रांति स्नान के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु गंगासागर पहुंचे, जहां आस्था और भक्ति की लहरें उमड़ पड़ीं। मंगलवार शाम तक 40 लाख से अधिक श्रद्धालु गंगासागर संगम में पुण्य स्नान कर चुके हैं।



# भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करें वैज्ञानिक : मोदी

**प्रधानमंत्री ने भारत को जलवायु-स्मार्ट देश बनाने के लिए मिशन मौसम का किया शुभारंभ**

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारत मंडपम में भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में ह्यमिशन मौसमह्न का शुभारंभ किया किया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर आईएमडी विजन-2047 दस्तावेज और आईएमडी के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक जलवायु-स्मार्ट राष्ट्र बने, इसके लिए हमने ह्यमिशन मौसमह्य लांच किया है। मिशन मौसम् टिकाऊ भविष्य और भविष्य की तत्परता को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों से भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरत है और वैज्ञानिकों तथा शोधकर्ताओं को इस दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान में प्रगति से देश को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आईएमडी की स्थापना 15 जनवरी, 1875 को मकर संक्रांति के त्योहार के करीब हुई थी। हम सभी भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति के महत्व को जानते हैं। उन्होंने कहा, ह्मैं गुजरात से हूं, इसलिए मकर संक्रांति मेरा पसंदीदा त्योहार था। आज, पूरे गुजरात में लोग अपनी छतों पर पतंग उड़ा रहे हैं। वे पूरे दिन पतंग उड़ाने का आनंद लेते हैं। मैं भी पतंग उड़ाने का आनंद लेता था। उन्होंने कहा कि आज हम आईएमडी के 150 वर्ष सेलिब्रेट कर रहे हैं। ये केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, ये हमारे भारत में आधुनिक साइंस और टेक्नोलॉजी की भी यात्रा है। आईएमडी ने न केवल करोड़ों भारतीयों की सेवा की है।

### नारायणन ने इसरो के नये अध्यक्ष का संभाला कार्यभार




**चेन्नई।** प्रतिष्ठित वैज्ञानिक (एपेक्स ग्रेड) डॉ. वी नारायणन ने मंगलवार को अंतरिक्ष विभाग के सचिव, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष और इसरो के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इसरो ने एक्स पर लिखा कि यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन है। इसरो में लगभग चार दशकों के अनुभव के साथ, डॉ. नारायणन का नेतृत्व भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार है। वे डॉ. सोमनाथ का स्थान लेंगे। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इससे पहले डॉ. नारायणन ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) के निदेशक के रूप में कार्य किया था, जो इसरो के प्रमुख केंद्रों में से एक है।

# ट्रंप के शपथ से पहले गाजा में हो सकता है युद्धविराम

**अमेरिकी बंधकों की रिहाई पर समझौता अगले हफ्ते होने की संभावना**

एजेंसी



**दोहा।** गाजा में इजराइल और हमास के बीच लंबे समय से जारी युद्ध के थमने की संभावना बढ़ गई है। कतर की कोशिश है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले युद्धविराम समझौता लागू हो जाए। कतर ने दोनों पक्षों के सामने तैयार मसौदा प्रस्तुत किया है। इस पर अगले सप्ताह हस्ताक्षर होने की संभावना है। कतर ट्रिब्यून के अनुसार, अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने लुसैल पैलेस स्थित अपने कार्यालय में गाजा पट्टी में युद्धविराम वार्ता के लिए पहुंचे हमास के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। यह प्रतिनिधिमंडल डॉ. खलील अल के नेतृत्व में इनदिनों दोहा में है। अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने प्रतिनिधमंडल से युद्धविराम वार्ता की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इस बीच व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने सोमवार को वाशिंटन में कहा कि गाजा युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौता करीब है। इसे राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल के अंतिम सप्ताह में अंतिम रूप दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाइडेन ने रविवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की। वह इस मामले के मध्यस्थ कतर के अमीर से भी बातचीत करेंगे। सुलिवन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जल्द ही मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी से बातचीत करेंगे।

### लॉस एंजिल्स में आग से ऑस्कर नामांकन की घोषणा टली

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग के कारण 97वें ऑस्कर पुरस्कार के लिए नामांकन की घोषणा को लगभग एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज अकादमी ने कहा कि अब नामांकन की घोषणा 23 जनवरी को की जाएगी। यह घोषणा अकादमी की वेबसाइट पर सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने संयुक्त रूप से सोमवार को की। सीईओ क्रेमर और यांग ने कहा कि इस आग से लॉस एंजिल्स में भारी तबाही हुई है। अकादमी कठिनाई के समय में प्रभावित लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है। अकादमी ने महसूस किया है कि नामांकन की घोषणा की तारीख को आगे बढ़ाना आवश्यक है। अकादमी के कार्यकर्ता अग्रिम पंक्ति पर आगे आकर राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दावानल त्रासदी वजह से ऑस्कर नामांकन मतदान की अवधि 17 जनवरी शाम 5 बजे तक बढ़ा दी गई है।

# शेयर बाजार में गिरावट पर लगा विराम

## सेंसेक्स 169 और निफ्टी 90 अंक उछला

**▸▸ 4073 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, 2866 में लिवाली व 1097 में बिकवाली**

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों और राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत से पहले विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, कमोडिटीज, ऑटो, धातु और दूरसंचार समेत 17 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार में पिछले लगातार चार दिन से जारी गिरावट पर ब्रेक लग गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 169.62 अंक की तेजी के साथ 76,499.63 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 90.10 अंक चढ़कर 23,176.05 अंक हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.13 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,297.88 अंक और स्मॉलकैप 1.69 प्रतिशत उछलकर 51,396.19 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 4073 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2866 में लिवाली जबकि 1097 में बिकवाली हुई वहीं 110 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2117 कंपनियों में तेजी जबकि 700 में गिरावट रही वहीं 65 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीएसई में एफएमसीजी, आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी की 1.89 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 17 में तेजी का रुख रहा। इससे यूटिलिटीज 5.21, पावर 4.50, धातु 3.51, कमोडिटीज 2.34, सीडी 1.41, ऊर्जा 1.52, वित्तीय सेवाएं 1.70, हेल्थकेयर 1.05, इंडस्ट्रियल्स 1.93, दूरसंचार 2.54, ऑटो 2.07, बैंकिंग 1.22, कैपिटल गुड्स 1.65, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स



0.82, तेल एवं गैस 2.03, रियल्टी 0.82 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.26 प्रतिशत उछल गए।

विदेशी बाजरों का रुख सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.09, जर्मनी का डैक्स 0.62, हांगकांग का हैंगसेंग 1.83 और चीन का शंघाई कंपोजिट 2.54 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान के निक्केई में 1.83 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ 76,335.75 अंक पर लगभग सपाट खुला और यही इसका दिवस का निचला स्तर भी रहा। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 76,835.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 76,330.01 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत मजबूत होकर 76,499.63 अंक पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 80 अंक की तेजी लेकर 23,165.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,264.95 अंक के उच्चतम जबकि 23,134.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,085.95 अंक की तुलना में 0.39 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 23,176.05 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में अडानी पोर्ट्स 4.77, एनटीपीसी 4.22, टाटा स्टील 3.29, जोमैटो 2.93, टाटा मोटर्स 2.64, बजाज फाइनेंस 2.62, एसबीआई 2.54, बजाज फिनसर्व 2.25, इंडसइंड बैंक 2.08, मारुति 2.00, सन फार्मा 1.69, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.63, पावरग्रिड 1.60, एचडीएफसी बैंक 0.87, आईसीआईसीआई बैंक 0.77, कोटक बैंक 0.63, एक्सिस बैंक

### दिसंबर में थोक महंगाई दर बढ़कर 2.37 फीसदी

नयी दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को झटका लगने वाली खबर है। दिसंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई दर बढ़कर 2.37 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले नवंबर महीने में थोक महंगाई दर 1.89 फीसदी पर थी, जबकि अक्टूबर में यह 2.36 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि प्याज, आलू, अंडे, मांस-मछली और फलों की थोक में कीमतें बढ़ने की वजह से डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर दिसंबर में बढ़कर 2.37 फीसदी पर पहुंच गई है। डब्ल्यूपीआई आधारित महंगाई दर नवंबर 2024 में 1.89 फीसदी थी, जबकि दिसंबर, 2023 में यह 0.86 फीसदी रही थी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई दिसंबर, 2024 में घटकर 8.47 फीसदी रह गई। सब्जियों की महंगाई नवंबर में 28.57 फीसदी के मुकाबले दिसंबर में 28.65 फीसदी रही। आलू 93.20 फीसदी के उच्चतम स्तर पर बनी रही।

